


# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 06 अक्टूबर 2024
आश्विन शुक्ल 04 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 16
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### फर्जीवाड़े पर ट्राई का फिर चला डंडा, 18 लाख नंबरों को किया बंद

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने फर्जी कॉल्स और मैसेज पर नियंत्रण के लिए कड़े नियम लागू किए हैं। अब से यूजर्स को आने वाले फर्जी कॉल और मैसेज को ऑपरेटर स्तर पर ही ब्लॉक किया जाएगा। ट्राई ने स्कैमर्स के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए पिछले 45 दिनों में 18 लाख से अधिक मोबाइल नंबरों और 680 एंटिटीज को ब्लॉक करने की जानकारी साझा की है। ट्राई ने अपने एक्स हैंडल पर बताया कि सर्विस प्रोवाइडर्स को स्पैमर्स के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कारण पिछले 45 दिनों में 680 एंटिटीज को ब्लैक-लिस्ट किया गया और 18 लाख मोबाइल नंबरों की सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

### भाजपा नेता के ई-मेल अकाउंट से तीन कॉलेजों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

बेंगलुरु। यहां के तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों में बम होने की धमकी मिलने से सनसनी फैल गई। बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, एमएस रामैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और बैंगलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को धमकी भरा ईमेल आया था। रिपोर्ट के मुताबिक, धमकी भरे ईमेल तमिलनाडु यूनिट के बीजेपी नेता एस शेखर के अकाउंट से भेजे गए थे। शेखर लोकप्रिय अभिनेता और पूर्व विधायक भी हैं। ईमेल में दावा किया गया कि साजिश के हिस्से के रूप में चुनिंदा कॉलेजों में बम रखे गए हैं। इसमें आरोप लगाया गया कि ये धमकियां डीएमके से जुड़े जाफर सादिक के मामले से मीडिया का ध्यान हटाने के लिए हैं। तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक शंकर जिवाल पर इस ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए कोयंबटूर में पाकिस्तानी आईएसआई सेल का सहयोग करने का भी आरोप लगाया। ईमेल में कॉलेजों को निर्देश दिया गया कि वे इस खतरे को लेकर शेखर या तमिलनाडु के आईपीएस अधिकारी वी बालाकृष्णन की भागीदारी का जिक्र न करें।

### किसानों को मिली 20 हजार करोड़ की सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी कर दी है। इस बार पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम से 9.4 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपए की किस्त भेजी है। 18वीं किस्त के रूप में कुल 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई है। वहीं इस योजना के तहत महाराष्ट्र के 91.5 लाख किसानों को 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा का सीधा लाभ मिला है।

### पुलिस पर पथराव, 21 पुलिसवाले घायल

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती में शुक्रवार देर रात को नागपुरी गेट पुलिस स्टेशन पर पथराव हुआ। इसमें 21 पुलिसवाले घायल हुए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोडक़र स्थिति को संभाला। दरअसल, 29 सितंबर को गाजियाबाद में नरसिंहानंद महाराज ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ विवादित बयान दिया था। इससे गुस्साई भीड़ ने शुक्रवार देर रात पुलिसवालों पर पत्थरबाजी की। अमरावती पुलिस कमिश्नर नवीन चंद्र रेड्डी ने बताया कि रात करीब 8.15 बजे कुछ लोग नरसिंहानंद के खिलाफ केस दर्ज कराने नागपुरी गेट पुलिस स्टेशन आए।

## हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनाव के पोल ऑफ पोल्स

# हरियाणा के 13 एग्जिट पोल में कांग्रेस की वापसी; जम्मू-कश्मीर के 10 पोल में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार

नई दिल्ली। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 विधानसभा सीटों पर वोटिंग पूरी हो गई है। वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। उससे पहले एग्जिट पोल और उसके आधार पर पोल ऑफ पोल्स। दोनों राज्यों में सरकार बनाने के लिए 46 सीटें जरूरी हैं।

हरियाणा में भास्कर रिपोर्टर्स सर्वे के अलावा 12 सर्वे एजेंसियों ने एग्जिट पोल किए हैं। जम्मू-कश्मीर में भी भास्कर रिपोर्टर्स के अलावा 9 एजेंसियों ने एग्जिट पोल किया है। इन सबको मिलाकर पोल ऑफ पोल्स का हिसाब लगाया है।

पोल ऑफ पोल्स के मुताबिक, हरियाणा के 12 सर्वे में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही है। पार्टी को 56 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा बहुमत से काफी दूर 27 सीटों पर सिमट सकती है।

पोल ऑफ पोल्स के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के 10 पोल में 5 नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन की सरकार बना रहे हैं, जबकि 5 में वह बहुमत से 10 से 15 सीटें दूर दिख रही है। पार्टी को 40 सीटें मिलने का अनुमान है। भाजपा 30 सीटें ला सकती है। PDP और अन्य को 10-10 सीटें आएंगी।

हरियाणा एग्जिट पोल 2024

**पोल ऑफ पोल्स (हरियाणा)**

कुल सीट : 90 | बहुमत : 46

| सर्वे एजेंसी | N.D.A भाजपा+ | I.N.D.I.A कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 19-29 | 44-54 | 1-9 |
| टाइम्स नाउ | 22-32 | 50-64 | 2-8 |
| इंडिया टुडे-सी-वोटर्स | 20-28 | 50-58 | 10-14 |
| मनी कंट्रोल | 24 | 55 | 8 |
| एक्सिस माइ इंडिया | 18-28 | 53-65 | 0-8 |
| रिपब्लिक भारत-मैट्रिज | 18-24 | 55-62 | 1-11 |
| जिस्ट-टीआई रिसर्च | 29-37 | 45-53 | 0-6 |
| ध्रुव रिसर्च | 27-32 | 57-64 | 5-11 |
| सीएनएन 24 | 21 | 59 | 10 |
| पीपुल्स पल्स | 26 | 55 | 1-5 |
| डेटाअंश-रेड माइक | 20-25 | 50-55 | 0-4 |
| रिपब्लिक टीवी-पी-मार्क | 27-35 | 51-61 | 3-6 |
| न्यूज-24 चाणक्य | 18-24 | 55-62 | 2-5 |
| पोल ऑफ पोल्स | 26 | 57 | 7 |

एग्जिट पोल 2024

**पोल ऑफ पोल्स (जम्मू-कश्मीर)**

कुल सीट : 90 | बहुमत : 46

| सर्वे एजेंसी | भाजपा+ | नेशनल कॉन्फ्रेंस+ कांग्रेस | पीडीपी | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20-25 | 35-40 | 4-7 | 12-18 |
| इंडिया टुडे-सी-वोटर्स | 27-32 | 40-48 | 6-12 | 6-11 |
| एक्सिस माय इंडिया | 24-34 | 35-45 | 4-6 | 8-23 |
| मनी कंट्रोल | 27 | 41 | 7 | 15 |
| रिपब्लिक भारत-गुलिस्तान न्यूज | 28-30 | 31-36 | 5-7 | 8-16 |
| रिपब्लिक TV - पी मार्क | 28-30 | 31-36 | 5-7 | 8-16 |
| न्यूज 24-चाणक्य | 23-27 | 46-50 | 7-11 | 4-6 |
| पीपुल्स पल्स | 23-27 | 46-50 | 7-11 | 4-6 |
| इंडिया टीवी | 24-34 | 35-45 | 16-26 | 0-0 |
| टाइम्स नाउ | 28-30 | 31-36 | 5-7 | 8-16 |
| पोल ऑफ | 28 | 41 | 10 | 11 |

## कांग्रेस को लगता हैं अंग्रेज देकर गए इसलिए शासन हमेशा हमारा - पीएम मोदी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के वाशिम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि और पशुपालन से संबंधित कई पहलों का शुभारंभ किया। इसी दौरान पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त भी जारी की। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने कहा कि नवरात्रि के पावन मौके पर मुझे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करने का अवसर मिला। महाराष्ट्र की डबल इंजन सरकार यहां के किसानों को दोहरा लाभ दे रही है। पोहरादेवी के आशीर्वाद से मुझे अभी लाड़की बहन योजना की लाभार्थियों की मदद करने का मौका मिला है, यह योजना नारी शक्ति का सम्मान बढ़ा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश सरकार ने इस पूरे समुदाय को अपराधी घोषित कर दिया था, लेकिन आजादी के बाद बंजारा समुदाय की देखभाल करना और उन्हें उचित सम्मान देना देश की जिम्मेदारी थी। तब कांग्रेस की नीतियों ने समुदाय को मुख्यधारा से अलग रखा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जिस परिवार ने कांग्रेस पार्टी को संभाला,



उसकी मानसिकता शुरू से ही विदेशी थी। अंग्रेजी सरकार की तरह यह कांग्रेस परिवार भी दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को अपने बराबर नहीं समझता। उन्हें लगता है कि भारत पर सिर्फ एक ही परिवार का शासन होना चाहिए, क्योंकि यह अधिकार उन्हें अंग्रेज देकर गए थे।

पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र के किसानों ने कई दशकों से बहुत बड़ा संकट झेला है। विपक्ष पर वार कर उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सरकार ने किसानों को गरीब और बदहाल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जब तक महाअघाड़ी सरकार थी, उनके पास सिर्फ दो एजेंडे थे। पहला, किसानों से जुड़ी परियोजनाओं को रोकना और दूसरा, इन परियोजनाओं के पैसे से भ्रष्टाचार करना। हम केंद्र से परियोजनाओं के लिए पैसा भेजते थे, लेकिन उनके लोग पैसा खा जाते हैं। हर चुनाव से पहले झूठे वादे करना कांग्रेस का एजेंडा है।

### राहुल गांधी ने कोल्हापुर में शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण किया, बोले

## सिंधुदुर्ग में मूर्ति टूटी क्योंकि नीयत साफ नहीं थी

मुंबई । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लोगों को डराने और देश में संविधान को नष्ट करने के बाद शिवाजी महाराज के सामने झुकने का कोई फायदा नहीं है। वे कोल्हापुर में शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण करने पहुंचे थे। राहुल ने कहा कि नीयत दिख जाती है। उसे छिपा नहीं सकते। उन्होंने मूर्ति बनाई, जो कुछ दिन बाद टूट गई। उनकी नीयत गलत थी। शिवाजी महाराज की मूर्ति ने मैसेज दिया कि आप मूर्ति बनाओगे तो शिवाजी विचारधारा की रक्षा भी करनी पड़ेगी। इसके बाद वे संविधान सम्मेलन में शामिल हुए। जहां उन्होंने कहा कि आरक्षण से 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने के लिए



कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक कानून लेकर आएगी।

राहुल ने कहा कि शिवाजी महाराज ने देश दुनिया को क्या मैसेज दिया। सबसे पहले उन्होंने कहा था देश सबका है। सबको लेकर चलना है। अन्याय नहीं करना है। मगर हम सोचें कि इनकी सोच का आज कौन सा चिह्न है तो वो ये संविधान है। सीधा सा कनेक्शन है। जो शिवाजी महाराज ने कहा था, 21वीं सदी में उसका ट्रांसलेशन संविधान है। उनकी सोच से ही संविधान आया। अगर शिवाजी और शाहूजी महाराज जैसे लोग नहीं होते तो संविधान नहीं होता। राहुल बोले आज यहां मूर्ति का अनावरण कर रहे हैं। शिवाजी महाराज की। ये सिर्फ एक मूर्ति नहीं। मूर्ति जब बनाई जाती है जब हम किसी व्यक्ति की विचारधारा को, उनके कर्मों को दिल से समर्थन करते हैं। हम यहां आए और मूर्ति अनावरण कर दिया। और जो ये पूरी जिंदगी जिसके लिए लड़े, हम उसके लिए लड़ें तो मूर्ति का कोई मतलब ही नहीं। जिस तरीके से ये जिए, शायद हम न कर पाएं।

**देश में 2 विचारधाराओं की लड़ाई**

राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान में 2 विचारधाराओं की लड़ाई है। एक समानता की बात करती है, दूसरी लोगों को डराने-धमकाने की। दूसरी विचारधारा के खिलाफ आज कांग्रेस लड़ रही है। नीयत दिख जाती है। उसे छिपा नहीं सकते। उन्होंने मूर्ति बनाई और कुछ दिन बाद वो टूट गई। नीयत गलत थी। उसने मैसेज दिया कि आप मूर्ति बनाओगे तो उसकी विचारधारा की रक्षा करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वो मूर्ति के सामने जाकर हाथ जोड़ते हैं और फिर 24 घंटे शिवाजी महाराज की सोच के खिलाफ काम करते हैं।

## आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग मामले में 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर एनआईए ने की छापेमारी, 4 को हिरासत में लिया

नई दिल्ली। आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के मामले में नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (एनआईए) ने 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की है। महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में हुई कार्रवाई के दौरान एजेंसी ने 4 लोगों को हिरासत में लिया है,उनसे इस सबंध में पूछता की जा रही है। एनआईए को संदेह है कि इन लोगों का संबंध आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से हो सकता है। मालेगांव के एक होम्योपैथी क्लिनिक से 4 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के संदेह पर पूछताछ की जा रही है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में इकबाल भट नाम के व्यक्ति के यहां छापेमारी की गई है, जो टेरर फंडिंग के आरोपों का सामना कर रहा है। इसके अलावा, कश्मीर के अन्य स्थानों पर भी एनआईए की कार्रवाई जारी है। इससे पहले, 1 अक्टूबर को एनआईए ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में छापेमारी की थी। इन छापों में एनआईए ने दक्षिण 24 परगना, आसनसोल, हावड़ा, नदिया और कोलकाता में 11 जगहों पर संदिग्धों के घरों की तलाशी ली थी। ये संदिग्ध भाकपा (माओवादी) के सदस्य बताए जा रहे थे, जो नक्सली गतिविधियों को अंजाम देने में संगठन के कमांडरों की मदद कर रहे थे।

### पीएसी के सामने होगी माधबी बुच की पेशी

नई दिल्ली। बीते कुछ समय में मार्केट रेग्युलेटर सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच सुर्खियों में रही हैं। पहले अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने उनपर पर अडानी ग्रुप के साथ संबंध के गंभीर आरोप लगाए, तो इसके बाद वे कांग्रेस के निशाने पर आ गईं। अब सेबी चीफ से जुड़ी एक और बड़ी खबर आई है। दरअसल, माधबी बुच इसी महीने संसद की लोक लेखा समिति यानी पीएसी के सामने पेश होंगी। सेबी चीफ 24 अक्टूबर को संसद की लोक लेखा समिति के समक्ष पेश हो सकती हैं। पीएसी ने वित्त मंत्रालय, सेबी और ट्राई के टॉप लेवल अधिकारियों को तलब किया है।

## रतलाम में 3.5 करोड़ की एमडी ड्रग्स जप्त

रतलाम । रतलाम पुलिस ने अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है. इनके पास से 3.5 करोड रुपए की ड्रग्स और नशीला पदार्थ पुलिस ने जप्त किया है.आरोपियों के पास से 3 किलो एमडी ड्रग्स और 1.9 किलो डोडा चूरा बरामद किया गया है. जिसकी कीमत नारकोटिक्स विभाग ने 3.5 करोड रुपए बताई है.

रतलाम के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के अनुसार यह गिरोह मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में ड्रग्स सप्लाई का काम करता था. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इस गिरोह को गिरफ्तार किया है. यह तस्कर ताल क्षेत्र से ड्रग्स की बड़ी खेप मुंबई ले जाने की फिराक में थे. पुलिस ने सूचना के आधार पर ताल-नागदा रोड पर नाकेबंदी कर चारों आरोपियों को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद नदीम, उसकी पत्नी सबा, सुल्तान अहमद और सलमान मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। चारों मुंबई के निवासी हैं। चारों आरोपी ड्रग्स को मुंबई ले जाने की तैयारी कर रहे थे।मुखबिर की शिकायत पर इन्हें गिरफ्तार करने की सफलता पुलिस को मिली है।

## चुनावी दखल पर एलजी को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार,पूछे तीखे सवाल

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) की स्टैंडिंग कमिटी के छठे मेंबर के चुनाव में जल्दबाजी और चुनावी प्रक्रिया में दखल पर एलजी ऑफिस से सवाल किए। अदालत ने एलजी ऑफिस से कहा कि वह एमसीडी की स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन का चुनाव अभी न कराएं। सर्वोच्च अदालत ने पूछा कि आपको (एलजी ऑफिस) को चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की शक्ति कहां से मिलती है?

सुप्रीम कोर्ट ने एमसीडी की स्टैंडिंग कमिटी के छठे मेंबर के चुनाव में जल्दबाजी और चुनावी प्रक्रिया में दखल पर एलजी ऑफिस से सवाल किए। अदालत ने एलजी ऑफिस से कहा कि वह एमसीडी की स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन का चुनाव अभी न कराएं। कोर्ट ने कहा कि मेयर शैली ओबेरॉय ने छठे मेंबर के चुनाव को चुनौती दी है। याचिका पर सुनवाई होने तक चेयरमैन पद पर चुनाव न कराएं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि अगर चुनाव हुआ तो हम इसे गंभीरता से लेंगे। बेंच ने एलजी ऑफिस से दो हफ्ते में जवाब मांगा। मामले में अगली सुनवाई दशहरे के बाद होगी। 27 सितंबर को एमसीडी स्टैंडिंग कमिटी के छठे मेंबर का चुनाव हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ऐक्ट की धारा-487 के अधिकार का इस्तेमाल आपने (एलजी ऑफिस) किया तो इससे लोकतंत्र खतरे में आएगा। कोर्ट ने कहा, 'धारा 487 इग्जेक्युटिव पावर है। आपको (एलजी) चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की शक्ति कहां से मिलती है। यह विधायी कामों में हस्तक्षेप करने के लिए नहीं है। एक मेंबर का चुनाव है। आप इसी तरह हस्तक्षेप करते रहेंगे तो लोकतंत्र का क्या होगा?'

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के गुगलधार में लाइन ऑफ कंट्रोल पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। सेना और पुलिस ने दो आतंकियों को मार गिराया है। भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स ने बताया कि शुक्रवार को सेना और पुलिस को एक संदिग्ध एक्टिविटी दिखी। इसके बाद जॉइंट आपरेशन शुरू किया गया। इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी मारे गए। उनके पास से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद मिले हैं। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।

### चुनावी बॉन्ड स्कीम असंवैधानिक करार, सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार की मांग करने वाली याचिका की खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक करार देते हुए संविधान बेंच के फैसले की पुनर्विचार की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने एडवोकेट मैथ्यूज नेदुम्परा और अन्य की ओर से दायर पुनर्विचार याचिका खारिज की।

बेंच ने कहा, पुनर्विचार याचिकाओं का अवलोकन करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखाई देती। इसलिए पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज किया जाता है। 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द कर दिया था।

अदालत ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले में वित्त अधिनियम, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, कंपनी अधिनियम और आयकर अधिनियम में किए गए 2018 संशोधनों को खारिज कर दिया था। अदालत ने कहा था कि राजनीतिक दलों के वित्तपोषण के स्रोत के बारे में जानने का मौलिक अधिकार है। इस योजना ने उस अधिकार का उल्लंघन किया।

## अग्निवीरों को स्थाई नौकरी देगी सरकार, केंद्र ने सेना प्रमुखों से मांगा प्लान

नई दिल्ली। अग्निवीरों को सेना में स्थाई नौकरी देने के लिए केंद्र सरकार प्लान बना रही है। ये कैसे संभव होगा इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने तीनों सेना प्रमुख से विस्तृत प्लान मांगा है।

सूत्रों का कहना है कि कोरोना काल में सेनाओं में भर्ती नहीं होने के कारण तीनों सेनाओं में जवानों के पद रिक्त हैं इसलिए आने वाले दिनों में 25 फीसदी से ज्यादा अग्निवीरों को स्थायी किए जाने के मौके मिल सकते हैं। बता दें कि अग्निवीरों योजना को लेकर विपक्ष लगातार सरकार को निशाना बना रहा है। इसलिए सरकार पर भी इस योजना में सुधार का दबाव है। इस बीच सेना ने इस मुद्दे पर तीनों सेनाओं के साथ परामर्श भी शुरू किया है। चूंकि अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में कार्यमुक्त होगा, इसलिए सरकार के पास अग्निवीरों के स्थाईकरण की नीति में बदलाव के लिए पर्याप्त समय है।

हालांकि तीनों सेनाओं के भीतर इस मामले पर अभी गहन परामर्श की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन यदि रिक्तियों के आधार पर अग्निवीरों का स्थायीकरण होता है तो ज्यादा अग्निवीरों का स्थाई होना तय माना जा रहा है। वायुसेना प्रमुख एपी सिंह से इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि सरकार ने तीनों सेनाओं से इस बारे में पूछा है।

## मौत के बाद भी सरोगेसी के माध्यम से बच्चा पैदा करने पर कानूनी रोक नहीं- दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली। मृत व्यक्ति के स्पर्म से सरोगेसी से बच्चा पैदा करने पर कानूनी रोक नहीं है। इस आशय का फैसला दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया है। दरअसल, मामला ये था कि सर गंगाराम अस्पताल को एक मृत व्यक्ति के फ्रीज कराए गए स्पर्म को अस्पताल ने देने से इनकार कर दिया था। जब मामला अदालत में पहुंचा तो कोर्ट स्पर्म सौंपने का आदेश देते हुए साफ कहा कि इससे सरोगेसी से बच्चा पैदा करने पर कोई कानूनी रोक नहीं है।




इस मामले की शुरुआत कैंसर से पीड़ित बेटे की कीमोथेरेपी शुरू होने से पहले 2020 में उसके वीर्य के नमूने को फ्रीज करवाने से हुई थी। क्योंकि डॉक्टरों ने बताया था कि कैंसर के इलाज से बांझपन हो सकता है। इसलिए उनके बेटे ने जून 2020 में अस्पताल की आईवीएफ लैब में अपने स्पर्म को फ्रीज करने का फैसला किया था। जब मृतक के माता-पिता ने वीर्य का नमूना लेने के लिए अस्पताल से संपर्क किया तो अस्पताल ने कहा कि अदालत के उचित आदेश के बिना नमूना जारी नहीं किया जा सकता। अदालत ने 84 पेज के फैसले में कहा कि याचिका में संतान को जन्म देने से संबंधित कानूनी व नैतिक मुद्दों समेत कई महत्वपूर्ण मसले उठाए गए हैं। अदालत ने कहा, माता-पिता को अपने बेटे की अनुपस्थिति में पोते-पोती को जन्म देने का मौका मिल सकता है। ऐसे हालात में अदालत के सामने कानूनी मुद्दों के अलावा नैतिक, आचारिक और आध्यात्मिक मुद्दे भी होते हैं। मौत के बाद प्रजनन का मतलब एक या दोनों जैविक माता-पिता की मृत्यु के बाद सहायक प्रजनन तकनीक (सरोगेसी) का उपयोग करके गर्भधारण की प्रक्रिया से है। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह ने इस तरह के पहले निर्णय में कहा, वर्तमान भारतीय कानून के तहत, यदि स्पर्म या ऐग के मालिक की सहमति का सबूत पेश किया जाता है, तो उसकी मौत के बाद प्रजनन पर कोई रोक नहीं है।अदालत ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय इस निर्णय पर विचार करेगा कि क्या मौत के बाद प्रजनन या इससे संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए किसी कानून, अधिनियम या दिशा-निर्देश की आवश्यकता है।अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए सर गंगाराम अस्पताल को निर्देश दिया कि वह दंपती को उनके मृत अविवाहित बेटे के संरक्षित रखे गए स्पर्म उन्हें तत्काल प्रदान करें, ताकि सरोगेसी के माध्यम से उनका वंश आगे बढ़ सके।

# वृद्धजनों के नहीं बन रहे आयुष्मान कार्ड

## शासन ने जारी किया था 70 प्लस के कार्ड बनने की सूचना, अस्पतालों के काट रहे वृद्धजन चक्कर ,कहां नहीं बन रहे तो सुचना जारी करें स्वास्थ्य विभाग

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। बीते दिनों पहले ही आयुष्मान पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की गई थी कि अब 70 प्लस से अधिक के वृद्ध जनों के भी अब आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे और आयुष्मान योजना का लाभ वृद्धजनों को भी दिया जाएगा, इसके बाद वृद्धजनों में खुशी की लहर जाग उठी थी, किंतु कुछ दिनों से वृद्धजनों द्वारा जिला चिकित्सालय और संबंधित सेंट्रोरों के चक्कर काटे जा रहे हैं जहां उन्हें बताया जा रहा है कि अभी उनके कार्ड नहीं बन रहे , वह बाद में आए, इस प्रकार से वह बार-बार जिला चिकित्सालय के चक्कर काट कर, परेशान हो रहे हैं वृद्धजनों का कहना है कि यदि आयुष्मान कार्ड उनके नहीं बनाये जा रहे हैं तो संबंधित विभाग के द्वारा एडवाइजरी जारी कर सूचना दे दी जानी चाहिए कि अभी उनके कार्ड नहीं बनाये जा रहे हैं तो वह इस प्रकार से बार-बार अस्पताल तक नहीं पहुंचेंगे, किंतु विभाग द्वारा इस विषय में अभी तक किसी प्रकार की कोई सूचना जारी नहीं की गई है जिससे उनकी खुशी अब नाराजगी में बदल रही है।आपको बता दे की आयुष्मान योजना का लाभ 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी नागरिकों को दिए जाने की घोषणा सरकार ने की थी।, जिसको लेकर गत 27 सितंबर तक लिंक पोर्टल में दिखाई दे रही थी, लेकिन अब पोर्टल से लिंक को हटा दिए जाने से आयुष्मान कार्ड बनने की जो खुशी 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गो में थी, वह परेशानी में बदल गई है। रोजाना ही बुजुर्ग सीएससी, कियोस्क और जिला अस्पताल पहुंच रहे है। बुजुर्गो ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जो खुशी आयुष्मान कार्ड बनने की थी, वह खुशी अब परेशानी में बदल गई है। बुजुर्गो का कहना है कि जिस प्रकार पेपर में आयुष्मान कार्ड बनाने की घोषणा की गई थी, उसी प्रकार सरकार पेपर में कब से लिंक ओपन होगी, इसकी भी जानकारी दे दे तो बुजुर्गो को






रोज पता लगाने आने की परेशानी नहीं होगी। बुजुर्ग नाराज है कि उन्हें, आयुष्मान कार्ड बनाने की खुशी देने के बाद लिंक को हटा दिया गया है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस के दिन 70 प्लस के बुजुर्गो को पेपर से यह खुशखबरी मिली थी कि उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे, लेकिन अब पोर्टल से कार्ड बनाने की लिंक हटा दी गई है। जिससे बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड नहीं बन रहे है और कब से बनेंगे, इसकी भी कोई जानकारी नहीं है।

### सेंटरों के चक्कर काट कर परेशान हो रहे हैं-प्रकाश जवाहरानी

वृद्धजन प्रकाश जवाहरानी बताते हैं कि वह बीते कुछ दिनों से जिला चिकित्सालय और आयुष्मान कार्ड बनाने वाले सेंटरों के चक्कर काट रहे हैं और उन्हें जानकारी लगी थी कि अभी कुछ दिन पहले ही संबंधित विभाग के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर सूचना जारी की गई है इसके बाद से ही वह आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चक्कर काट रहे हैं किंतु देखा जा रहा है कि विभाग द्वारा उन्हें आजकल करके सिर्फ बार-बार बुलाया ही जा रहा है पर उनके कार्ड नहीं बन रहे हैं और वह बार-बार सेंट्रो के चक्कर काट काट कर परेशान हो रहे हैं वह विभाग से यही मांग कर रहे हैं कि यदि अभी उनके कार्ड नहीं बनाई जा रहे हैं तो उन्हें सूचना जारी कर बता दिया जाए कि अभी उनके कार्ड नहीं बन रहे हैं तो वह इस प्रकार परेशान नहीं होंगे।

### हमारे कार्ड अभी नहीं बनाई जा रहे हैं - रविशंकर शिवाले

वार्ड नंबर 26 निवासी रविशंकर शिवाले बताते हैं कि उन्हें मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई थी और उन्होंने अखबारों में भी यह पढ़ा था कि अब सरकार द्वारा 70 प्लस से अधिक आयु वाले वृद्ध जनों के भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे इसके बाद उन्हें काफी खुशी हो रही थी पर जैसे ही वहां आयुष्मान कार्ड बनाने वाले सेंटरों पर जा रहे हैं तो वहां उन्हें जानकारी मिल रही है कि उनके कार्ड अभी नहीं बनाये जा रहे हैं जिसके बाद से वह मायूस हो गए हैं।

### ये हितग्राहियों को किया था शामिल

इस योजना में 2011 के आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण के आधार आर्थिक रूप से कमजोर सभी परिवारों को, बीपीएल कार्डधारकों को, फ्री राशन प्राप्त करने वाले, प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राही, भवननिर्माण कर्मकार मंडल एवं राज्य सरकार की अनुशंसा पर हितग्राहियों को सम्मलित किया गया है।

### आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे है - राकेश ताम्रकार

सीएससी सेंटर के संचालक राकेश ताम्रकार ने बताया कि भारत सरकार की सबसे बड़ी स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत योजना में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष के अधिक सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल किया गया है। जिसे 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर लांच किया गया था। लेकिन 27 सितंबर से आयुष्मान पोर्टल पर अंडरट्रायल लिंक 2 अक्टूबर से हटा दी गई है। जिससे 70 प्लस आयु वर्ग वाले नागरिकों को आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे है। जिसके कारण वरिष्ठ नागरिक, कभी अस्पतालों, सीएससी, एमपीऑनलाईन सेंटरों के चक्कर लगा रहे है और परेशान हो रहे है। विगत कई महिनों से इसका प्रचार-प्रसार होने के कारण वरिष्ठ नागरिक इस सुविधा का लाभ लेने के लिए आयुष्मान भारत योजना कार्ड बनाने के लिए प्रतीक्षारत थे। आयुष्मान विभाग की हेल्पलाईन 14555 के माध्यम से जानकारी मिल रही है कि 4-5 दिन और इंतजार करना होगा सर्वर प्रोपर अपडेट होने के बाद पुनः लिंक प्रारंभ की जावेगी। वापस लौट रहे बुजुर्ग नगर में सबसे अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने वाली सीएससी सर्च इन्फोटेक के संचालक राकेश वर्मा ताम्रकार ने बताया गया कि प्रतिदिन लगभग 40-50 सीनियर सिटीजन सेंटर पहुंच रहे है, लेकिन सर्वर पर लिंक प्रारंभ नहीं होने के कारण कार्ड नहीं बनने से पात्र वरिष्ठ हितग्राही को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है।

# ब्रह्मकुमारी सेवा केन्द्र कटंगी में चैतन्य झांकी का हुआ शुभारंभ

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र कटंगी में शुक्रवार की शाम चैतन्य झांकी शुरुआत की गई. कतरकना रोड में शक्ति विद्या मंदिर के ठीक बगल में स्थापित सेवा केन्द्र में बालाघाट सेवा केन्द्र की संचालिका ब्रह्मकुमारी माधुरी बहन, जिला पंचायत सदस्य सभापति श्रीमती केसर बिसेन, थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया, संदीप शर्मा ने दीप प्रज्जवलित और पूजा अर्चना कर चैतन्य झांकी का शुभारंभ किया. इस दौरान वारासिवनी सेवा केन्द्र की ब्रह्माकुमारी उर्वशी बहन, कटंगी सेवा केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी उषा बहन और अन्य भाई-बहन मौजूद रहे. पहले दिन मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, और मां पार्वती के साथ ही गुफा के भीतर विराजी मां भवानी की चैतन्य झांकी जन आकर्षण का केन्द्र रही. ब्रह्मकुमारी उषा बहन ने बताया कि आगामी 07 दिनों तक प्रतिदिन शाम 07 बजे से चैतन्य झांकी की प्रदर्शनी रहेगी. जिसका धर्मप्रेमी दर्शन लाभ ले सकते है. चैतन्य झांकी के समक्ष सेवा केन्द्र से जुड़ी बच्चियों ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी. बता दें कि चैतन्य झांकी में देवियों का रूप धारण करने



वाली सभी बहनें प्रतिदिन राजयोग का अभ्यास करती है. जिसके चलते चैतन्य झांकी सभी को मंत्रमुग्ध कर सहर्ष ही सभी को अपनी ओर आकर्षित करती है. इस अवसर पर माधुरी बहन ने कहा कि नवरात्र पर्व मानव मन की आसुरी शक्ति पर परमात्मा द्वारा प्राप्त दिव्य गुणों की विजय का प्रतीक है. सहज ज्ञान राजयोग की साधना से हम परमात्मा शक्तियों को स्वयं में धारण कर सकते हैं. आप जो चैतन्य देवियों की झांकी देख रहे हैं, यह राजयोग का चमत्कार है. राजयोग द्वारा हम अपने मन को एकाग्र कर, परमात्मा से शक्तियां लेकर स्वयं में संचार कर सकते हैं. माधुरी बहन ने नवरात्रि से जुड़ी एक कहानी बताकर नवरात्रि के महत्व को भी बताया।

# सोनपुरी मे भक्ति भाव से हो रही है माता रानी की आराधना

किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान मंदिर सोनपुरी (किरनापुर) के प्रांगण में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व बड़े ही भक्तिभाव से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रोजाना धार्मिक कार्यक्रम व रंगारंग कार्यक्रमो का संचालन सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति सोनपुरी द्वारा किया जा रहा है। सुबह शाम आरती पूजन



कर दोपहर समय मे जस गायन कर मातारानी की आराधना की जा रही है तो नवरात्रि के अवसर पर 9 अक्टूबर को रात्रि में शानदार विशाल देवी जागरण हिंगलाज ग्रुप जबलपुर द्वारा गायक जूली सिंह (प्रयागराज)की शानदार भक्तिमय प्रस्तुति होंगी। इसी प्रकार अन्य कार्यक्रम निम्न प्रकार से आयोजित कार्यक्रम किए जाएंगे जिसमें दिनांक 7/10/2024 दिन सोमवार पंचमी को महाआरती एवं विशाल गरबा नृत्य दिनांक 9 अक्टूबर दिन बुधवार को विशाल देवी जागरण मां हिंगलाज जबलपुर (प्रयागराज) 11अक्टूबर दिन शुक्रवार को डांस कार्यक्रम 12/10/2024 को विशाल भंडारा एवं रावण दहन होगा आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर दुर्गा उत्सव समिती अध्यक्ष भूपेन्द्र अजीत, उपाध्यक्ष कमलेश चौधरी , सचिव चन्द्र प्रकाश (चन्दू) राहंगडाले, सचिव नन्दकिशोर पाँचे, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार बावनथड़े,सहसचिव अतुल उयके,संरक्षक मण्डल मे लिखनलाल कावरे ,बंटी अर्जुनवार, अरविंद वराडे योगेश ब्रम्हे,बाल कृष्ण अर्जुनवार, खुमेशचन्द्र अजीत, धर्मेन्द्र वराड़ हुकुमचंद सिल्हारे, पवन बिसेन ,सुनील कावरे, रवि अजीत, भरत भूते, मारोती मिसरेकर, लोकगीत कपूरचंद पांचे, गंगाराम निखाड़े ,श्रीराम नागफासे,चैनलाल उयकें ,किसनलाल उयके,मूर्ति प्रायोजक श्रीमती पुष्पलता लिखीराम कावरे , पंडा बाबा श्री तारेलाल पांचे, सिद्धार्थ वैद्य,विशेष सहयोग जगदीश निखाड़े, सदस्यगण मनीष कावरे, राधेश्याम इड्पाचे, मनोज भिमटे, प्रहलाद गोखले, किसेन्द्र पांचे ,नागेन्द्र हरिन्द्रवार, दुर्गेश चौधरी ,उज्वल हरिन्द्रवार, सौरभ सिलहारे,लोकेश गोखले, सौगात ब्रम्हे , शिवम् वराडे ,प्रिंस वराड़े,भाविक वराडे, समीर ब्रम्हे आकर्ष ब्रम्हे, आयुध ब्रम्हे, चिरंजीव अजीत, राजा कावरे, चन्द्रभान उसके, कार्तिक पांचे, भावेश किसान, रोहित निखाड़े, तपेश कावरे, कोहिनूर ब्रम्हे, हर्ष पाचे, प्रकाश सूजल नेवारे, महाकाल ग्रुप, बाल गणेश ग्रुप , भाई भाई ग्ररुप , रावण दहन व भंडारा समिती घनश्याम जांगड़े, प्रहलाद गोखले, पितम निखाड़े, राजकुमार साहे, राजकुमार निखाड़े,पूरन उयके,नारायण उइके, नरसू पाचे, रथिलाल पांचे , दामेन्द्र जांगडे, मुन्नालाल कावरे, सुन्दरलाल निखाड़े एवं अन्य ने आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील ग्रामीण जनों से की है।

# सर्व ईसाई महासभा कार्यकारिणी का पुनर्गठन संपन्न

## आशीष मरकाम, सरिता मरकाम और प्रवर ब्योहार को मिली संगठन की कमान

## शिक्षा, राजनीति सहित अन्य क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ाने का लिया गया फैसला

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज़ )। समाज संगठन को जोड़ने,सामाजिक एकता अखंडता को बनाए रखने, सभी को साथ लेकर चलने और शिक्षा व राजनीतिक सहित सभी क्षेत्रों में समाज के लोगों की भागीदारी बढ़कर नवराष्ट निर्माण में सहयोग करने के प्रमुख उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ईसाई समाज द्वारा मसीही जन संपर्क यात्रा का आयोजन किया गया है। यहां मसीही जनसंपर्क यात्रा इन दोनों बालाघाट प्रवास पर हैं। जिसके वरिष्ठ पदाधिकारियो द्वारा जिले भर में रह रहे मसीही समाज के लोगों से संपर्क कर उन्हें एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में सर्व मसीही जनसंपर्क यात्रा में शामिल सर्व ईसाई महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी ने बालाघाट नगर पहुंचकर सामाजिक बंधुओ से मुलाकात की, जिन्होंने सभी से चर्चा कर सर्व सहमति से सर्व ईसाई महासभा की जिला कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया है।वही सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को उनकी जिम्मेदारी सौंपकर नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।**

### नई कार्यकारिणी में इन्हें मिली संगठन की कमान

सर्व ईसाई महासभा की नई कार्यकारिणी में सभी की सहमति से आशीष सिंह मरकाम को सर्व ईसाई महासभा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है तो वही महिला विंग में सरिता सिंह मरकाम को महिला जिला अध्यक्ष की कमान सौपी गई है इसी तरह प्रवर ब्योहार को युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत कर अन्य पदाधिकारी को संगठन से जोड़कर नवीन कार्यकारिणी का गठन कर इसकी घोषणा की गई है। इसमें जिला अध्यक्ष आशीष सिंह मरकाम,जिला महासचिव राम प्रसाद साहू, जिला संयोजक, जोसेफ जॉन, शैलेंद् श्रीवास्तव, सहित अन्य का शमावेश है तो वही संगठन में जिला यूवा अध्यक्ष, प्रवर ब्योहार, सचिव, राहुल अडकने, कोषाध्यक्ष, सुमित रोडगे मीडिया प्रभारी संजय नागेश्वर, एवम अन्य, को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा नारी शक्ति को भी प्रथम बार बालाघाट जिले में कमेटी बनाई गई है,इसमें, सरिता सिंह मरकाम को अध्यक्ष, आसमा सरभांग को



उपाध्यक्ष,बनाकर अन्य को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन के दौरान सर्व ईसाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैरी पॉल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री विनोद चेंबर, प्रदेश सचिव एसटी वांग,प्रदेश महासचिव जैस्पर सरभांग, प्रदेश युवा संगठन मंत्री ट्रबलेश क्षत्रिय, प्रदेश सचिव विलसन नाथ, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अजय पीटर, और संजय नागेश्वर सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### सबको साथ लेकर काम करेंगे -मरकाम

संगठन के पुनर्गठन और अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर की गई चर्चा के दौरान सर्व ईसाई महासभा नव नियुक्त जिला अध्यक्ष आशीष सिंह मरकाम ने बताया कि जितने भी मसीही समाज के लोग हैं उनकी सामाजिक सुरक्षा हो, सामाजिक मजबूती हो, सभी को आत्मसम्मान मिले ,सभी में धार्मिक एकता पाई जाए, समाज के सभी दुखी लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहे। सभी एकता का परिचय दें यही संगठन का उद्देश्य है उनकी सेवा के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहेंगे। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग समाज संगठन से जुड़ सके। हम सबको साथ लेकर काम करेंगे।

### समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना है-सरभांग

वही संगठन प्रदेश महासचिव जैस्पर सरभांग ने बताया कि हमने जिले में दोबारा कार्यकारणी का गठन किया है। पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया गया है। नई समिति में चुने गए सभी पदाधिकारी को उनकी जिम्मेदारी दी गई है। संगठन का उद्देश्य है कि समाज के लोग हर क्षेत्र में आगे बढ़े और सभी के सहयोग से नवराष्ट्र के निर्माण में हमारा योगदान हो। उन्होंने बताया कि हमारा समाज काफी शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछड़ गया है जबकि मसीही समाज ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा काम किया है लेकिन हमारा समाज लगातार शैक्षणिक योगदान में पीछे हो रहा है हमारा उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोग उच्च शिक्षा प्राप्त करें तरक्की करें राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े इसके अलावा हर क्षेत्र में काम करें। इसलिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है यह कार्यकारिणी केवल बालाघाट ही नहीं बल्कि अन्य जिलों में भी गठित की जाएगी क्योंकि समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना है।

### सभी को एक प्लेटफार्म में लाने का प्रयास है-पॉल

वही बालाघाट आगमन को लेकर की गई चर्चा के दौरान सर्व ईसाई समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष जैरी पॉल ने बताया कि पूरे देश में मसीही जनसंपर्क यात्रा निकाली गई है समाज के लोगों से हम संपर्क कर रहे हैं उनका हाल-चाल पूछ कर उन्हें संगठन के बारे में बताया जा रहा है।सभी को एक प्लेटफार्म पर लाने का प्रयास है।सर्व मसीही समाज सभी धर्म को साथ लेकर एकता अखंडता भाईचारे की मिसाल कायम करेगा।

## //आम सूचना//

मैं मुकेश अग्रवाल अधिवक्ता सिविल कोर्ट वारासिवनी, तह. वारासिवनी जिला बालाघाट, आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार नेरश जैसवाल पिता स्व.श्री सीताराम जैसवाल, निवासी हनुमान चौक बालाघाट, तह. व जिला बालाघाट म.प्र की ओर से श्री सुरेश कुमार पिता स्व. श्री सीताराम जैसवाल एवं मेरे पक्षकार के भाई स्व0 महेश कुमार के वैधानिक उत्तराधिकारी अरविंद, सुचिता, कविता एवं स्व. श्रीमति एकता के पुत्र व अन्य वैधानिक वारसान एवं आम जनता को सूचित करता हूं कि बालाघाट शहर में प.ह.नं 13/2 रा.नि.नं. व तह. बालाघाट जिला बालाघाट में हनुमान चौक में स्थित खसरा नं. 352/3 रकबा 0.214 हे. आवासीय भूमि है जो जैसवाल भवन के नाम से जाना जाता है तथा इस सूचना पत्र में इसे ही विवादित भूमि के नाम से सम्बोधित किया जायेगा।

यह कि वादग्रस्त भूमि सीताराम जैसवाल की सम्पत्ति थी, किंतु प्रेमवश मेरे पक्षकार के जन्म के पूर्व विक्रय पत्र सुरेश व महेश के नाम से अवयस्क अवस्था में स्व0 सीताराम ने क्रय किया था किंतु मेरे पक्षकार के पिता स्व0 सीताराम जैसवाल ने सुरेश और महेश के अन्य वैधानिक वारसान की पूर्ण जानकारी में अपनी वादग्रस्त भूमि का एक विभाजन प्रलेख याद्दाश्त के लिये निष्पादित कर दिया था कि दिवाली 1988 में जबानी बटवारा किया जा चुका है और उसका स्मरण पत्र दिनांक 25/08/1989 को निष्पादित हुआ था जिस पर स्व0 सीताराम जैसवाल के सभी पुत्र और पुत्री के हस्ताक्षर है और इस पत्र को किसी न्यायालय द्वारा निरस्त नहीं किया और इसी बटवारे के आधार पर मेरे पक्षकार को वादग्रस्त भूमि के एक भूभाग करीब 90 × 90 वर्गफुट जिसमें तात्कालिक समय में वंसल इन्टरप्राइजेस, मुकेश रेडीमेड, नरेश जैसवाल के रेनाल्ड कार के दो शोरूम एवं महावीर जेन्टस पार्लर तथा उसके पीछे के उत्तर दिशा मैं आंगन तक का भूभाग प्राप्त हुआ था और इस भूमि का मेरा पक्षकार पूर्णतः एक अधिपत्यधारी है यह कि मेरा पक्षकार के पिता सीताराम जब जीवित थे तभी सुरेश,महेश एवं मेरे पक्षकार ने इसी वादग्रस्त सम्पत्ति के संबंध में बहुत से प्रकरण चले तभी सीताराम जैसवाल ने न्यायालय के संबंध में प्रकरण में शपथपत्र प्रस्तुत किया था और इस शपथ पत्र और बटवारे को सक्षम न्यायालय के द्वारा आज तक अवैध व शून्य घोषित नही किया गया है और किसी भी पक्ष ने आज तक मेरे पक्षकार के स्वामित्व को कोई चुनौती नहीं दी है इस कारण मेरा पक्षकार निर्विवादित रूप से अपने भाग का स्वामी हो चुका है।

अतः आपप्राप्तकर्ता एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि वादग्रस्त भूमि का कोई भी हस्तान्तरण प्रलेख मेरे पक्षकार की लिखित सहमति के बिना न करे और अन्य आम जनता भी वर्णित संपत्ति के संबंध में कोई प्रलेख निष्पादित ना कराये अन्यथा ऐसा विक्रय पत्र अवैध व शून्य होगा और मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा।

वास्ते आम सूचना प्रेषित है।

बालाघाट
दिनांक-05/10/2024

**प्रेषक**
**मुकेश अग्रवाल,अधिवक्ता**
**सिविल कोर्ट वारासिवनी**
**जिला बालाघाट**

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# आबादी 17 लाख : सिर्फ 09 जन औषधि केन्द्रः दवाइयों का भी टोटा...

## डिमांड भेजने के बाद भी समय पर नहीं मिल पाती हैं दवाइयां, बालाघाट नगर में महज 02 केंद्र के भरोसे चल रहा काम

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज़ )। आम लोगों को कम दर पर जेनरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के मकसद से प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र मप्र सहित सम्पूर्ण देश मे खोले गए हैं। लेकिन जिले में इस परियोजना के हाल बेहाल है।बात अगर बालाघाट नगर की करे तो करीब डेढ़ लाख की आबादी में पहले महज 1जन औषधि केंद्र था।जहा एक केंद्र हाल ही जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर समीप खोला गया है।इस तरह अब बालाघाट नगर में 02 जन ओषधि केंद्र हो गए है। वही बात अगर सम्पूर्ण बालाघाट जिले की करे तो जिले में करीब 17 लाख की आबादी के लिए महज 09 केन्द्र ही मुहैया कराए गए हैं। इन केन्द्रों में भी दवाइयों की कमी बनी हुई है। परिणाम स्वरूप जिस मंशा से इन केन्द्रों का संचालन शुरू किया गया है, वह पूरा नहीं हो पा रहा है। जिले की करीब 80 प्रतिशत आबादी अब भी इन केन्द्रों के लाभ से महरूम है। और वे निजी दवा दुकानों से महंगी दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर है।**

### जन औषधि केंद्र की स्थिति

सरकारी आकड़ो से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में महज 02 जन ओषधि केंद्र है। एक जन औषधि केंद्र जिला मुख्यालय में नावेल्टी हाउस रोड पर स्थित है। वहीं हाल ही में जिला अस्पताल के समीप एक केन्द्र खोला गया है।इनके अलावा तीसरा 100 किमी. दूर मलाजखंड में ताम्र परियोजना के अस्पताल में संचालित है। एक अन्य जगह पर संचालित हो रहा है। सरकारी जानकारी के अनुसार सहकारिता विभाग की ओर से भी जिले में 05 जन औषधी केन्द्र संचालित किए जा रहे है। लेकिन इनका संचालन कहा हो रहा इसकी जानकारी उनके पास भी नहीं है। इन केन्द्रों की जानकारी नहीं होने के कारण भी लोग सस्ती दर पर दवाइयां क्रय नहीं कर पा रहे हैं।

### कम दर में मिलती है दवाइयां

जानकारी के अनुसार जन औषधि केंद्रों में अन्य मेडिकल दुकानों की तुलना में 30 से 35 प्रतिशत कम दर में दवाइयां मिलती हैं। एक सामान्य मेडिकल दुकानों में मिलने वालीं दवाइयों की निर्माता कंपनी द्वारा लागू की जाने वाली एरिया मैनेजर, मेडिकल रिप्रजेंटेटिव, टूट-फूट की लागत औषधि केंद्रों में लागू नहीं होती। इस कारण एक मेडिकल दुकान में मिलने वाली सौ रुपए की दवाई इन केंद्रों में 30 से 35 रुपए में उपलब्ध होती हैं।

### इन दवाइयों की बनी है कमी

विभागीय जानकारी के अनुसार जिले में संचालित इन केन्द्रों में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, दर्द की जरूरी दवाइयों की कमी अक्सर बनी रहती है। आमजनों की माने तो जरूरी दवाइयों के लिए या तो सप्ताह भर से दस दिनों तक इंतजार करना पड़ता है या फिर आपात स्थिति में अन्य मेडिकल दुकानों से महंगी कीमत में दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं। केंद्र संचालक की मानें तो सबसे अधिक मांगी जाने वाली दवाइयों के लिए मांग भेजी जाती है, लेकिन पहली बार में दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाती। इसके लिए दो से तीन बार मांग भेजी जाती है। इससे ग्राहकों को परेशानी होती है।




### बड़े शहरों में हो रही सप्लाई

जिला मुख्यालय स्थित जन औषधिक केंद्र के संचालकों ने औपचारिक चर्चा में बताया कि उनके केंद्र में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां हैं, जो परियोजना के नियमों के तहत कम दाम में बेची जाती हैं। अन्य बड़े शहरों में बड़ी मात्रा में दवाइयों की कमी रहती है, इस कारण मंडला, सिवनी, जबलपुर, रायपुर जैसे शहरों के लोग बालाघाट से दवाइयां मंगाते हैं।

### हर चौथे दिन भेज रहे डिमांड

केंद्र संचालको ने आगे बताया कि केंद्र में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल कम करने, दर्दनाशक जेल जैसी दवाइयों की लंबे समय से उपलब्धता नहीं है, इसके लिए हर चौथे दिन डिमांड भेजी जाती है। अगर 120 दवाइयों की मांग भेजी जाती है, तो उसमें 60 से 70 दवाइयां ही उपलब्ध हो पाती हैं। बताया गया कि प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के तहत केंद्र को गुडगांव से दवाइयों की सप्लाई होती है, लेकिन बड़े शहरों में इसके वितरक भी हैं, जहां से वे सालों से दवाइयों को सप्लाई ले रहे हैं। मलाजखंड स्थित केंद्र में भी वितरक से दवाइयों की आपूर्ति की जाती है।

### इन दवाइयों की है लंबे समय से कमी

- टेलेसार्टन मेटाप्रोलाल 50 एमजी (ब्लड प्रेशर)
- ओल्मीसार्टन 20 एमजी (ब्लड प्रेशर)
- डायक्लोफैनिक जैल (दर्दनाशक)
- रासूवेटेटेन एस्प्रिन (खून पतला करने)
- विल्डा ग्लिप्टिन 50 एमजी मैटफार्मिन हाइड्रोक्लोराइड शुगर के लिए।

### नए केंद्र खुलने से मिलेगी राहत- पांडेय

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान जिला चिकित्सा एंव मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडेय ने बताया कि जिले में अभी चार व सहकारिता के कुल 9 जन औषधि केंद्र संचालित हैं, जिसमें जिला मुख्यालय स्थित केंद्र में निजी फार्मासिस्ट के पास लाइसेंस तो दूसरा केंद्र मलाजखंड ताम्र परियोजना प्रबंधन द्वारा उनके अस्पताल में संचालित होता है। जिला अस्पताल के सामने भी एक केन्द्र खुलवाया गया है। अक्सर समय पर दवाइयां उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आती हैं, लेकिन अभी तक विभाग के पास ऐसा मामला संज्ञान में नहीं है। आगामी समय में प्रत्येक ब्लॉक और सहकारी बैंकों के माध्यम से भी नए जन औषधि केंद्र खोलने की योजना है। इसके तहत जिले में नए केंद्र खोले जाएंगे। हालांकि, ये केंद्र कहां और कब तक शुरू होंगे, ये स्पष्ट नहीं है।



# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त किसानों के खातों में हुई अंतरित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वी क़िस्त का वितरण कार्यक्रम शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित किया गया। जिसका लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेड कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इसी कार्यक्रम के माध्यम से पीएम नरेन्द्र मोदी ने यह राशि अंतरित की। पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6000 की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। मप्र के अन्य जिलों की तुलना में बालाघाट जिले के सर्वाधिक किसान परिवार इस योजना से लाभांवित हो रहे हैं। जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि का भुगतान उनके खातों में किया गया। कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांकेतिक रूप से योजना से लाभान्वित जिले के किसानों को चेक प्रदान किये गए। जिसमें मस्तराम डहार, येवलाल कटरे, कृष्ण कुमार बिसेन, तेजराम पटले और धर्मेंद्र टेम्भरे को चेक प्रदान किये गए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 6000 रुपये एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 6000 रुपये इस प्रकार प्रतिवर्ष राशि 12,000 रुपये किसान परिवारों के खातों में जमा की जा रही है जिससे किसानो को आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है एवं किसानों के द्वारा मुश्किल समय में राशि का उपयोग किया जा रहा है। सांकेतिक रूप से सांसद श्रीमति भारती पारधी, नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर व कलेक्टर मृणाल मीना ने चैक प्रदान किये। इस दौरान अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, सडीएम गोपाल सोनी, एसएलआर श्रीमती स्मिता देशमुख व अन्य अधिकारी मौजूद रहें। वही जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष मौसम बिसेन मौजूद रहीं।



### तहसीलवार लाभान्वित किसान

पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा बालाघाट जिले के कुल 314731 किसानों को लाभान्वित किया गया है। तहसीलवार देखा जाए तो बैहर व बिरसा के 42,440 किसान, किरनापुर के 39066, लांजी के 38521, लालबर्रा के 35866, खैरलांजी के 33425, वारासिवनी के 33342, बालाघाट व लामता के 31394, परसवाड़ा के 20937, कटंगी के 20580 तथा तिरोड़ी तहसील के 19160 किसानो को योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है।

# शहर से निकलने वाले कचरे को नगर पालिका करवा रही रिसाईकिल

## 4 करोड़ की लागत से शहर का कचरा किया जाएगा रिसाईकिल ,बाहर की कंपनी कर रही काम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। शहर से निकलने वाले कचरे को नगर पालिका द्वारा रेंगाटोला स्थित डंपिंग यार्ड में एकत्रित किया जाता था जहां अब नगर पालिका एकत्रित हुए कचरे के डंप को रिसाईकिल करने का कार्य कर रही है जिसके लिए 4 करोड़ की लागत से बाहर की कंपनी द्वारा डंप हुए कचरे को मशीन के माध्यम से रिसाईकिल किया जा रहा है, जिससे कचरे में मौजूद प्लास्टिक ,पॉलीथिन और मिट्टी मशीन द्वारा अलग-अलग कर दी जाएगी, जिसे कंपनी द्वारा अलग अलग हुए इस पदार्थ को बाहर ले जाकर बेच दिया जाएगा और उपयुक्त मिट्टी से पुनः रेंगाटोला स्थित डंपिंग यार्ड को मैदान की तरह समतल कार्य करवाने की कार्य योजना नगर पालिका द्वारा तैयार की गई है जिसकी शुरुआत नगर पालिका द्वारा 5 अक्टूबर से कर दी गई है। आपको बता दे की रेंगाटोला कचरा पृथ्थकरण इकाई में टनो में संग्रहित कचरे का निष्पादन दिल्ली की कंपनी आयुषी हाइजिन केयर प्रायवेट लिमिटेड करेगी। दरअसल, दिल्ली की आयुषी हाइजिन केयर प्रायवेट लिमिटेड ने बालाघाट के टिचिंग ग्राउंड कचरा पृथ्थकरण केन्द्र में रखे कचरे के निष्पादन का ठेका लिया है। 04 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में कंपनी पूरी तरह से मैदान में रखे हजारों टन कचरे का निष्पादन करेगी। कंपनी को यह काम 06 महिने में करना है। कंपनी के मैनेजर और प्रोजेक्ट इंचार्ज रंजीत मिश्रा बताते है कि देश में कचरे की बड़ी समस्या पर पहली बार सरकार ने सोचा और पुराने कचरे के पहले निष्पादन की शुरूआत की। जिसका प्रोजेक्ट कंपनी को मिला है। 4 करोड़ के इस टेंडर में कंपनी, ग्राउंड में रखे, कचरे का निष्पादन करेगी। इससे निकलने वाले हैवी वेस्ट का अधिकार कंपनी को होगा। जिसको एमएसडब्ल्यु 2016 रूल के अनुसार आरडीएफ को पॉवर प्लांट, सीमेंट प्लांट, पीडब्ल्युडी में रोड बनाने और आर्गेनिक खेती के लिए कृषि सेक्टर में सप्लाई किया जाएगा।



### फुटबॉल के मैदान की तरह साफ दिखाई देगा डंपिंग यार्ड - भारती ठाकुर

नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने कहा कि लेगेसी वेस्ट ट्रिटमेंट प्लांट के रूप में नगरपालिका ने आगे कदम बढ़ाए है, ताकि टिचिंग ग्राउंड में हजारों टन पड़े कचरे का निष्पादन करवाया जाए। जिससे निकलने वाले हैवी वेस्ट को काम कर रही कंपनी, अपने माध्यम से सप्लाई करेगी। जिसके बाद यह मैदान फुटबॉल के मैदान की तरह साफ दिखाई देगा। इस दौरान उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, स्वास्थ्य विभाग सभापति संगीता कावरे, नोडल अधिकारी दीपक बिसेन, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी सूर्यप्रकाश उईके सहित अन्य नगरपालिका का प्रशासनिक अमला उपस्थित था।



### इसके पहले भी नगर पालिका ने किया है प्रयास

जिस प्रकार से नगर पालिका द्वारा इस बार कचरे को पृथक कर डंपिंग यार्ड को समतल करने की बात कहीं जा रही है इसको लेकर इसके पहले भी नगर पालिका द्वारा लाखों रुपए की लागत लगाकर रेंगाटोला स्थित डंपिंग यार्ड को समतल करने के लिए काम किया गया है और अनेको बार यहां बाहर की कंपनी द्वारा जाकर निरीक्षण कर कचरे को कैसे डीकंपोज किया जा सके इसके लिए प्रयास किए गए हैं, किंतु अभी तक रेंगाटोला स्थित डंपिंग याड में कचरे को डीकंपोज नहीं किया जा सका है और फिर एक बार नगर पालिका द्वारा डंप कचरे को पृथक करने की प्रक्रिया मशीन से करवाई जा रही है अब देखना होगा कि नगर पालिका द्वारा किए जा रहे प्रयास कितने सफल होते हैं जबकि इस बार नगर पालिका द्वारा 4 करोड़ की लागत से बाहर की कंपनी मशीन के माध्यम से कचरे को पृथक पृथक कर प्लास्टिक, पॉलीथिन और मिट्टी को बेचने की बात कही जा रही है अब यह थीम कितनी सार्थक होती है यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत हो रहे विभिन्न कार्यक्रम

## मगरदर्रा स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन, स्कूली बच्चों को वन एंव वन्य प्राणी संरक्षण की दी गई जानकारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी वन विभाग द्वारा 01 से 07 अक्टूबर तक वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। इस सुरक्षा सप्ताह के तहत वन विभाग अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर लोगों को वन और वन्य प्राणी संरक्षण,के साथ साथ पर्यावरण सुरक्षा, वनों और वन्य प्राणियों के संरक्षण की विभिन्न जानकारियां से अवगत कराया जा रहा है जिसके तहत जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्तर वन मंडल सामान्य लामता परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामो वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह का आयोजन कर स्कूली बच्चों, समिति पदाधिकारियो, सदस्यों, और विभिन्न गांव के ग्रामीणों को विभिन्न जानकारियां से अवगत कराया जा रहा है। इसी कड़ी में डीएफओ अभिनव पल्लव, एसडीओ प्रशांत शाकरे, रेंजर शिवपुरी गोस्वामी के निर्देशन में शनिवार को वन परिक्षेत्र मगरदर्रा स्थित शासकीय हाई स्कूल मगरदर्रा में स्कूल बच्चों को वन्य प्राणी सुरक्षा, वनों की रक्षा और पर्यावरण की जानकारी से अवगत कराया गया। तो वहीं स्कूली बच्चों के बीच वन्य प्राणी संरक्षण को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जहां प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विभिन्न बच्चों को वन विभाग अधिकारियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान लामता उत्तर सामान्य वन मंडल के मगरदर्रा परिक्षेत्र सहायक रूपसिंह परते, वन रक्षक रजत कुमार बोपचे, वन रक्षक आशीष नेहर ,वन रक्षक यश भैरम, स्थाई कर्मी मंगल प्रसाद एडे, सरपंचफूलचंद चौधरी, स्कूल के प्राचार्य अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं व स्कूली बच्चे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




### रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों के किया जा रहे आयोजन- परते

आयोजित कार्यक्रम को लेकर की गई चर्चा के दौरान वन परिक्षेत्र सहायक अधिकारी रूप सिंह परते ने बताया कि प्रतिवर्ष1 से 7 अक्टूबर तक, संपूर्ण मध्य प्रदेश में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के रूप में मनाया जाता है और विभिन्न गतिविधियों की जाती है इसी तारतम में उत्तर वन मंडल सामान्य लामता के अंतर्गत आने वाले परिक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह का आयोजन कर स्कूली बच्चों, स्थानीय ग्रामीण और समिति के पदाधिकारी सदस्यों को विभिन्न जानकारियो से अवगत कराया जा रहा है इसके तहत शुक्रवार को अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा वाहन रैली निकालकर वन एवम वन्य प्राणियों की सुरक्षा का संदेश दिया गया। साथ ही शासकीय हाई स्कूल मगरदर्रा में वन एवम वन्य प्राणी के संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र छात्राओ को वनों के प्रति जागरूक कर वनों को बचाने हेतु नारे लगाए गए। वनों एवम वन्य प्राणियों का संरक्षण अपने आने वाले भविष्य के लिए बहुत जरूरी है इनका संरक्षण ही जीवन है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इसके अलावा गांव-गांव में बैठक का आयोजन कर ग्रामीणों को वनों के प्रति जागरूक कर उन्हें शपथ दिलाई जा रही है। रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हो रहे हैं। जिसका समापन 7 अक्टूबर को किया जाएगा।

# म0प्र0 राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना आज

## 17 अक्टूबर को भोपाल में धरना प्रदर्शन की बनाई जाएगी रणनीति

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। म0प्र0 राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस 6 अक्टूबर दिन रविवार को सरस्वती उच्च0 मा0 विद्यालय बालाघाट के प्रांगण में मनाया जावेगा।इस अवसर पर संगठन के पूर्व जिला अध्यक्षों का सम्मान किया जावेगा।तो वही कर्मचारियों की जिला स्तर की समस्याओं पर चर्चा की जावेगी वही समस्याओं के निराकरण के लिए संघ की रणनीति तैयार की जाएगी।कार्यक्रम में सभी ब्लाक, तहसील, जिला स्तर के पदाधिकारी/विभागीय समितियों के पदाधिकारी एवं जिले भर के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहेगे साथ ही दिनांक 17 अक्टूबर को प्रान्तीय आव्हान पर राजधानी भोपाल में कर्मचारियों की लम्बित मांगों के समर्थन में आयोजित धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।वही जिले में म0प्र0राज्य कर्मचारी संघ के सदस्यता अभियान का प्रारंभ किया जाएगा।उक्तशय की जानकारी देते हुए म0प्र0 राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अशोक बिसेन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में

### जिले भर में 25 प्रतिशत कर्मचारियों को सदस्य

बनाने के लक्ष्य को हॉसिल करने के लिए रणनीति तैयार की जावेगी।उन्होंने बताया कि17 अक्टूबर 1978 को म0प्र0 राज्य कर्मचारी संघ की स्थापना हुई थी।प्रदेश के द्वितीय श्रेणी अधिकारियों, तृतीय एंव चतुर्थ श्रेणी शासकीय कर्मचारियों का प्रदेश का एक मात्र संगठन है जो विश्व के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ का सहयोगी एवं राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी संघ से संबंध है । उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संगठन के सभी पदाधिकारियो सदस्यो व कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सजीव प्रसार कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव में भी हुआ आयोजित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सजीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव में भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी की गई। जिसमें 9.4 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 20 हजार करो ? की राशि का स्थानांतरण किया गया। जिसमें प्रत्येक के परिवार के खाते में 2-2 हजार रूपयें की राशि जमा की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी देश के करोड़ों किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा ट्रांसफर हो गया। आज मुझे महाराष्ट्र के वासिमकी धरती से देश के 9.4 करोड़ से भी ज्यादा किसानों के खातों में राशि पहुंचाने का सौभाग्य मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरा संकल्प है कि हर भारतवासी के सम्मान के लिए, हर भारतवासी की सुरक्षा, हर भारतवासी की समृद्धि के लिए, भारतवासी को सुख-शांति की जिंदगी कैसे मिले, हर किसी का कल्याण करने के लिए जितना काम कर सकूँ।जन समस्याओं को पहले स्थाई मान लिया गया था, हम उसके स्थाई समाधान देने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान इसकी आत्मा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसान हितेषी हैं किसानों के हक में फैसलें लिये जा रहे हैं विभिन्न फसलों की 109 नयी प्रजातियां विकसित की गयी। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. रमेश अमूले के द्वारा रबी मौसम में लगायी जाने वाली फसलों की उत्पादन तकनीक की विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र की हल्दी बीज उत्पादन इकाई, मषरूम, प्राकृतिक खेती प्रदर्शन इकाई, कीचन गार्डन, औषधीय प्रदर्षन ईकाईयों का कृषकों को भ्रमण करवाया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में केन्द्र के धर्मेन्द्र आगाशे (मौसम वैज्ञानिक), अंजना गुप्ता, जितेन्द्र नगपुरे, अन्नपूर्णा शर्मा तथा आत्मा परियोजना किरनापुर के तकनीकी प्रबंधकडॉ. जगदीष कटारिया, आत्मा परियोजना लांजी के तकनीकी प्रबंधक विनय उइके तथा आसपास के ग्रामों के करीब 93 कृषकों तथा महिला कृषकों ने भाग लिया।



# पनबिहरी माँ शीतला माता मंदिर से निकलेगी 1100 फीट की चुनरी यात्रा 8 को

## मंदिर में ६६ कलश प्रज्वलित और जवारे बोकर भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा शारदेय नवरात्र पर्व




लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी स्थित माँ शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भक्तिभाव के साथ शारदेय नवरात्रा पर्व मनाया जा रहा है। शारदेय नवरात्र पर्व के प्रथम दिन गत ३ अक्टूबर को शुभ मुहुर्त में पंडित के द्वारा विधि-विधान से पूजन अर्चन कर मंदिर के कलश कक्ष में ६६ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित व जवारे बोकर माता रानी की आराधना की जा रही है। साथ ही शारदेय नवरात्र पर्व के पष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर से ८ अक्टूबर को दोपहर ३ बजे ११०० फीट की भव्य चुनरी यात्रा निकाली जायेगी और यह चुनरी यात्रा ग्राम पनबिहरी होते हुए बकोड़ा स्थित माँ कात्यायनी मंदिर पहुंचेगी जहां माता-रानी की पूजा अर्चना कर चुनरी भेंट की जायेगी। जिसके बाद यह चुनरी यात्रा वापस पनबिहरी के माँ शीतला माता मंदिर पहुंचेगी जहां शाम ७ बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत पनबिहरी स्थित माँ शीलता माता मंदिर की स्थापना आज से ८० वर्ष पूर्व हुआ है जिस समय क्षेत्र में महामारी बीमारी मलेरिया सहित अन्य बीमारी आई थी लोग परेशान थे एवं उनकी मृत्यु हो रही थी। उस समय जिस स्थान पर मंदिर है वह एक ग्रामीण ने आस्था के साथ सील पत्थर रखा था ताकि यह महामारी बीमारी दूर हो सके। उसके बाद उसी पत्थर पर माँ शीतल माता ने रूप धारण की थी। जिसके बाद से ग्रामीणजन उस मूर्ति को माँ शीलता माता का नाम देकर मंदिर का निर्माण किया गया और आज यह माँ शीतला माता ग्राम की कुलदेवी कहलाती है। वहीं ग्रामीणजन शुभ कार्य करने के पहले मंदिर में पहुंचकर माँ शीतला माता की पूजा अर्चना करते है और जो श्रध्दालु सज्चे मन से पूजा अर्चना करता है उसकी मनोकामना भी पूरी होती है। इसी आस्था के साथ क्षेत्र सहित अन्य जिले के श्रध्दालुजन माँ शीतला माता मंदिर पनबिहरी पहुंचकर पूजा अर्चना कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। चर्चा में शीतला माता मंदिर के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर में गत दिवस कलश एवं जवारे बोकर नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है और शारदेय नवरात्र पर्व के षष्टमी के अवसर पर पनबिहरी स्थित मॉ शीतला माता मंदिर से मॉ कात्यायनी मंदिर बकोड़ा तक ११०० फीट की चुनरी यात्रा ८ अक्टूबर को दोपहर ३ बजे निकाली जायेगी। जो पनबिहरी, लालबर्रा, मानपुर होते हुए बकोड़ा स्थित माँ कात्यायनी मंदिर पहुंचेगी जहां माता-रानी की पूजा-अर्चना कर चुनरी भेंट की जायेगी एवं शाम ७ बजे माँ शीलता माता मंदिर पनबिहरी में भंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय श्रध्दालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील पनबिहरी सरपंच विरेन्द्र बनवाले, उपसरपंच मुकेश देशमुख, गोलू ब्रम्हे सहित चुनरी यात्रा समिति के पदाधिकारियों ने की है।

### सच्चे मन से पूजा करने पर सभी की मनोकामना होती है पूरी - विरेन्द्र

पनबिहरी सरपंच, माँ शीतला माता मंदिर संरक्षक विरेन्द्र बनवाले ने बताया कि गांव की कुलदेवी माँ शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ३ अक्टूबर को ६६ मनोकामना कलश प्रज्वलित एवं जवारे बोकर शारदेय नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है और माता-रानी की आराधना करने के साथ ही रोजाना जस गायन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है जिससे पूरा ग्राम भक्तिमय हो गया है। श्री बनवाले ने बताया कि माँ शीलता माता मंदिर की मान्यता है कि विगत ८० वर्ष पूर्व गांव में एक भीषण बीमारी आई थी। जिससे बहुत से लोगों को मृत्यु भी हुई थी एवं बहुत से लोग इस बीमारी से ग्रसित हुए थे जिससे परेशान होकर धार्मिक आस्था को मनाने वाले पूर्वजों ने इस स्थान पर सील के पत्थर को रखा गया था। जिसमें माँ शीतला माता के चित्र सामने आ गये यानि की माँ शीतला माता ने दर्शन दिये जिसके बाद से यह ग्राम की कुलदेवी माता है। जिसकी पूजा अर्चना धार्मिक आस्थाओं के साथ ग्रामीणजन करते है एवं विगत वर्ष पूर्व मंदिर का नवीन निर्माण किया गया है और प्रतिवर्ष नवरात्र पर्व में मनोकामना कलशों की संख्या भी बढ़ते जा रही है। साथ ही यह भी बताया कि जो भी श्रध्दालुजन सच्चे मन से माँ शीतला माता की पूजा अर्चना करता है उनकी मनोकामनाएं भी पूरी होती है एवं नवरात्र पर्व के पष्टमी पर ८ अक्टूबर को दोपहर ३ बजे से मंदिर से ११०० फीट की चुनरी यात्रा माँ कात्यायनी मंदिर बकोड़ा तक निकाली जायेगी और माता-रानी को चुनरी भेंट कर पनबिहरी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

# वीरांगना रानी दुर्गावती की हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जयंती




लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के जनपद पंचायत कार्यालय के सामने स्थित शहीद बिरसा मुंडा सामुदायिक भवन में म.प्र. आदिवासी विकास परिषद लालबर्रा के द्वारा ५ अक्टूबर को वीरांगना रानी दुर्गावती की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम म.प्र. आदिवासी विकास परिषद लालबर्रा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने भगवान बड़ा देव, वीरांगना रानी दुर्गावती सहित अन्य महापुरूषों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया और उनके विचारों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलकर समाज और देशहित में काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित पदाधिकारियों ने वीरांगना रानी दुगार्वती के जीवनगाथाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। चर्चा में म.प्र. आदिवासी विकास परिषद लालबर्रा के सचिव अनिल उइके ने बताया कि साहस और शौर्य के साथ मुगलों से लोहा लेने वाली वीरांगना रानी दुर्गावती का जन्म जयंती ५ अक्टूबर को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई है। साथ ही यह भी बताया कि भारतीय इतिहास में झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई, अवंति बाई होल्कर, रानी दुर्गावती समेत कई महिलाओं को उनके साहस और पराक्रम के लिए याद किया जाता है, रानी दुर्गावती एक ऐसी शूरवीर महिला थी जिन्होंने मुगल साम्राज्य के खिलाफ अपनी जान की परवाह किये बिना खड़े होकर लड़ाई लड़ी और शहीद हो गई इसलिए हर वर्ष उनकी जयंती मनाकर उन्हे याद किया जाता है। म.प्र. आदिवासी विकास परिषद लालबर्रा कार्यकारी अध्यक्ष झनकारसिंह उइके ने बताया कि वीरांगना रानी दुर्गावती की ५०० वीं जयंती मनाकर उन्हे याद किया गया है जिन्होने अंग्रेजों से लोहा लेकर देश के लिए शहीद हो गई ऐसी वीरांगना रानी दुर्गावती को नमन करते है और उनकी जयंती के अवसर पर उनके साहस और पराक्रम को सलामी देकर उनके आदर्शों पर चलकर समाजोत्थान एवं देशहित में काम करने का सभी ने संकल्प लिया है। इस अवसर पर म.प्र. आदिवासी परिषद के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# बाल गोपाल दुर्गोत्सव समिति कनकी में रोजाना महाप्रसादी का किया जा रहा वितरण



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कनकी के सुभाष चौक में बालगोपाल दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा गत ३ अक्टूबर को विधि-विधान से पूजा अर्चना कर माँ जगदम्बे की प्रतिमा विराजित कर शारदेय नवरात्रा पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। वहीं शारदेय नवरात्र पर्व के अवसर पर रोजाना भंडारा रूपी महाप्रसादी का वितरण किया जा रहा है और श्रध्दालुजन पहुंचकर महाप्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। बाल गोपाल दुर्गा उत्सव समिति सुभाष चौक कनकी के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माँ भगवती की प्रतिमा विराजित कर धार्मिक आस्थाओं के साथ नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है और रोजाना महाभंडारे का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया कि पर्व के दौरान रोजाना विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। आगे समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह भंडारा का आयोजन नौ दिनों तक जारी रहेगा जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रध्दालुजन पहुंचकर महाप्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। इस अवसर पर क्षेत्रभर के श्रध्दालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील बाल गोपाल दुर्गा उत्सव समिति सुभाष चौक कनकी के भंडारा प्रभारी राजेश नगपुरे, रिंकू (सूर्यकान्त) नगपुरे, तपेश लिल्हारे, विकास लिल्हारे, युवराज अटकरे, श्याम कानतोड़े, संजय, आशीष पुनाजी, शेखर, कैलाश सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।

# ददिया में राष्ट्रीय पोषण माह और स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ५ किमी. दूर ग्राम पंचायत ददिया में पांच आंगनबाड़ी केंद्रों ने संयुक्त रूप से गत दिवस राष्ट्रीय पोषण माह एवं स्वज्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम ददिया सरपंच ऋषी पंक्षी भलावी के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ६ माह से लेकर किसी भी उम्र के बज्चों एवं बड़ो के लिए पौष्टिक, स्वास्थ्य वर्धक एवं स्वादिष्ट भोजन (आहार) के बारे में बताया। साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को स्वज्छता के प्रति जागरूक किया गया। जिसके बाद एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आंगनवाड़ी केन्द्र परिसर में नीम, अमरूद, आम, अशोक, जामून सहित विभिन्न प्रजाति के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर उसकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। वहीं सरपंच श्रीमती भलावी के द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मेटी व कुर्सी भेंट किया गया है। इस अवसर पर सचिव हुकुमचंद रहांगडाले, रोजगार सहायक देवेन्द्र बोपचे, श्रीमती केसर बाई भोयर जनपद पंचायत सदस्य, श्रीमती ममता रहांगडाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, श्रीमती गनेशा बोपचे, ममता मोहबे, निशा हरिनखेडे, दीपिका बाहेश्वर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# खबर प्रकाशन के बाद विधायक और सड़क विभाग के अधिकारी ने हाईवे मार्ग का किया निरीक्षण

## बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग का किया जा रहा मरम्मत कार्य, नवीन और चौड़ीकरण सड़क निर्माण की उठी मांग




लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से गुजरी बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग का खस्ताहाल हो चुका है एवं जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गये है। जिसके कारण आवागमन करने वालों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और आये दिन दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है। साथ ही लंबे समय से इस हाईवे मार्ग का नवीन एवं चौड़ीकरण सड़क का निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की जा रही है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है और सड़क के खस्ताहाल के कारण सभी परेशान है। बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग के खस्ताहाल होने से आने-जाने वालों को हो रही परेशानी की समस्या को प्रमुखता से उठाते बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में गत दिवस समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद सड़क विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि हरकत में आये। ५ अक्टूबर को बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, विधायक प्रतिनिधि अनीस खान एवं एमपीआरडीसी विभाग के महाप्रबंधक दीपक आड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग का निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होने पाया कि बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग खराब होने के साथ ही जगह-जगह गड्ढे बन चुके है जिससे आवागमन करने में परेशानी होती है एवं सड़क के डेंजर स्थानों पर संकेतक बोर्ड लगा नही है। जिस पर विधायक श्रीमती मुंजारे से नाराजगी व्यक्त करते हुए सड़क विभाग के अधिकारी श्री आड़े को निर्देशित करते हुए हाईवे मार्ग से ग्रामों के अंदर प्रवेश करने के लिए रोड़ क्रास होते है उस स्थान पर संकेतक बोर्ड लगाने एवं सड़क का गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य करवाये और शासन से पत्र व्यवहार कर सड़क का नवीन एवं चौड़ीकरण सड़क का निर्माण करवाने का प्रयास करने की बात कही ताकि आवागमन में हो परेशानियों से निजात मिल सके। जिस पर श्री आड़े ने कहा कि बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग का मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है एवं शासन से सड़क निर्माण की स्वीकृत मिलने के बाद नवीन सड़क का निर्माण किया जायेगा। वहीं सड़क विभाग के द्वारा बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग का मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है परन्तु सड़क का मरम्मत कार्य होने से समस्या दुर नही होगी क्योंकि मरम्मत के कुछ दिनों बाद समस्या जस की तस हो जायेगी इसलिए सड़क का नवीन एवं चौड़ीकरण सड़क का निर्माण होना चाहिए क्योंकि चौड़ाई कम होने के कारण सड़क में दबाव अधिक रहता है जिसके कारण सड़क खराब हो रही है। सड़क का चौडीकरण एवं टु वे सड़क का निर्माण होता है तो सड़क खराब नही होगी परन्तु प्रशासन के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सिर्फ मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है और सड़क का मरम्मत होने से आवागमन में सुविधा हो सके। वहीं राहगीर एवं ग्रामीणजनों ने शासन-प्रशासन से बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग का नवीन एवं चौड़ीकरण सड़क निर्माण करवाने की मांग की है। बालाघाट से सिवनी हाईवे सड़क का निरीक्षण के दौरान विधायक श्रीमती मुंजारे के साथ विधायक प्रतिनिधि, पांढरवानी सरपंच अनीस खान, विधायक प्रतिनिधि शैलेष केकती, जनपद सदस्य दीपक कावरे, धारावासी सरपंच प्रतिनिधि मनीष बडघरे, नेवरगांव ला. सरपंच संतोष पंचेश्वर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री एवं मंत्री से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग करेगें - अनुभा



बालाघाट विधायक विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बताया कि बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग की हालत खस्ताहाल हो चुकी है जबकियह नेशनल हाईवे है परन्तु सड़क का समय-समय पर मैन्टेनेस नही होने के कारण खराब हो चुकी है। जिसके कारण आने-जाने वालों को परेशानी हो रही है, साथ ही दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है। जबकि यह एक व्यस्तम मार्ग है और इस मार्ग से २४ घंटे आवागमन जारी रहता है। साथ ही यह भी बताया कि आये दिन बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग खराब होने की शिकायत समाचार पत्रों के माध्यम से मिल रही थी, शनिवार को एमपीआरडीसी विभाग के अधिकारी श्री आड़े के साथ सड़क का निरीक्षण किया गया है जिनके द्वारा सड़क का मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है। सड़क की चौड़ीकरण एवं नवीन निर्माण की कार्य योजना बनाई जा रही है और हम सभी का प्रयास है कि सड़क का गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य हो एवं जल्द नवीन सड़क का निर्माण होना चाहिए। श्री मुंजारे ने बताया कि बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग का चौड़ीकरण एवं नवीन सड़क निर्माण के लिए मुख्यमंत्री को पत्राचार किया जायेगा और हम चाह रहे है कि बालाघाट जिले के ६ विधायक, सांसद महोदय भी इस सड़क की समस्या के संबंध में मुख्यमंत्री एवं सड़क विभाग मंत्री से मुलाकात कर सड़क का नवीन निर्माण के लिए प्रयास करे क्योंकि इस मार्ग से क्षेत्र के जनप्रतिनिधि आना-जाना करते है और जल्द मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग की जायेगी।

### सड़क का मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है - दीपक




एमपीआरडीसी विभाग के महाप्रबंधक दीपक आड़े ने बताया कि बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग खराब हो चुकी है, आज विधायक महोदया के साथ सड़क का निरीक्षण किया गया है और सड़क में जगह-जगह गड्ढे बन गये है उक्त गड्ढों में गिट्टी डालने के बाद डामर बिछाकर मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है। साथ ही सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण सड़क बार-बार खराब होती है क्योंकि सड़क पर दबाव अधिक रहता है। श्री आड़े ने बताया कि सड़क का मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, मरम्मत कार्य करते हुए एक सप्ताह के अंदर लालबर्रा पहुंच जायेगें और सड़क को पुरी तरह से व्यवस्थित करने में एक महीने लगा। साथ ही यह भी बताया कि बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग का चौड़ीकरण एवं नवीन निर्माण के लिए शासन को जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के माध्यम से पत्र व्यवहार कर रहे और संकेतक बोर्ड लगा दिये जायेगें एवं हाईवे मार्ग में स्पीड ब्रेकर बनाना उचित नही है।

# प्रशांति वाटिका लॉन में आज से गरबा महोत्सव शुरू



कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कटंगी विकास मंच नव दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा पाथरवाड़ा रोड स्थित प्रशांति वाटिका लॉन में गरबा महोत्सव का आयोजन करवाया जा रहा है. जिसकी आज शाम से शुरुआत होगी. इस वर्ष गरबा आयोजन समिति से सभी की धार्मिक आस्था और भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशांति वाटिका लॉन में ज्योति कलश, जवारे और माता रानी की प्रतिमा की स्थापना करवाई है. सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि 04 अक्टूबर को माता रानी के प्रांगण में शिव शक्ति भजन मंडली कटंगी ने संगीतमय सुंदरकांड और भजन की प्रस्तुति दी. वहीं 05 अक्टूबर को जय मांई ग्रुप धनकोषा ने भव्य देवी जागरण में भजनों की प्रस्तुति दी. वहीं आज 06 अक्टूबर से प्रति वर्ष की भांति शाम से गरबा महोत्सव की शुरूआत की जाएगी. सुरजीत सिंह ठाकुर ने गरबे में शामिल होने वाली सभी माताओं-बहनों से पारंपरिक वेशभूषा धारण कर गरबे में शामिल होने की अपील की है. उन्होंने बताया कि गरबा महोत्सव परिसर में महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है. उन्होंने समस्त हिन्दू धर्म प्रेमियों से गरबा महोत्सव में शामिल होकर माता रानी की आराधना करने की अपील की है।

# मांझापुर से निकलेगी १६०० फीट की चुनरी यात्रा ७ को



बेहरई/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मांझापुर में सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में गत दिवस माँ जगदम्बे की प्रतिमा विराजित कर शारदेय नवरात्र पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। साथ ही शारदेय नवरात्र पर्व के पंचमी के अवसर पर ७ अक्टूबर को प्रातः ११ बजे से १६०० फीट चुनरी यात्रा मांझापुरी से माँ कालीपाठ मंदिर बालाघाट तक निकाली जायेगी। चर्चा में सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति मांझापुर अध्यक्ष गुड्डू मुंजारे ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माँ दुर्गा जी की प्रतिमा विराजित कर शारदेय नवरात्र पर्व धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। साथ ही पर्व के दौरान रोजाना विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है। श्री मुंजारे ने बताया कि शारदेय नवरात्र पर्व के पंचमी के अवसर पर ७ अक्टूबर को सुबह ११ बजे १६०० फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली जायेगी और यह यात्रा बालाघाट माँ काली पाठ मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर माता-रानी को चुनरी भेंट की जायेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति मांझापुर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

# नवदुर्गा उत्सव समिति में महोत्सव जारी

## बालीवुड़ नाईट फिल्मी गायकों के साथ १६ अक्टूबर को खुलेगा लक्की कूपन ड्रॉ







**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब के तत्वावधान में मां भगवती की आराधना हर्ष उल्लास के साथ की जा रही है। जहां नवदुर्गा के उत्सव को महोत्सव की तरह मनाने का कार्य किया जा रहा है। ३ अक्टूबर से मां जगत जननी की भव्य प्रतिमा विराजित कर पंडित के द्वारा मंत्र उच्चारण कर विधि विधान से मां की स्थापना की गई। इसके बाद सुबह शाम रोजाना आरती पाठ कर हर्षोल्लास के साथ शारदेय नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है। जहां आकर्षक लाइटिंग से साथ साज सज्जा करने के साथ भव्य पंडाल और गरबा कार्यक्रम भी आयोजित हो रहा है। वहीं १६ अक्टूबर को लकी कूपन ड्रॉ के अवसर पर भव्य बॉलीवुड नाइट का भी आयोजन किया गया।**

### २१ वां वर्ष को ऊंचाई देने का हो रहा प्रयास

विदित हो की नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब का यहां २१ वां वर्ष है जहां पिछले २० वर्षों से लगातार नया आयाम स्थापित करने और नगर सहित क्षेत्र वासियों को कुछ नया देने का कार्य किया जाता रहा है। जहां पर भव्य पंडाल के साथ लाइटिंग और विशाल गरबा आयोजित किया जाता है जो लाइव होता है। वहीं दशहरे पर विशाल भंडारा भी जिले का सबसे बड़ा होता है । इसी परंपरा को बनाए रखते हुए इस वर्ष भी प्रतिवर्ष की तरह कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने का कार्य नवदुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष संजय सिंह कुछवाहा के द्वारा किया जा रहा है।

### लाइव गरबा बना हुआ है आकर्षण का केंद्र

नवदुर्गा उत्सव समिति के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लाइव गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें इस मर्तबा पिछली बार से भी बड़ा गरबा परिसर तैयार किया गया है क्योंकि पिछली बार भीड़ ज्यादा हो गई जिसको देखते हुए गरबा परिसर को बड़ा कर दिया गया है। जहां पर डीजे मेक और डीजे अधीरा के द्वारा लाइव परफॉर्मेंस दी जा रही है तो वहीं गरबा नृत्य कर रहे लोगों के बीच में पंजाबी ढोल की जुगलबंदी लोगों को काफी पसंद आ रही है। जहां पर अब गरबा नृत्य करने वाले लोगों की उपस्थित बढ़ने लगी है । बड़ी संख्या में लोग गरबा महोत्सव देखने के लिए आ रहे हैं तो उतने ही लोग वहां पर खेलने के लिए आ रहे हैं। यह गरबा महोत्सव कार्यक्रम ३ अक्टूबर से ११ अक्टूबर तक आयोजित किया गया है । जिसका संचालन इवेंट मैनेजमेंट के तहत कराया जा रहा है।

### १६ अक्टूबर को खुलेगा लक्की कूपन ड्रॉ

नवदुर्गा उत्सव समिति के द्वारा हर वर्ष लक्की कूपन ड्रॉ का आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से माता रानी के भक्तों को लाखों के इनाम का वितरण किया जाता है। जिसमें इस वर्ष भी रेसिंग बाइक स्कूटी सहित अन्य लाखों रुपए के उपहार रखे गए हैं। यह लक्की कूपन ड्रॉ हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल आयोजन के साथ खोला जाएगा। जिसमें देश के नामी गायकों के द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रस्तुति दी जायेगी। जिसमें इस वर्ष इंडियन आइडल के कलाकार और हिंदी फिल्म के गायक साहिल सोलंकी सारेगामापा फइनलिस्ट और हिंदी फिल्म गायक ऐश्वर्या पंडित, हिंदी फिल्म गायक सुरभि कश्यप एवं गायक अभिजीत शामिल होंगे। जो यह २१ वें वर्ष को अति भव्य बनाने का कार्य करेंगे। जहां पर वह अपनी मधुर आवाज में नए पुराने गीतों की शानदार प्रस्तुति देंगे जिसके लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

### नवदुर्गा समिति में विशाल भंडारा १२ अक्टूबर को

नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब के द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन १२ अक्टूबर को विजयदशमी के अवसर पर किया गया है। जहां रावण दहन के दौरान भंडारे का वितरण किया जाएगा जिसे इस वर्ष और बड़ा करने का प्रयत्न किया जा रहा है। विदित हो की जिले में इतना बड़ा भंडारा शायद ही कहीं किया जाता होगा जहां पर दशहरा मैदान में विजयदशमी का पर्व मनाने पहुंचे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के करीब २०००० से अधिक लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### स्वर्ण मंदिर में विराजित है मां जगदंबा

नवदुर्गा उत्सव समिति के द्वारा हर बाहर की तरह इस बार भी मां भगवती के दरबार को भव्य और विराट बनाने का कार्य किया गया है। जहां पर इस वर्ष अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की आकृति में मां भगवती के दरबार की संरचना की गई है। जहां पर मां भगवती की प्रतिमा विराजित कर आराधना की जा रही है ,यह पंडाल का निर्माण पिछली वर्ष की तरह इस वर्ष कलकत्ता के कारीगरों के द्वारा किया गया है। जिनके द्वारा स्वर्ण मंदिर की छाया के रूप में इसका निर्माण किया गया है और बारीकियों पर बहुत ध्यान दिया गया है जो आकर्षण का केंद्र है। जहां लोग बड़ी संख्या में आकर पंडाल की भव्यता को निहारते नजर आ रहे हैं।

### वारासिवनी नवदुर्गा उत्सव समिति दो राज्यों में काफी चर्चित रहता है-संजयसिंह कछवाहा

नवदुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष संजयसिंह कछवाहा ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड सिविल क्लब का यह २१ वां वर्ष है। हमारा मंडल मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र आजू बाजू के जिलों में काफी चर्चित रहता है। यहां पर गरबा प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें भक्तों की उपस्थिति बढ़ती जा रही है और इसे पिछली बार से बड़ा बनाया गया है ताकि अव्यवस्था ना हो। यह ३ अक्टूबर से प्रारंभ किया गया है जो ११ अक्टूबर तक चलता रहेगा । इसके बाद १२ अक्टूबर को दशहरा पर्व है इस अवसर पर हर बार की तरह विशाल भंडारा आयोजित किया गया है। फिर हमारा एक लकी कूपन ड्रॉ होता है जिसमें लाखों रुपए के इनाम रखे जाते हैं जिसमें इस वर्ष प्रथम इनाम स्पोर्ट बाइक, द्वितीय इनाम एक्टिवा सहित अन्य इनाम रखे गए हैं जो १६ अक्टूबर को खोला जाएगा। जिसमें एक बड़ा कार्यक्रम है इस दौरान हिंदी फिल्म गायक साहिल सोलंकी ,ऐश्वर्या पंडित, सुरभि कश्यप, अभिजीत जैसे अन्य कलाकारों के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हमने नगर एवं क्षेत्र को कुछ नया देने का कार्य किया जा रहा है मां भगवती का जो पंडाल बनाया गया है वह अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की छाया के रूप में तैयार कराया गया है जिसे कोलकाता के कारीगरों के द्वारा बनाया गया है। इस दौरान काफी लोग दूसरे राज्य और जिलों से भी मातारानी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

# फटाखे फोड़ रही मोटर साइकिल पर पुलिस ने की कार्यवाही

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी पुलिस के द्वारा ४ अक्टूबर की देर रात नगर में तेज गति से दौड़ रही फटाखे फोड़ रही मोटरसाइकिल को पड़कर कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में लगातार स्पोर्ट बाइक एवं बुलेट बाइक के माध्यम से युवाओं के द्वारा तेज गति से वाहन चलाकर जगह जगह मोटरसाइकिल के साइलेंसर से पटाखे फोड़े जा रहे थे। जिसके कारण आवागमन कर रहे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। जिसको लेकर नगर वासियों के द्वारा इन पर कार्यवाही करने की मांग पुलिस प्रशासन से की जा रही थी। ऐसे में ४ अक्टूबर की रात्रि में नगर वासियों के द्वारा एक मोटर साइकिल चालक को देखा गया जो मार्ग पर थोड़े समय के अंतराल में ५ बार तेज गति से वाहन चला कर साइलेंसर से पटाखे फोड़ रहा था। जिसे पड़कर पुलिस को सूचना दी गई जिसमें तत्काल पुलिस ने उक्त व्यक्ति से पूछताछ की जिसके द्वारा अपना नाम सुमित पिता दुर्गाप्रसाद देवगिरकर उम्र २३ वर्ष वारासिवनी निवासी बताया गया। जिसमें पुलिस के द्वारा उसकी बजाज कंपनी की मोटरसाइकिल २२० पल्सर क्रमांक सीजी ०४ एमआर ९७५७ को जप्त कर मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मोटर विहिकल एक्ट की धारा १८४,१४६,१९६,१२९,१९४ डी,१२०,१९ २ के तहत प्रकरण तैयार कर मोटर साइकिल को पुलिस अभिरक्षा में थाना परिसर में खड़ी करवा लिया गया है। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा नगर में इस प्रकार मोटरसाइकिल चला रहे लोगों पर निगरानी बनाए हुए हैं।



# शिकायत के बिंदुओं पर जांच दल ने की लोक सेवा केन्द्र की जांच

## केन्द्र का निरीक्षण कर दी जा रही सुविधाओं का किया अवलोकन






खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी के लोक सेवा केन्द्र में बरती जा रही अनियमितताओं में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने और रसीद नही देने सहित अन्य बिंदुओं की शिकायत शरद कुमार पांडेय के द्वारा तत्कालीन कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा को की गई थी लेकिन तत्कालीन कलेक्टर के द्वारा शिकायत की जांच नही करवाई गई थी। जिसके बाद शिकायत कर्ता के द्वारा पुन: इस मामले की शिकायत वर्तमान कलेक्टर को १७ सितंबर २०२४ को करते हुए लोक सेवा केन्द्र के जिला प्रबंधक अनिल लिल्हारे पर खैरलांजी के लोक सेवा केन्द्र संचालक को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए जिला लोक सेवा केन्द्र प्रबंधक को भी पद से हटाने की मांग की गई थी। जिसके बाद शिकायत पर जिला कलेक्टर मृणाल मीना के द्वारा जांच दल का गठन किया गया था। ४ अक्टुबर २०२४ को तहसीलदार सुरेश उपाध्याय,जिला लोक सेवा प्रबंधक अनिल लिल्हारे, जनपद पंचायत से प्रदीप मेश्राम की टीम के द्वारा लोक सेवा केन्द्र पहुंचकर उल्लेखित शिकायत के बिंदुओं की जांच की गई। इस दौरान शिकायत कर्ता शरद कुमार पांडेय ,देवेन्द्र लिल्हारे सहित अन्य हितग्राही भी उपास्थित रहे। इस दौरान तहसीलदार के द्वारा हितग्राहियों से उनके मोबाईल नम्बर पर फोन लगाकर लोक सेवा केन्द्र की ली गई शुल्क,प्राप्त रसीद की जानकारी ली गई। इस दौरान उनके द्वारा लोक सेवा केन्द्र पर उपस्थित हितग्राहियों से भी शुल्क और प्राप्त रसीद सहित केन्द्र के खुलने और बन्द होने के समय के बारे में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त निर्धारित जांच के बिंदु जो उन्हें प्रारूप के रूप में जिले से प्राप्त हुए थे उन बिंदुओं पर जांच की गई। तहसीलदार के द्वारा मोबाईल फोन से की गई चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि लोक सेवा केन्द्र के संचालक द्वारा रसीद नही दी जाती और उनके द्वारा दी गई शुल्क निर्धारित शुल्क से अधिक थी। अब इसे शिकायत का डर कहे या जांच दल को इंप्रेस करने की बात हो जांच के दिन साफ सफाई ठीक पाई गई। शौचालय के लिए जुगाड़ से पानी लिया गया था। इनकी खुद की मोटर चोरी होना बताया गया। पेयजल व्यवस्था थी लेकिन पर्याप्त नही पाई गई। स्टॉफ ड्रेस कोड में पाया गया निर्धारित दरें फ्लेक्स में बड़े अक्षरों में नही पाई गई फ्लेक्स था लेकिन ऊंचाई पर पाया गया।

### इनका कहना है

लोकसेवा केंद्र में मची लूट यदि बन्द नही होती है तो मैं केन्द्र के सामने बैठकर आत्मदाह करुंगा। मैं एक किड़नी पर जीवित हूं और बीपी का मरीज हूं। कुछ भी होता है तो इसके लिए जिम्मेदार शासन प्रशासन रहेगा। खैरलांजी में ही नही लोक सेवा जिला प्रबंधक अनिल लिल्हारे के संरक्षण में पूरे जिले में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि ली जा रही है जिसकी रसीद भी नही दी जा रही है। इसकी शिकायत विधायक गौरव सिंह पारधी ,विधायक विवेक पटेल से भी की गई । लेकिन इन्होंने भी जनहित की समस्या पर गंभीरता नही दिखाई ऐसा लगता है जैसे सब इनको बचाने में लगे हुए है।

**शरद कुमार पांडेय**
**शिकायतकर्ता**

जिला लोक सेवा केन्द्र प्रबंधक के खुले संरक्षण में जिले के सभी केंद्र में १०८ सेवाओं के नाम पर हितग्राहियों से अधिक शुल्क ली जा रही है जिसकी कोई रसीद नही दी जा रही है। इस विषय को लेकर भविष्य में सभी स्थानीय जन प्रतिनिधियों का विरोध किया जाएगा। इसके पूर्व में भी तहसीलदार सतीश चौधरी और उमराज वार्ले के द्वारा जांच की गई थी लेकिन कोई कार्यवाही अब तक इन पर नही हुई।

**देवेन्द्र लिल्हारे**
**शिकायत कर्ता**

मुझसे विवाह पंजीयन के नाम पर ८० रूपये शुल्क ली गई है जिसकी रसीद भी नही दी गई। मैं अपने भतीजे का विवाह पंजीयन कराने आया था। आवेदन में नाम और सरनेम भी गलत भरा गया था जिसको जनपद में जाकर ठीक किया गया। जिनको ठीक से नाम नही लिखते आता ऐसे ऑपरेटरों को केन्द्र पर रख लिया गया है। जिसके कारण जनता को एक ही काम को दो बार करना पड़ रहा है। जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है।

**कवींद्र लिल्हारे**
**हितग्राही खैरलांजी**

शिकायत के आधार पर जो प्रपत्र प्राप्त हुआ है उसके आधार पर जांच की गई प्रपत्र जिला कलेक्टर को भेजा जा रहा है। जो भी कमियां पाई गई है उसका उल्लेख शिकायत कर्ता के समक्ष प्रपत्र में कर दिया गया है।

**सुरेश उपाध्याय**
**तहसीलदार खैरलांजी**

# विहिप की बैठक आयोजित

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के श्रीराम मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। यह नवरात्रि के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद की प्रखंड बैठक की गई। जिसमें नवरात्र पर्व को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं किस प्रकार से यह कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं इसकी रूपरेखा भी तैयार की गई। इस दौरान प्रमुख रूप से नवरात्रि पर्व पर माता रानी के पंडाल में जाकर मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी के द्वारा शस्त्र पूजन कराने का आव्हान किया गया हैं। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद विभाग मंत्री पंकज बिसेन ,विजय पटले ,पंकज एड़े ,अभिषेक अग्रवाल, मिथलेश राणा ,शुभम शुक्ला ,मनीषा जायसवाल, रतन अग्रवाल ,हितेंद्र पात्रे ,देव निखारे ,हर्षित टेंभरे ,बलराम पारधी ,श्रीमती सीमा देव्हारे ,कैलाश कसार सहित अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# मधुमक्खी के हमले से पति.पत्नी घायल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम कोपे से डोंगरिया मार्ग से गुजर रहे कटंगझरी के धानेश्वर दंपति के ऊपर मधुमक्खी के झुंड ने हमला कर दिया। जिससे वह दोनों पति पत्नी घायल हो गए जिनका उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगझरी निवासी उम्र ४० वर्षीय मीना पति धर्मेंद्र धानेश्वर ,४३ वर्षीय धर्मेंद्र पिता चरनलाल धानेश्वर दोनों पति पत्नी ४ अक्टूबर को अपने निजी कार्य से बालाघाट गए हुए थे। जो वापस हो रहे थे इस दौरान ग्राम कोपे के पास में अचानक मधुमक्खी के झुंड ने उक्त दोनों महिला पुरुष पर हमला कर दिया। जिसमें मधुमक्खी के द्वारा दोनों पति पत्नी को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट पहुंचाई गई। वह मौके से जान बचाकर थोड़े दूर भागे जहां से वह अपना उपचार करने के लिए तत्काल सिविल अस्पताल वारासिवनी आये जहां पर उनका उपचार जारी है। घायलों के द्वारा बताया जा रहा है कि उनके ऊपर मधुमक्खी के द्वारा कैसे हमला किया गया इसकी जानकारी नहीं है । परंतु उन्हें बहुत ज्यादा मधुमक्खी के द्वारा काटा गया है। नेवरगांव से डोंगरिया मार्ग सीधा पड़ता है जहां से आसानी से आना जाना किया जा सकता है । ऐसे में हम कटंगझरी से इसी मार्ग से हर बार आना जाना करते हैं क्योंकि वारासिवनी होते हुए बहुत दूर हो जाता है परंतु यह पहली बार हुआ है।

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# जेल में जातिः कारागर में भेदभाव

कैदियों के साथ सलूक में जाति-आधारित भेदभाव निषिद्ध करने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सबसे गौरतलब पहलू यह है कि जेलों में औपनिवेशिक प्रथाओं और व्यवस्थाओं को खत्म करने के लिए सर्वोच्च अदालत के फैसले की जरूरत पड़ी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न राज्यों के जेल मैनुअलों में शामिल उन खास नियमों और उस ढर्रे पर विस्तार से विचार किया है जिसमें कामों के आवंटन, कैदियों के वर्गीकरण, और कुछ विशेष सामाजिक समूहों के साथ 卐आदतन अपराधियों卐 जैसे सलूक में जाति-आधारित पदानुक्रम भूमिका निभाता है, लेकिन यह काफी उल्लेखनीय है कि आजादी से लेकर अब तक जेल प्राधिकारियों और राज्य सरकारों ने इन पहलुओं के बारे में खास कुछ नहीं किया। यह ऐसा है मानो जेल व्यवस्था संविधान के उस मूल फलसफे के दायरे से बाहर रही हो, जो बराबरी वाले समाज की स्थापना, भेदभाव के सभी रूपों के खात्मे, किसी भी रूप में मौजूद छुआछूत के निषेध, और बेगार व शोषण के उन्मूलन की बात करता है। पत्रकार सुकन्या शांता की रिट याचिका पर कदम उठाते हुए, शीर्ष अदालत ने इन संवैधानिक उद्देश्यों के आलोक में जेलों में विवादास्पद नियमों और प्रथाओं का विश्लेषण किया है। उसने फैसला दिया है कि ऐसे प्रावधान असंवैधानिक हैं, और तीन महीने के अंदर जेल मैनुअलों में संशोधन का निर्देश दिया है। ऐसे नियमों और प्रथाओं का इतिहास खोज निकालते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने बहुत मुनासिब टिप्पणी की है = 卐अपने समग्र दृष्टिकोण के अनुरूप, औपनिवेशिक प्रशासकों ने जेल में श्रम व भोजन के प्रबंधन और कैदियों के साथ सलूक को जाति से जोड़ दिया।卐

अदालत ने पाया कि जातीय पदानुक्रम में नीचे रखे गये समुदायों से आने वाले कैदियों को न सिर्फ छोटे और गंदे माने जाने काम आवंटित किये गये, बल्कि कुछ से जेल के भीतर अपना 卐खानदानी पेशा卐 जारी रखने की उम्मीद की गयी। दूसरी तरफ, पदानुक्रम में ऊपर रखे गये चंद लोगों के जातीय विशेषाधिकारों को सुरक्षित रखा गया। इस टिप्पणी से शायद ही किसी की असहमति होगी कि 卐किसी काम को 'अपमानजनक या छोटा' माने जाने की धारणा जाति व्यवस्था और छुआछूत का एक पहलू है।卐 卐उपयुक्त जाति卐 के कैदियों द्वारा ही खाना पकाये जाने का प्रावधान और 卐सफाई करने वाले वर्ग卐 के लोगों को मैला उठाने, झाड़ू लगाने और सफाई जैसे कार्य सौंपे जाने का जिक्र करने वाले नियमों ने छुआछूत के खिलाफ संवैधानिक निषेध का उल्लंघन किया। श्रम विभाजन सिर्फ जन्म के आधार पर नहीं हो सकता। ऐसे नियम गरिमा के साथ जीने के अधिकार और बेगार व शोषण के खिलाफ अधिकार का उल्लंघन करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 'आदतन अपराधियों' की अस्पष्ट परिभाषाओं को खत्म करने का पक्ष लिया है, क्योंकि ये पूरी जनजाति पर आपराधिक प्रवृत्तियों का दोष मढ़ती प्रतीत होती हैं, जबकि 'आपराधिक जनजातियों' को अधिसूचित करने के विचार का बहुत पहले ही त्याग किया जा चुका है। वक्त आ गया है कि राज्य सरकारें इस फैसले पर हरकत में आएं और जेल प्रशासन से जुड़े अपने कानूनों व नियमों पर पुनर्विचार करें तथा एक ऐसी संस्था में व्यवस्थागत भेदभाव का खात्मा करें जो किसी भी तरह के प्रतिरोध को अनुशासनहीनता मान सकती है।

# पूजा के समय मांस का ऑनलाइन प्रचार है गलत

अभी नवरात्र चल रहा लेकिन आजकल कुछ भी गूगल में सर्च कीजिये तो कभी ना कभी आपको गलत प्रचार जो लिशियस के मांस उत्पाद, गोदरेज चिकेन हलाल आदि मांस का प्रचार देखने को मिल जाता है इसमें अन्य कंपनियों द्वारा पता नहीं कहाँ से आ जाता है आमोज़ोंने यूपीआई से पे करें तो स्क्रैच कार्ड में मिल जाता है यह मांसहार का प्रचार नहीं तो और क्या है,यहाँ तक कि नेशनल एग कोऑर्डिनेसन कमिटी द्वारा महान क्रिकेटर श्री कपिल देव व राहुल द्रविड़ द्वारा अंडे पर प्रचार फिर से टीवी पर आने लगा कि सन्डे हो या मंडे रोज खाएं अंडे जिसकी मैं कड़ी निंदा करता हूँ और इसपर प्रचार नहीं हो सकता है क्योंकि ऐ नॉनवेज की श्रेणी मे है ऐसे चिकेन मटन का ऑनलाइन सेल का खूब प्रचार इंटरनेट पर आता है जो गलत है ऐ भगवान बुद्ध व महावीर की धरती है ऐसा नहीं होना चाहिए अंडा है क्या इसके बारे मे जानिए

वेज अंडा नॉन वेज है ऐ मुर्गी के पेट मे पल रहा चूजा है विज्ञान पर ध्यान दे भारत के महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने ऐ सिद्ध कर दिया था कि पेड़ पौधा भी सजीव है अत: उसके फल पत्ती को खाया जा सकता है लेकिन तोड़ने की गलती मत कीजियेगा क्योंकि वो पर्यावरण की रक्षा करता है बढ़ते औद्योगिकरण व जनसंख्या वृद्धि के कारण ही असमय पृथ्वी का तापमान अचानक बढ़ गया है पेड़ इसे शील्ड करते हैं अत: पेड़ सजीव है लेकिन शाकाहारी मे आता है यदि ऐसा ना हो तो आदमी क्या खाएगा अत: फल, सब्जी,पत्ती दूध दही आदि सभी शाकाहार मे आते हैं किन्तु अंडा बिल्कुल नहीं क्योंकि ऐ मुर्गी का भ्रूण है और कई मुर्गीपालन के जरिये करते है लेकिन ऐ मांसहार की श्रेणी मे आता है क्योंकि केक मे अंडा के केक का कलर कोड ग्रीन नहीं होता है भ्रूण हत्या पाप है जो इसको नहीं मानते हैं ना माने लेकिन विज्ञान पर तो दुनिया विश्वास करती है एक हालिया अध्ययन के अनुसार दुनिया भर के लोगों ने वैज्ञानिकों पर भरोसा व्यक्त किया है, लेकिन वे अनुसंधान में सरकारों के हस्तक्षेप को लेकर चिंतित भी हैं। यह निष्कर्ष वैश्विक संचार संस्थान एडेलमैन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट ट्रस्ट बैरोमीटर का है जिसके लिए मेक्सिको से लेकर जापान तक 29 देशों के 35,500 से अधिक लोगों का सर्वेक्षण किया गया था।सर्वेक्षण के 75प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नवाचारों और नई प्रौद्योगिकियों सम्बंधित सही जानकारी प्रदान करने के लिए वैज्ञानिकों पर विश्वास जताया है। इतने ही प्रतिशत लोगों ने चाहा है कि वैज्ञानिक इन नवाचारों को पेश करने में स्वयं आगे आएं। इसके विपरीत, सही जानकारी देने के संदर्भ में लोगों ने पत्रकारों और सरकारी नेताओं पर क्रमश= 48प्रतिशत और 45.5 प्रतिशत ही भरोसा जताया है।हालांकि, अध्ययन में 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने देश में विज्ञान के राजनीतिकरण की बात कही है, जो राजनेताओं के हस्तक्षेप की ओर इशारा करता है। विश्व स्तर पर 59 प्रतिशत का मानना है कि सरकारें और अनुसंधान वित्तपोषक एजेंसियां वैज्ञानिक प्रयासों पर अत्यधिक प्रभाव डालते हैं। ये आंकड़े भारत में 70 प्रतिशत और चीन में 75 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 60 प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकारों में उभरते नवाचारों के नियमन की क्षमता का अभाव है। यह भरोसा वैज्ञानिकों के लिए एक अवसर के साथ चुनौती भी है। इस विश्वास के दम पर वैज्ञानिक प्रयास कर सकते हैं कि सरकारी नीतियां प्रमाण-आधारित बनें। इसके साथ ही वे सरकारी हस्तक्षेप और नियामक शक्तियों पर लोगों के अविश्वास सम्बंधी चिंताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। सवाल यह उठता है कि सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए, नीतियों की दिशा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक सरकारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं?कई विशेषज्ञ इस रिपोर्ट को काफी महत्वपूर्ण बताते हैं जो कोविड-19 महामारी और कृत्रिम बुद्धि के उदय जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विज्ञान और नवाचार पर वैश्विक फोकस के साथ मेल खाती है। हालिया समय में दुनिया भर की सरकारें क्लस्टरिंग विश्वविद्यालयों से लेकर उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने और नवीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की विभिन्न रणनीतियों की तलाश कर रही हैं। एक हालिया प्रस्ताव में चिकित्सा विज्ञान में एआई की बड़ी भूमिका की वकालत की गई है लेकिन नियामक सुधारों को भी आवश्यक बताया है। गौरतलब है कि इस पूरे मामले में सामाजिक विज्ञान एक ऐसे उपकरण के रूप में उभरा है जिसका उपयोग नहीं किया गया है। यूके एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज़ की एक रिपोर्ट में डैटा वैज्ञानिकों, अर्थशास्त्रियों, नैतिकताविदों, कानूनी विद्वानों और समाजशास्त्रियों की विशेषज्ञता की चर्चा करते हुए नीति निर्माण में सामाजिक विज्ञान को जोड़ने पर ज़ोर दिया गया है। इन क्षेत्रों के पेशेवर लोग नई प्रौद्योगिकियों, आर्थिक मॉडलों और नियामक ढांचे की ताकत और सीमाओं का आकलन कर सकते हैं और उनमें निहित अनिश्चितताओं को भी संबोधित कर सकते हैं।यदि लोगों को लगता है कि विज्ञान का राजनीतिकरण हो चुका है और सरकारें बहुत अधिक हस्तक्षेप कर रही हैं, तो यह सिर्फ विज्ञान के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए भी समस्या है क्योंकि इससे लोगों के इस विश्वास में कमी आ सकती है कि सरकारें इन नवाचारों के लाभ उन तक पहुंचाएंगी और संभावित नुकसानों से बचाएंगी। ऐसे में वैज्ञानिकों को नवाचार के बारे में विश्वसनीय स्रोत बनने के अवसर का लाभ उठाना चाहिएअत: जिसे जो खाना है खाये उसमें मनाही नहीं है लेकिन गलत चीज का प्रचार भी ना करें नहीं तो रामदेव बाबा के प्रचार जैसा हाल हो जायेगा सही चीज बताने मे क्या हर्ज है मशरूम भी शाकाहारी नहीं है एक प्रकार का फंगस है जो एक मांस का ही अंश है लेकिन लोगों को खिलाने हेतु बाजार मे लाने मे मुनाफा के कारण नहीं बताया जाता जो गलत है क्योंकि खान पान का असर आपके खून में होता और विचार गलत हो जाता है जिससे अपराध बढ़ते हैं।

-संजय गोस्वामी

# संदर्भ उत्तर-पूर्वी मानसून का

अनुमान से आठ फीसदी ज्यादा बारिश के साथ, भारत के दक्षिण-पश्चिम मानसून का दौर आशावादी तरीके से खत्म हो गया है। आश्वस्त करने वाली बात यह है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा किया गया बारिश का पूर्वानुमान, खासतौर पर जुलाई के बाद से सटीक रहा। देश में मानसून के बादल लगातार छाए हुए हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था में वर्षा की केंद्रीयता के मद्देनजर ध्यान पहले ही 'दूसरे मानसून', उत्तर-पूर्वी मानसून की ओर मुड़ गया है। इसका यह नाम उस दिशा के कारण रखा गया है जिस दिशा में हवाएं भूमि से समुद्र की ओर निकलती हैं। अक्टूबर के मध्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के बाद, उत्तर-पूर्वी मानसून में हवाओं का रुख पलट जाता है, जिससे तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और दक्षिणी कर्नाटक के कुछ हिस्सों में बारिश होती है। तमिलनाडु के लिए, उत्तर-पूर्वी मानसून वर्षा का मुख्य स्रोत है। उत्तर-पूर्वी मानसून भारत की वार्षिक वर्षा में सिर्फ 11 फीसदी का ही योगदान देता है।

आईएमडी ने अनुमान लगाया है कि इस साल मानसून के बाद की बारिश 'सामान्य से ज्यादा' या ऐतिहासिक औसत से लगभग 12 फीसदी ज्यादा होने की संभावना है। इसके सीमित प्रसार और मात्रा के चलते, उत्तर-पूर्वी मानसून को दक्षिण-पश्चिम मानसून जितनी तवज्जो नहीं मिलती है। हालांकि, यह तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में चावल एवं मक्का की उत्पादकता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। रिकॉर्ड बताते हैं कि बारिश की कमी वाले सालों में, इस इलाके में कृषि उत्पादन में काफी कमी आई थी। उत्तर-पूर्वी मानसून की वर्षा में, पांच उपविभागों में, जहां यह प्रमुख है, औसतन लगभग 25 फीसदी की भिन्नता होती है, जो दक्षिण-पश्चिम मानसून की वर्षा (10 फीसदी) की तुलना में ज्यादा है। इसका मतलब होता है, सालों तक बड़े पैमाने पर भीषण बाढ़ और उसके बाद सूखे का दौर। सन् 2015 में, चेन्नई में उत्तर-पूर्वी मानसून के दौरान भीषण बाढ़ आई थी, जिसके चलते जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। सन् 2019 में, इस शहर को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ा था। अगर इस साल का पूर्वानुमान सही रहता है, तो यह सामान्य उत्तर-पूर्वी मानसून का लगातार दूसरा साल होगा। इस बात की काफी उम्मीदें हैं कि 'ला नीना' या भूमध्यरेखीय मध्य प्रशांत महासागर का ठंडा होना, इसमें मददगार होगा। हालांकि, दुनिया के अधिकांश प्रारूपों (मॉडलों) को इस साल 'ला नीना' के समय का पूर्वानुमान लगाने में मशक्कत करनी पड़ी है। बेहतर पूर्वानुमान प्रणालियों की वजह से, उत्तर-पूर्वी मानसून पहले की तुलना में कम उपेक्षित है। फिर भी, शहरी बाढ़ के संबंध में इसके प्रभाव के प्रारूपण (मॉडलिंग) पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितता ऐसे पूर्वानुमान को आवश्यक बनाती है और राज्यों में आपदा प्रबंधन एजेंसियों को इन प्रतिरोधकों (बफर) को बजट में शामिल करने के लिए विश्वसनीय रणनीतियां विकसित करनी चाहिए।

# विनाश का कारण बन सकती है उन्नत तकनीक....

लेबनान में हजारों पेजरों और उसके बाद वाकी टाकी रेडियो , लैपटॉप और और सोलर उपकरणों में में एक साथ हुए धमाकों ने दुनिया को हिलाकर रख दिया है। इन धमाकों में 30 से ज्यादा मौतें हुईं और 3000 से ज्यादा लोग गंभीर रुप से घायल हैं। इसे आतंकी संगठन हिजबुल्ला के खिलाफ इजरायली सुरक्षा एजेंसी मोसाद का आपरेशन माना जा रहा है। तकनीक पर निर्भर व्यवस्थाएं चिंतित हैं। अगर यह संभव है तो जाने और कितना कुछ भी संभव होगा जिसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

नई तकनीकों के समंदर में गोते लगा रही युवा पीढ़ी तो शायद जानती भी न हो कि पेजर है क्या ? 80 के दशक में आया यह संचार माध्यम मोबाइल के आने से जल्द विदा हो गया। भारत में तो इसके आगमन प्रस्थान की भनक भी नहीं लगी। जीपीएस मोबाइल की तुलना में पेजर की बेहद बेसिक तकनीक इसकी ट्रैकिंग मुश्किल बनाती है। संभवत: इसीलिए इजरायली एजेंसियों द्वारा ट्रेस किए जाने से बचने के हिजबुल्ला ने इस पुरानी तकनीक पर निर्भर होना ठीक समझा। बहरहाल यह आश्वस्ति झूठी ही साबित हुई है।

धमाकों के पीछे पहली थ्योरी यह है कि इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल की फ्रीक्वेंसी हैकिंग से पेजर में लगी लिथियम बैटरी का टैंपरेचर बढ़ाकर ये धमाके किए गए। दूसरी थ्योरी के अनुसार हिजबुल्ला ने यह पेजर ताईवानी कंपनी गोल्ड अपोलो से खरीदे थे जिनकी बैटरी के साथ मोसाद ने विस्फोटक प्लांट कर दिए। एक संदेश ने विस्फोटक एक्टिवेट किया और हजारों पेजर एक साथ फट गए। हिजबुल्ला इस त्रासदी से उबर भी नहीं पाया था कि सैकड़ों वाकी-टाकी उपकरणों, लैपटॉप और यहां तक कि सोलर उपकरणों में भी ऐसे ही धमाके हुए। ताजातरीन खबरें तो यह हैं कि एक बेहद खुफिया और सोचे समझे तरीके से इजराइल ने एक फर्जी कंपनी के माध्यम से यह पेजर खुद बनाकर गोल्ड अपोलो कंपनी को सप्लाई किए जो अंतत: हिजबुल्ला के सदस्यों तक पहुंचे। हमास के सुप्रीम कमांडर इस्माइल हानियां की इजरायल के दुश्मन नंबर एक ईरान की राजधानी तेहरान में हुई हत्या भी तकनीक के दम पर ही संभव हुई थी।

इस घटना से उपजी चिंताएं भयावह हैं। इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई.ओ.टी.) तकनीक ने साईबर पहुंच को उपयोग की लगभग हर वस्तु तक पहुंचा दिया है। इस तकनीक से बिजली, मोटर वाहन, सुरक्षा और निगरानी, स्वास्थ्य प्रबंधन, कृषि, स्मार्ट होम और स्मार्ट सिटी जैसे बुनियादी ढाँचे को उन्नत किया जा रहा है। उपभोक्ता भी चाहता है कि दैनिक उपयोग की हर वस्तु हर वक्त उसकी पहुंच हो। कंपनियां इस कमजोरी का फायदा उठाकर हर उपभोक्ता उपकरण में यह तकनीक अपना रही हैं। कंपनियों को छुपा फायदा यह भी है कि उन्हें मार्केटिंग के लिए महत्वपूर्ण डाटा फ्री मिल रहा है जिसका उपयोग वे न सिर्फ खुद करती हैं बल्कि उसे बेचकर पैसा भी कमाती हैं। अनुमान है कि 2025 तक वैश्विक स्तर पर लगभग 11.4 बिलियन उपभोक्ता और 13.3 बिलियन इंटरप्राइजेज़ आई.ओ.टी. डिवाइस से युक्त होंगे और साईबर हमलों की पहुंच में होंगे। इनमें मोबाइल, कार , स्मार्ट वॉच, हैल्थ मानीटर, फ्रिज, टीवी , एयर कंडीशनर समेत पेसमेकर जैसे बैटरी से चलने और शरीर के अंदर लगाए जाने वाले मेडिकल उपकरण भी शामिल हैं। पेजर धमाके बताते हैं कि ऐसे किसी भी उपकरण को बम में तब्दील करना संभव है। अधिसंख्य लोग मोबाईल से निकलने वाले घातक रेडिएशन के खतरे से अपरिचित होंगे। विभिन्न देशों में इस रेडिएशन लिए अलग-अलग सीमाएं तय हैं। क्या तकनीक के बल पर इस रेडिएशन को जानलेवा घातक स्तर तक बढ़ाया जा सकता है ? अगर हां तो यह खतरे की एक और घंटी है।

यूक्रेन युद्ध का प्रारंभिक अनुमान था कि ताकत के दम पर रूस इसे कुछ ही दिनों में खत्म कर देगा। सारे अनुमान गलत साबित हुए और लगभग दो साल का लंबा समय बीतने के बावजूद यह अब भी जारी है। पश्चिमी देशों द्वारा दिए गए उन्नत तकनीकी उपकरणों के दम पर यूक्रेन न सिर्फ युद्ध में बना हुआ है बल्कि उसने रुस जैसे ताकतवर देश को गहरा नुकसान भी पहुंचाया है। इजरायल की हमास तथा हिजबुल्ला जैसे आतंकवादी संगठनों के साथ चलने वाली लंबी लड़ाई भी तकनीक के प्रयोग से निर्णायक स्थिति में पहुंचती दिख रही है। जाहिर है, भविष्य के युद्ध सेनाओं और हथियारों नहीं बल्कि वातानुकूलित कक्षों में तकनीक के दम पर लड़े जाएंगे। साईबर हमलों की ऐसी श्रृंखला युद्धों और आतंकवादी गतिविधियों तक ही सीमित नहीं रहेगी। ऐसे एक हमले से किसी भी देश की पूरी आर्थिक और जनोपयोगी व्यवस्था छिन्न-भिन्न कर उसे पंगु बनाया जा सकता है।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी न सिर्फ व्यक्तिगत बल्कि वैश्विक सुरक्षा की भी सबसे महत्वपूर्ण आधुनिक चुनौतियों में से एक है। राज्य विशेष या आतंकवादी समूह के हाथ में पहुंचकर ऐसी तकनीक कितनी विध्वंसक हो सकती है, सोच कर ही सिहरन होती है। बुनियादी ढांचे या सैन्य रसद नेटवर्क को नष्ट करने के लिए किया गया साईबर हमला कभी भी अंतरराष्ट्रीय संकट साबित हो सकता है। परमाणु अप्रसार संधि की तर्ज पर ऐसी अंतरराष्ट्रीय सहमति जरूरी है जो इसका नियमन करे। प्रयास हो तो रहे हैं मगर प्रगति धीमी है। अगर लेबनान में हुए धमाकों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस विषय पर और शीघ्रता से सोचने पर मजबूर किया तो यह त्रासदी से सबक सीखने की अच्छी बानगी होगी।

-चैतन्य भट्ट

# स्वच्छ भारत अभियान का एक दशक

साल 2020 से स्वच्छ भारत अभियान संपूर्ण स्वच्छता अभियान में तब्दील किया जा चुका है. इसके लिए 1.40 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है. जाहिर है कि स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है, लेकिन यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि देश ने इस दिशा में सब कुछ हासिल कर लिया है. अब भी हमारे देश के कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां का मानस सार्वजनिक स्वच्छता को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध और सचेत नहीं हो पाया है. इस वर्ग को पूरी तरह प्रतिबद्ध और सचेत करना आवश्यक है।

साल 1901 के कोलकाता के कांग्रेस अधिवेशन में दक्षिण अफ्रीका से हिस्सा लेने पहुंचे गांधी जी को अजीब अनुभव हुआ. शिविर में सफाई की हालत बेहद खराब थी. गांधी जी से बर्दाश्त नहीं हुआ. अधिवेशन में सहयोग के लिए तैनात स्वयंसेवकों से उन्होंने स्वच्छता की बाबत बात की, तो उन्होंने टका-सा जवाब दे दिया, 'यह हमारा काम नहीं है, यह सफाईकर्मी का काम है'।

गांधी जी ने अपने कपड़े उतारे, झाड़ू लेकर गंदगी साफ करने में जुट गये. भारतीय राजनीति में तब तक गांधी का सितारा बहुत नहीं चमक पाया था, लेकिन उन्होंने राजनीति की दुनिया में सफाई के विचार का बीज रोप दिया. बाद के दिनों में उन्होंने विचार दिया- स्वतंत्रता से ज्यादा जरूरी स्वच्छता है. गांधी के रचनात्मक शिष्यों, यथा विनोबा, ठक्कर बापा आदि ने स्वच्छता के इस गुर को बहुत आगे बढ़ाया. पर मुख्यधारा की राजनीति ने इस गांधीवादी दर्शन को उसी रूप में बाद में शायद ही स्वीकार किया।

इन संदर्भों में देखें, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले राजनेता हैं, जिन्होंने स्वच्छता और शौचालय क्रांति की बात की. शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कोई प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से शौचालय क्रांति की बात करेगा. इसके डेढ़ महीने बाद गांधी जयंती पर दो अक्तूबर 2014 को उन्होंने खुद फावड़ा और झाड़ू उठा लिया. इसके साथ देश के सामने एक नया अभियान आया- 'स्वच्छ भारत अभियान'।

स्वच्छ भारत अभियान के एक दशक पूरे हो गये हैं. इस दौरान स्वच्छता के मोर्चे पर देश ने बहुत कुछ हासिल किया है. ऐसा नहीं कि भारत में स्वच्छता की अवधारणा नहीं रही है. भारत के प्राचीन ग्रंथ, सामाजिक व्यवस्था और मंदिर संस्कृति की परंपराएं स्वच्छता की भारतीय धारा की गवाह हैं. यह कह सकते हैं कि बाद के दिनों में भारतीय स्वच्छता सिर्फ व्यक्तिगत स्वच्छता तक सीमित रह गयी थी।

शायद ही कोई भारतीय घर होगा, जहां रोज झाड़ू ना लगती हो. स्वच्छ भारत अभियान के पहले होता यह था कि झाड़ू लगती तो थी, लेकिन कूड़ा गली में या सड़क पर या सार्वजनिक जगहों पर फेंक दिया जाता था. प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के शुरू करने के बाद इस सोच में बदलाव आया है. वैसे मानव स्वभाव कोई बिजली का बल्ब नहीं है कि बटन दबाया और जल या बुझ जायेगा. उसमें बदलाव आने में देर होती है. इसीलिए स्वच्छता के मोर्चे पर हम देखते हैं कि सौ प्रतिशत सफलता हासिल नहीं की जा सकी है. रेलवे लाइनों के किनारे पड़े कूड़े के अंबार अब भी बने हुए हैं. लेकिन बीते दस वर्षों में यह सोच विकसित हुई है कि सार्वजनिक स्वच्छता भी जरूरी है. नयी पीढ़ी के बच्चे तो अब बड़ों को सार्वजनिक गंदगी के लिए टोक देते है।

महात्मा गांधी ने कहा था, 'मैं किसी को भी अपने दिमाग से गंदे पैर लेकर नहीं गुजरने दूंगा.' इस दर्शन पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान शुरू करते हुए कहा था, 'न मैं गंदगी करूंगा, न मैं गंदगी करने दूंगा.' सार्वजनिक समारोहों में उनकी यह सोच अक्सर परिलक्षित होती है. किताब आदि के विमोचन के दौरान रैपर आदि को वे मोड़कर अपनी जेब में रख लेते हैं।

इससे अधिसंख्य लोगों ने प्रेरणा ली है. स्वच्छता अभियान की सफलता ही कहेंगे कि बारह करोड़ घरों में शौचालय बन चुके हैं. अभियान की एक दशक की यात्रा में खुले में शौच की कुप्रथा तकरीबन खत्म हो गयी है. स्वच्छता का मतलब सिर्फ सफाई ही नहीं, खाने-पीने की चीजें भी स्वच्छ होनी चाहिए. इस लिहाज से हर घर नल जल योजना को भी स्वच्छ भारत अभियान से जोड़ सकते हैं, जिसके तहत पाइप से स्वच्छ पानी की आपूर्ति की कवरेज दस सालों में 16 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत हो गयी है. धुएं के प्रदूषण से महिलाओं को रोजाना दो-चार होना पड़ता था. उज्ज्वला योजना के जरिये इस दिशा में स्वच्छ भारत अभियान को सफल कहा जा सकता है. इस योजना के तहत 11 करोड़ घरों में रसोई गैस का कनेक्शन पहुंच चुका है।

हाल में विश्व प्रसिद्ध पत्रिका 'नेचर' में स्वच्छ भारत अभियान के बाद आये बदलावों पर एक लेख छपा था. यह आलेख कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान और ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के एक शोध पर आधारित है. इससे पता चलता है कि खुले में शौच की कुरीति खत्म होने और शौचालय क्रांति से देश में शिशु मृत्यु दर में कमी आयी है. शोध पत्र में कहा गया है कि हर वर्ष करीब 60 से 70 हजार शिशुओं की मृत्यु रोकने में सफलता मिली है तथा 2000 से 2015 की तुलना में 2015 और 2020 के बीच शिशु मृत्यु दर एक तिहाई रह गई. वर्ष 2000 और 2015 के बीच शिशु मृत्यु दर में जहां तीन प्रतिशत वार्षिक की गिरावट रही, वहीं बाद में यह गिरावट आठ से नौ प्रतिशत ज्यादा हुई। इसी तरह, 2000 और 2015 के बीच की तुलना में बाद के वर्षों में शिशु मृत्यु दर में 10 प्रतिशत तक की गिरावट आयी. साल 2014 में शिशु मृत्यु दर जहां 39 अंक थी, वह साल 2020 में घटकर 28 रह गयी। स्वच्छता अभियान की सफलता की कहानी विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट भी कहती है, जिसके अनुसार, स्वच्छता अभियान के चलते 2014 से 2019 के बीच डायरिया से होने वाली मौत के करीब तीन लाख मामले कम हुए. खुले में शौच की कुरीति खत्म होने से हर परिवार के स्वास्थ्य पर होने वाले करीब 50 हजार रुपये सालाना के खर्च की बचत हुई है। इसके साथ ही भूजल की गुणवत्ता भी पहले की तुलना में बेहतर हुई है. शौचालय क्रांति के चलते अब करीब 93 प्रतिशत महिलाएं ज्यादा सुरक्षित महसूस करती हैं क्योंकि अब उन्हें शौच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता. साल 2020 से स्वच्छ भारत अभियान संपूर्ण स्वच्छता अभियान में तब्दील किया जा चुका है।

# सुप्रीम कोर्ट की सही सीख, विभाजनकारी राजनीति से देश की विविधता को हथियार बना रहीं राजनीतिक पार्टियां

वर्ष 2024 के लोक सभा चुनावों के दौरान राजनीतिक बढ़त हासिल करने की हताश कोशिश में दोनों प्रमुख राजनीतिक ताकतों सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी कांग्रेसनीत 'इंडिया' गठबंधन ने विभाजनकारी राजनीतिक भाषणों के जरिये देश की विविधता को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया।

सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने उस समय इस ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया जब उसने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को फटकार लगाई। यह फटकार नायडू के इस आरोप के लिए लगाई गई कि प्रदेश की पिछली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार के कार्यकाल में तिरुपति के लड्डुओं में पशुओं की चर्बी का इस्तेमाल किया गया।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि नायडू को 'ईश्वर को राजनीति से दूर रखना चाहिए', खासकर ऐसे समय में जब मामले की जांच चल रही है और परीक्षण की जो रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं वे प्रथम दृष्टया ऐसा संकेत नहीं देती हैं कि लड्डुओं में पशुओं की चर्बी है। परंतु लाखों हिंदुओं की गहरी धार्मिक आस्थाओं से जुड़े एक मुद्दे पर देश की सबसे बड़ी अदालत का पर्यवेक्षण जल्दी शांत नहीं होगा।

इस विवाद ने विश्व हिंदू परिषद की उस पुरानी मांग के लिए आग में घी का काम किया है जिसके तहत वह चाहती है कि मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाए। अब उसने इसके लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान छेड़ने की बात कही है। संयोग से यह विवाद उस समय सामने आया है जब हरियाणा तथा जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनाव हो रहे हैं और महाराष्ट्र और झारखंड में जल्द चुनाव होने हैं।

राजनेताओं के लिए सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना और नफरती भाषणों तथा धार्मिक और जातिवादी बातें करना एकदम आम हो चुका है। भारतीय निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता के पहले बिंदु में कहा गया है, 'किसी राजनीतिक दल या प्रत्याशी को ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए कि जो विभिन्न जातियों, समुदायों, धार्मिक या भाषाई समूहों के बीच तनाव पैदा करे, आपसी नफरत को बढ़ावा दे या पहले से मौजूद तनावों को और बढ़ाए।' इस बिंदु में यह भी कहा गया है, 'वोट हासिल करने के लिए जातियों या संप्रदायों से किसी तरह की अपील नहीं की जानी चाहिए और मस्जिद, चर्च, मंदिर या अन्य उपासना स्थलों को चुनावी प्रचार का केंद्र नहीं बनाया जाना चाहिए।'

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए), 1951 की धारा 123 (3) में कहा गया है कि धर्म, जाति, नस्ल, समुदाय या भाषा के आधार पर वोट मांगना भ्रष्ट चुनावी आचरण में आता है। आरपीए की धारा 8 (ए) के अनुसार अगर कोई व्यक्ति चुनाव में भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया जाता है तो उसे छह साल के लिए चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित किया जा सकता है या छह साल के लिए मतदान करने से भी रोका जा सकता है।

जैसा कि 2024 के लोक सभा चुनाव प्रचार अभियान से सामने आया, लगभग सभी राजनीतिक विचारधाराओं के कई प्रमुख राजनेताओं ने आदर्श आचार संहिता और जनप्रतिनिधित्व कानून के सिद्धांतों का भरपूर उल्लंघन किया। बीते तमाम वर्षों के दौरान न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग ने ऐसी राजनीति पर अंकुश लगाने की कोशिश अवश्य की लेकिन उन्हें नाकामी हाथ लगी।

# इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर। मॉंग की सुस्तता से शनिवार को स्थानीय अनाज मंडी में चना घटाकर बोला गया। उड़द व मूंग में मजबूती रही। खाद्य तेलों में व्यापार सामान्य रहा। तिलहनों में सरसो व रायडा मजबूती पर रहा। किराना जिंसों में शक्कर व खोपरा गोला मजबूत रहा।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में मॉंग वाली बात नहीं है। मॉंग की सुस्तता से चना आज भी 50 रू. प्रति क्विंटल घटाकर बोला गया। उड़द व मूंग में मजबूती आयी। खाद्य तेलों में व्यापार सामान्य ही रहा। तिलहनों में सरसो व रायडा में मजबूती देखी गयी। उधर, किराना जिंसों में शक्कर व खोपरा गोला मजबूत बना रहा। भाव इस प्रकार रहे –

**किराना** – शक्कर 4010-4030, खोपरा गोला 160-190, खोपरा बूरा 4000-5500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 340-345, मीडियम 360-380, बेस्ट 390-410, ऊंझा हल्का 345-350, मीडियम 365-375, बेस्ट 390-400, हल्दी निजामाबाद 200-220, सांगली 270-280, साबूदाना हल्का 5800-6000, मीडियम 5900-6050, बेस्ट 6100-6300, वरलक्ष्मी 6400, ग्लास 7000-7300, सौंफ मोटी 105-115, मीडियम 125-145, बेस्ट 175-225, सौंफ बारिक 350-375, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 715-718, गरबल 682-710, मटरदाना 785-797, खसखस अनक्लीन 725-800, क्लीन 1025-1175, दालचीनी 245-255, जायफल 580-650, बेस्ट 700-710, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 91-101, पत्थर फूल 350-380, बेस्ट 475-480, जावत्री 1900-2000, केसर 190-200, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 770-800, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2200-2300, बोल्ड 2300-2500, एक्ट्रा बोल्ड 3100-3200, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1375-1450, मीडियम 1500-1600, बेस्ट 1625-1700, तरबूज मगज 480-520, बेस्ट 575-625, काजू (240) 870-900, काजू (320) 800-825, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-775, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 750-800, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना1025-1500, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1500-1530, मैदा कट्टा 1510-1510, रवा कट्टा 1540-1550, बेसन 4000 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2250-2300, (160) 2650-2700, (200) 3050-3100, (250) 3300-3400

**तेल** – सींगदाना 1460-1480, मुम्बई 1520, राजकोट तेलिया 2360, सोया साल्वेंट 1215-1220, सोया रिफाइंड 1270-1275, कपास्या 1275-1280, धूलिया 1280, कड़ी 1280,

**रात की धारणा** – गुजरात लुज 1460, मुम्बई पाम 1310, मुम्बई सोया 1280,

**खली** – कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2300, देवास-उज्जैन 2300, खंडवा-बुरहानपुर 2275, अकोला 3650 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** – सरसो 5800-5900, एवरेज 5800-6000, रायडा 5800-6000, सोयाबीन 4000-4200, सूखा सोयाबीन 4600-4700, टोली (महुआ बीज) 4300-4350, करंज 4250-4300, अलसी 7500-7600,

**दलहन** – चना कांटेवाला बेस्ट 7500-7550, एवरेज 7300-7350, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 8000-8100, पाला 8100-8200, चमकी 8200-8300, नायलोन 8400-8500, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9700-9800, एवरेज 9500-9600, हल्की 9300-9400, तुअर महाराष्ट्र 10700-10800, उड़द बेस्ट 9100-9200, एवरेज 8900-9000, शंकर 8700-8800, हल्की 8500-8600,

**दाल** – चना दाल एवरेज 8900-9000, मीडियम 9100-9200, बोल्ड 9300-9400, तुअर दाल सवा नं. 13300-13400, तुअर दाल फूल 14400-14500, तुअर दाल बोल्ड 15100-15300, मसूर दाल एवरेज 7000-7100, मीडियम 7150-7200, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 9400-9600, बोल्ड 9700-9900, मूंग मोगर 10200-10300, बोल्ड 10400-10500, उड़द दाल 11000-11100, बोल्ड 11200-11300, मोगर 10800-10900, बोल्ड 11000-11200,

**अनाज** – गेहूं मिल क्वालिटी 2650-2700, लोकवन 2950-3000, एवरेज 2700-2800, (147) 2850-2900, एवरेज 2700-2800, मालवराज 2850-2875, पूर्णा 2850-2900, चन्द्रोसी 3400-4000, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2600-2625, गज्जर 2500-2550,

**चावल** – चावल हंसा सफेद 2800-3000, सेला 3400-3600, परमल 3200-3400, दुबराज 4500-5000, राजभोग 6500-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8000-9000, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-7000, तिबार 9500-10500, बासमती (921) 11000-12000, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100,

## क्रूड ऑयल की कीमतों में बढ़ोत्तरी .... आज बदली पेट्रोल और डीजल की कीमतें

नई दिल्ली (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों में बढ़ोत्तरी हो रही है। अब इसका रेट 74.45 रुपये प्रति बैरल हो गया है। पिछले कुछ दिनों से कच्चे तेल की कीमतों में यह बढ़ोत्तरी देखा रही है। भारतीय तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतों के आधार पर रोजाना पेट्रोल-डीजल की कीमतों का संशोधन करती हैं।

शनिवार को देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें (प्रति लीटर) इस प्रकार है। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 और डीजल 87.62, मुंबई में पेट्रोल 104.21 और डीजल 92.15, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 और डीजल 91.76, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 और डीजल 92.34, बेंगलुरु में पेट्रोल 102.84 और डीजल 88.95, क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतों के कारण भारत में भी पेट्रोल-डीजल के दामों में बदलाव हो रहे हैं।

# आज का राशिफल

**मेष** – आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। व्यापार कर रहे लोग किसी के साथ कोई साझेदारी कर सकते हैं, जो उनके लिए अच्छी रहेगी। आपके घर में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी, जिससे आपको लाभ होगा। आपको ऑफिस में अपने बॉस की बातों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप अपने आसपास के लोगों से भी आसानी से काम निकलवा सकेंगे।

**वृषभ** – आज आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप अपनी सुख सुविधाओं को पूरा करने को लेकर योजना बनाएंगे। व्यापार में भी आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आप अपनी सेहत के प्रति कोई लापरवाही ना बरतें। यदि आपको कुछ मौसमी बीमारियां चल रही है, तो आप उनमें ढील ना दें, जो व्यापारी विदेशों से व्यापार करते हैं, उन्हें किसी काम को लेकर समस्या आ सकती है।

**मिथुन** – आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप किसी की सुनी सुनाई बातों में ना आएं और आर्थिक स्थिति को लेकर यदि आपको कोई टेंशन चल रही है, तो वह भी दूर होगी। आपने यदि किसी मित्र या बैंक, व्यक्ति, संस्था से धन उधार लेने की प्लानिंग की है, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगी। बिजनेस में आप किसी योजना को लेकर यदि परेशान चल रहे थे, तो उसमें आपको अच्छा लाभ देगी।

**कर्क** – आज आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने की संभावना है और आपके कामों को पूरा करने में यदि कुछ समस्या आ रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आपके पिताजी को कोई पेट से संबंधित समस्या हो सकती है। जीवनसाथी अपनी नौकरी में व्यस्त रहेंगे, जिस कारण वह अपने परिवार की जिम्मेदारियां को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**सिंह** – आज का दिन आपके लिए बिजनेस में योजनाओं को बनाकर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपने काम को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आपकी संतान आपसे किसी काम को लेकर बातचीत कर सकती है। आपको अपने सहयोगियों से मन की बातों को लेकर बातचीत करनी होगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि कोई लड़ाई झगड़ा चल रहा है, तो वह दूर होगा। आपको किसी यात्रा पर जाना बेहतर रहेगा।

**कन्या** – आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। यदि आप ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कुछ धन उधार लेने की सोच रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको अपने किसी मित्र की सेहत की चिंता सता सकती है कार्यक्षेत्र में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा। आपके परिवार में कोई सदस्य किसी बात को लेकर नाराज रहेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी।

**तुला** – आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप अपनी संतान के करियर को लेकर कोई फैसला ले सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से सावधान रहना होगा। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। आपको जीवनसाथी के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। आप किसी के कहने में आकर कोई काम ना करें, नहीं तो उसमें आपसे गलती होने की संभावना है।

**वृश्चिक** – आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर संयम रखने की आवश्यकता है। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आप अपने पिताजी से किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य से चल रही अनबन बातचीत के जरिए दूर होगी। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। आप अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपका कोई मित्र आपसे किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकता है। परिवार में आपके ऊपर जिम्मेदारियां का बोझ अधिक रहेगा। आप अपनी संतान के लिए किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं।

**मकर** – आज का दिन आपके लिए सावधानी और सतर्कता बरतने के लिए रहेगा। आपको लेनदेन बहुत ही सोच विचार कर करने होंगे। यदि अपने ससुराल पक्ष की किसी व्यक्ति से लेनदेन किया, तो इससे आपके आपसी रिश्तों में दूरियां आने की संभावना है। आपका किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है, जिसके लिए आपको माफी भी मांगनी पड़ सकती है।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए धार्मिक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। सामाजिक कार्यों में आपकी खूब रुचि रहेगी। आप अपने किसी काम को लेकर मनमर्जी ना चलाएं, नहीं तो इससे आपके काफी काम लटकने की संभावना है। आपको अपने परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। यदि आप किसी नए वाहन के खरीदारी करना चाहते हैं।

**मीन** – आज का दिन आपको अपने विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है और आप अपनी आय को बढ़ाने पर पूरा ध्यान देंगे, जिसके लिए आप कुछ नई जगह निवेश करने के बारे में भी सोचेंगे। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। भाग्य के दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहने वाला है।

## शब्दजाल- 7682

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख | न | र | कु | डु | प्ली | के | ट | ला | नी | क |
| ज | या | फु | ज | इं | डो | ने | ह | क | गु | प |
| फ | दौ | आ | ट | म | न | इ | दो | न | ना | म |
| च | र | रा | मा | पा | ल | स | रा | प | ह | ह |
| स | म | बा | ज | त | त | उ | हें | ख | री | म |
| डै | जे | ज | र | नी | द | ला | म | ल | ड़ | द |
| डी | मा | दे | ख्म | व | बा | स | म | पी | ख | स्त |
| र | दे | श | बा | र | प | र | थ | ड़ | भ | क |
| म | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | थ | थ |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | है |
| ते | रा | जा | क | दि | प | ने | सा | थी | स | म |

शब्दजाल में महेश भट्ट निर्देशित 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

फुटपात, राज, जख्म, डुप्लीकेट, दो राहें, दस्तक, गुनाह, साथी, डैडी, नया दौर,

### शब्दजाल - 7681 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श | मु | फ | रे | ब | हो | प | न | र | त |
| क्स | क्रि | पिं | ना | द | म | जा | जा | गो | घा | छ |
| न | के | ज | हे | नि | इं | ना | न | व | टि | दि |
| बी | ट | र | न | शा | वा | त | क | ले | ज | ल |
| च | दा | त | प | ने | तो | हो | का | गो | ब | प |
| ब | त | त | स | ग | स | ए | व | म | वॉ | र |
| द | प | शू | न | त्या | व | ह | अ | गो | प्ला | म |
| क | र | क | ल | र | ह | भा | र | चो | आ | त |
| र | व | त | म | ए | भी | क | क | अ | न | ले |
| जू | बे | दा | त | र | क | ता | ण | र | ह | या |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | म | क | प | स्त | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6626

**बायें से दायें:-**

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमी' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 6625

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बु | लं | दी | | अं | दा | ज | | य | श |
| झ | | पा | की | जा | | मी | ना | | ह |
| मि | ली | | | म | द | र | | स | जा |
| ल | | सू | र्या | | डॉ | | क्ट | र | दा |
| ग | द | र | | ध | न | वा | न | | |
| या | | ज | ख्मी | | | रि | | जी | त |
| | डि | | | वि | रा | स | त | | र |
| अ | नो | खा | अं | दा | ज | | ला | ड़ | ला |
| ना | | मो | | ई | | जो | श | | |
| ड़ी | | शी | बा | | ड | र | | जु | र्म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8150

**बाएँ से दाएँ**

1.अधिकार-2
3.समुद्र,दरिया-3
6.आनंद,रस-2
8.दबाना,कुचलना-3
10.गुंडा,बदमाश-3
12.पासों से भविष्य जानना-3
14.नाप जोख करना-3
17.जलजला-3
19.असफल-3
21.मगन,रत-2
23.व्यक्ति,जीव-3
25.सम्राट,नरेश-2
26.कार्य करने वाला-3
28.उपनदी,कैनाल-3
30.मां का प्रेम-3
32.पढ़ना,अध्ययन-3
35.पक्षाघात,फालिज-3
37.सेनापति-3
39.दूल्हा,वरदान-2
40.पक्ष,एक ओर-3
41.भीगा हुआ

**ऊपर से नीचे**

1.सीमा,सरहद-2
2.कटि,मध्यांग-3
4.दुख,कष्ट-2
5.गमन,विदा होना-3
7.शराब का प्याला-2
9.एक नमकीन लवण-3
11.आलेप करना-3
13.बोलने का तरीका-3
15.अयोग्य,बेकार-3
16.तहजीब,तमीज-3
18.रत्न,बहुमूल्य नग-3
20.व्यंग,परिहास-3
22.मुलायम,नाजुक-3
24.कॉफी-3
27.पंकज,नीरज,जलज-3
29.निर्माण-3
31.बल,दम,जोर-3
33.नेत्र,आंख-3
34.नौका-2
36.घात,प्रहार-2
38.जरा,थोड़ा-2

### शब्द पहेली -8149 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | द | न | | चा | त | क | | त |
| | र्श | | क | ल | ह | | र | वा |
| ता | न | | ह | | खा | लि | स | |
| क | | का | र | खा | ना | | भ | |
| त | री | का | | विं | | श | रा | रा |
| | मी | | अ | द | र | क | | ज |
| | से | ह | रा | | ह | | आ | न |
| जा | न | | ज | ही | न | | स | |
| म | | म | क | र | | स | न | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

6 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

(कुंडली: ७ शुक्र चंद्र, ८, बुध, सूर्य, केतु ६, ५, ४, ९, ३ मंगल, १२, राहु, गुरु २, १०, ११ शनि, १)

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 06.45 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृश्चिक | 09.00 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.16 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.21 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.07 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 16.40 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.11 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 19.51 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 21.49 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 00.02 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | सिंह | 02.19 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 04.30 बजे से |

**रविवार** 2024 वर्ष का 280 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 07.50 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 00.11 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** विष्कुम्भ 06.08 बजे को समाप्त।
**करण** गर 07.50 बजे तदनन्तर वणिज 20.52 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 13'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872124
**जूलियन दिन** 2460589.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उस्सानी
**तारीख** 02 **विशेष** विनायक चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: संतोष का धन

आसफउद्दौला एक नेक बादशाह था। जो भी उसके सामने हाथ फैलाता, वह उसकी झोली भर देता। एक दिन उसने एक फकीर को गाते सुना- जिसको न दे मौला उसे दे आसफउद्दौला। बादशाह खुश हुआ। उसने फकीर को एक बड़ा तरबूज दिया। फकीर ने तरबूज ले लिया, मगर वह दुखी था। उसने सोचा कि बादशाह को कुछ बहुमूल्य चीज देनी चाहिए थी। कुछ ही देर बाद एक और फकीर बादशाह के पास से गाता हुआ गुजरा- आसफउद्दौला है कौन भला, देने वाला तो सिर्फमौला। ये बोल बादशाह को अच्छे नहीं लगे। उसने फकीर को बेमन से दो आने दिए। फकीर दो आने लेकर खुशी से झूमता हुआ वहां से चल दिया। रास्ते में दोनों फकीरों की मुलाकात हुई। पहले फकीर ने दूसरे से पूछा कि उसे बादशाह ने क्या दिया। यह जानकर कि उसे दो आने मिले हैं, वह बोला- तुम्हें तो फिर भी अधिक मिले, मुझे तो सिर्फ तरबूज मिला। फिर पहले फकीर ने दूसरे से दो आने लेकर वह तरबूज उसे बेच दिया। दूसरा फकीर खुशी-खुशी तरबूज लेकर घर लौटा। उसने तरबूज काटा तो उसकी आंखें फटी रह गईं। उसमें अशर्फियां भरी हुई थीं। कुछ दिन बाद पहला फकीर फिर आसफउद्दौला के पास खैरात मांगने पहुंचा। आसफउद्दौला ने उसे पहचानकर पूछा- उस दिन जो तरबूज दिया था, वह कैसा निकला? फकीर ने बताया कि उसे तो उसने दो आने में बेच दिया। तब बादशाह ने कहा- तरबूज में अशर्फियां थीं, पर तुमने उसे बेच दिया। तुम्हारे पास संतोष का धन नहीं है, इसलिए दूसरा कोई धन तुम्हारी चाह पूरी नहीं कर सकता।

## सूडोकु नवताल- 6935

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6934 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 बिलियन डॉलर पार

नई दिल्ली । भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर गया है। पहली बार विदेश मुद्रा भंडार इस ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा है। बीते महीने 27 सितंबर 2024 को समाप्त हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 12.588 बिलियन डॉलर के उछाल के साथ 704.885 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले हफ्ते 692.29 बिलियन डॉलर था। इस बढ़ोतरी के पीछे मुख्य कारण एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेश) में भारी वृद्धि है, जिससे फॉरेन करेंसी रिजर्व में इजाफा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (ऋब्ह्) द्वारा 4 अक्टूबर 2024 को जारी डेटा के अनुसार, फॉरेन करेंसी एसेट्स में 10.46 बिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे यह 616.154 बिलियन डॉलर हो गया। इसके अलावा, सोने के दामों में उछाल से आरबीआई के गोल्ड रिजर्व की वैल्यूएशन में भी बढ़ोतरी हुई, जो 2.184 बिलियन डॉलर की बढ़त के साथ 657.96 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। एसडीआर (स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स) में भी 308 मिलियन डॉलर की वृद्धि देखी गई, जिससे



इसका स्तर 18.54 बिलियन डॉलर हो गया है। हालांकि, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड में जमा रिजर्व में 71 मिलियन डॉलर की गिरावट के साथ यह 4.38 बिलियन डॉलर पर आ गया।

बैंक ऑफ अमेरिका ने अनुमान जताया है कि मार्च 2026 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 745 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। बैंक ऑफ अमेरिका के एनालिस्ट राहुल बजोरिया और अभय गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय बैंक बड़े विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर सहज दिख रहा है, क्योंकि यह आकस्मिक बाहरी जोखिमों के खिलाफ एक मजबूत बफर के रूप में कार्य कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का भंडार अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले मजबूत है, हालांकि यह अति-प्रचुर नहीं है।

# देश के इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को उम्मीद

नई दिल्ली। देश के इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को अगले 12 माह के दौरान लीथियम आयन बैटरी की कीमत में 5 से 10 प्रतिशत की गिरावट होने की उम्मीद है। उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बैटरियां मुख्य तौर पर चीन से आती हैं और चीनी बैटरियों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए दंडात्मक टैरिफ के बाद इन बैटरियों के सस्ते होने की उम्मीद है। कुछ दिन पहले ही बाइडेन प्रशासन द्वारा तय की गई टैरिफ से इन बैटरियों के चीनी निर्यात पर गंभीर असर पड़ सकता है। अपने घरेलू उद्योग को प्रतिस्पर्धा से बचाने ने अमेरिका ने इस साल से इलेक्ट्रिक वाहन के लिए जरूरी लीथियम आयन बैटरी पर आयात शुल्क 7.5 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया है।

चीन की अतिरिक्त बैटरी उत्पादन क्षमता से प्रेरित पिछली भारी गिरावट के कारण वाहन विनिर्माताओं की लागत में गिरावट आने की संभावना है। भारतीय विनिर्माताओं के लिए निकल मैंगनीज कोबाल्ट (एनएमसी) बैटरियों की कीमत सितंबर में कम होकर 90 डॉलर प्रति किलोवॉट हो गई है, जो छह माह पहले 100 डॉलर थी यानी इसमें 10 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा, लीथियम आयरन फॉस्फेट (एलएफपी) बैटरियां भी पहले से कहीं ज्यादा किफायती हो गई हैं। भारत के लिए एलएफपी सेल की कीमत सितंबर में घटकर 65 से 70 डॉलर प्रति किलोवॉट हो गई, जो छह महीने पहले 75 डॉलर थी। एलएफपी और सामान्यत: उपयोग की जाने वाली एनएमसी बैटरियों की कीमत में इस अंतर के बाद कई कंपनियों को सस्ते विकल्पों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया है। उदाहरण के लिए एथर एनर्जी ने अपने आईपीओ मसौदे में बताया है कि वह अपने कुछ इलेक्ट्रिक स्कूटरों में एलएफपी बैटरी के उपयोग पर विचार कर रही है और इसका परीक्षण पहले से ही चल रहा है। टाटा मोटर्स और एमजी मोटर्स जैसी कार विनिर्माता कंपनियां पहले से ही अपने कुछ मॉडलों में एलएफपी बैटरी का उपयोग कर रहे हैं।

# ड्रेगन की चालाकी आई काम, अर्थव्यवस्था में 15 दिन में 269 लाख करोड़ की वृद्धि

नई दिल्ली। चीन ने हाल ही में अपने शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था को सुधारने बड़ा दांव खेला है। इस दांव के चलते 15 दिनों में चीन ने करीब 269 लाख करोड़ रुपए यानी 3.25 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप बढ़ा लिया है। यह रकम इतनी बड़ी है कि स्विट्जरलैंड, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के कुल मार्केट कैप का भी मुकाबला नहीं कर सकती।

चीन के बैंकिंग और रियल एस्टेट सेक्टर पिछले कुछ समय से दबाव में थे। बैंकों की सुरक्षा के लिए टैंक तक तैनात करने पड़े थे। इस स्थिति से निपटने के लिए चीन ने एक दांव खेला और भारी राहत पैकेज जारी कर दिया। इस राहत पैकेज का असर 15 दिनों में ही साफ दिखाई देने लगा है, जिससे चीन के शेयर बाजार का मार्केट कैप बढ़कर 10.1 ट्रिलियन डॉलर और हांगकांग शेयर बाजार का मार्केट कैप 6 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। चीन के प्रमुख शेयर बाजार शंघाई कंपोजिट इंडेक्स पर लिस्टेड 37 कंपनियों के स्टॉक्स में करीब एक हजार फीसदी का आया है। हांगकांग के हेंगसेंग स्टॉक एक्सचेंज पर भी 19 कंपनियों के शेयरों में 50 से 100 फीसदी इजाफा हुआ है।

चीन के केंद्रीय बैंक पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने प्रमुख ब्याज दर को 1.7 फीसदी से घटाकर 1.50 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा, सरकार ने 142 अरब डॉलर का निवेश भी अर्थव्यवस्था में किया। इन कदमों का नतीजा यह हुआ कि लोन की ब्याज दरें 50 आधार अंक नीचे चली गईं, जिससे देश के पांच करोड़ से ज्यादा परिवारों को आर्थिक राहत मिली।

शेयर बाजार को बूस्ट करने के लिए ब्रोकर्स को 71 अरब डॉलर की स्वैप फैसिलिटी भी दी गई, जबकि लिस्टेड कंपनियों को रीफाइनेंसिंग का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया।

# सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपकर की निष्पक्ष जांच की मांग

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी थाने में 4 अक्टूबर सिविल अस्पताल लांजी में पदस्थ रेडियों ग्राफर तिनेन्द्र बिसेन पर महिला के साथ अभ्रद व्यवहार करने के चलते अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिस संबध में लांजी पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है वही इस घटना को लेकर सिविल अस्पताल लांजी में पदस्थ समस्त डॉक्टर्स एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों ने खेद जाहिर कर आहत होने की बात कही है साथ ही इस संबध में विरोध प्रदर्शन कर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे, एसडीएम प्रदीप कौरव, थाना प्रभारी लांजी को ज्ञापन सौंप कर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। आपने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हमारे अस्पताल में अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर बाहरी महिलाओं के द्वारा गलत आरोप लगाया जा रहा है जो वास्तविक नही है विगत कई वर्षो से हम कार्य कर रहे है ऐसी विषम स्थिती आज तक नही बनी है लेकिन अभी कुछ दिनों से हमारे उपर गलत आरोप लगाये जा रहे है।



वर्तमाल में घटित घटना रेडियों ग्राफर तिनेन्द्र बिसेन पर घटित हुआ है जिस पर झुठे आरोप लगाये गये है। चुकी तिनेन्द्र बिसेन वर्ष 2016 से रेडियोग्राफर पद पर पदस्थ और इनका स्वभाव इस तरह का नही है। उक्त संबध में जो भी आरोप लगाये गये है उसकी पूर्ण रूप से निष्पक्षता के साथ जांच होनी चाहिये।

## कालीमाटी प्रकरण को लेकर डॉक्टर सुजाता गेडाम ने कही बात

हाल ही में कालीमाटी में महिला शोभा सर्पे की मृत्यू हो गई जिस संबध में लांजी हॉस्पिटल से लेकर बालाघाट हॉस्पिटल तक के डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है जिस संबध में डॉ सुजाता गेडाम ने कहा कि 30 सितंबर को कालीमाटी की एक प्रसूता आई थी जिसको तीसरा बच्चा होने वाला था उसको घर पर ही ब्लीडींग हो रही थी वह करीब हॉस्पिटल में 12 बजे आई और उसी दिन 11 बजे मै और डॉ प्रदीप गेडाम हमारी बालाघाट में पास्को एक्ट में पेशी थी न्यायालय मे तो हम बालाघाट चले गये थे। इसी दौरान उक्त पेशेंट आया जिसे बालाघाट एंबुलेंस की सहायता भेजा गया यहां उपस्थित डॉक्टर्स के द्वारा। जब हम बालाघाट कोर्ट से फ्री हुये थे लगभग 2 से 3 बजे तो हम तुरंत बालाघाट हॉस्पिटल गये और नर्सिंग आफिसर से अपडेट भी ले रहे थे की कहा तक पंहुचे है, पूर्व से हमने ब्लड के लिये बोल दिये थे और हमारे द्वारा ही उसे ब्लड आदि लगवाकर उपचार प्रारंभ करवाया गया। उसके बाद वहां उपस्थित डाक्टर्स के द्वारा उपचार किया गया लेकिन हमारे द्वारा कोई भी लापरवाही नही की गई।

# पुलिस ने चालानी कार्रवाई कर वसूला जुर्माना

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में देखा जा रहा है कि आये दिन सड़क दुर्घटनाऐं सामने आ रही है जिसमें सर्वाधिक गंभीर चोटे सर पर लगती है और जन हानि तक हो जाती है जिसको लेकर हमेशा से पुलिस प्रशासन के द्वारा सचेत किया जाता है कि बगैर हेलमेट के उपयोग के वाहनों को ना चलाये, दुसरी ओर चौपहिया वाहनो के द्वारा बगैर सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाये जा रहे है। जिसको लेकर भी हमेशा से पुलिस प्रशासन के द्वारा सचेत कर कार्यवाही की जाती है लेकिन फिर भी क्षेत्र के लोग इस विषय को गंभीरता से नही लेते है जबकि पुलिस यदि कार्यवाही करती है या समझाती है तो उनके भले के लिये ही होता है इस बात को नजर अंदाज कर क्षेत्र मे लोग धडल्ले से बगैर हेलमेट पहने वाहन चलाते नजर आते है खासकर युवा तो बगैर हेलमेट के होते ही सड़को पर भी फर्राटे से वाहनो को चलाते है जिससे दुर्घटनाऐं होने की संभावनाऐं और बढ जाती है। जिसको लेकर भी समय समय पुलिस प्रशासन के द्वारा मुख्य मार्गो पर चेक प्वाईट बनाकर वाहनो की जांच की जाती है ताकि वाहन चालकों को समझाईश दी जा सके। जिसके तहत 5 अक्टुबर को लांजी भिलाई मार्ग पर नीमटोला एवं



कालीमाटी के बीच में लांजी पुलिस के द्वारा वाहनो की सघन जांच की गई जिसमें 8 वाहन चालको से 3400 रूपये वसुले गये जिसमें दुपहिया वाहन 3 एवं चौपहिया वाहन 5 है। इस चालानी कार्यवाही में एएसआई देवराज धुर्वे, आरक्षक नरेन्द्र सोनवे, सचिन बुन्देला, दिलीप यादव, महिला आरक्षक अनारकली भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# महिला की शिकायत पर सिविल अस्पताल में पदस्थ रेडियोग्राफर पर मामला दर्ज

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी पुलिस के द्वारा 4 अक्टुबर को सिविल अस्पताल लांजी में पदस्थ रेडियोग्राफर तिनेन्द्र बिसेन पर महिला द्वारा शिकायत करने के संबध में अपराध दर्ज किया गया है। इस संबध मे महिला ने 4 अक्टूबर को पुलिस लांजी पंहुचकर महिला पुलिस अधिकारी को जानकारी मे बताया कि 30 सितंबर को मेरे गांव की आशा कार्यकर्ता के साथ सिविल अस्पताल लांजी आई थी समय करीब 12 से 1 बजे के बीच डॉ गिरीया ने जांच कर कहा कि एक्सरे करवाना पड़ेगा। वहां मौजूद तिनेन्द्र बिसेन एक्सरा करते है एक्सरे करवाकर रिपोर्ट लेकर आओ। मै एक्सरे करवाने एक्स रे रूम मे गई तो एक्सरा करने वाले ने मेरा एक्सरे किया इस दौरान मैने कमर मे दर्द होता है कहकर बताया तो मुझे दोबारा से एक्स रे लेने की बात कही गई है। इसी पर से महिला ने 4 अक्टुबर को पुलिस थाना लांजी कर एक्सरे टैक्रिशियन तिनेन्द्र बिसेन पर अभ्रद्र व्यवहार करने के आरोप लगाते हुये पुलिस थाना लांजी में शिकायत की गई है। जिस पर लांजी पुलिस ने एक्सरे टैक्रिशियत तिनेन्द्र बिसेन के विरूद्ध अपराध क्रमांक 547/24 धारा 75(2) बी एनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# गायत्री परिवार की बैठक आज

**लांजी (पद्मेश न्यूज)। गायत्री परिवारजनों की आवश्यक बैठक आज 6 अक्टूबर दिन रविवार को दोपहर 12 बजे गायत्री शक्तिपीठ लांजी के सभागार में आहूत की गई है। बैठक में गायत्री परिवार के जिला संयोजक पुष्पेश्वर पिछोड़े द्वारा आगामी 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, ग्राम प्रदक्षिणा कलश यात्रा एवं जनचेतना केन्द्रों के गठन पर विचार विमर्श व चर्चा की जाएगी। बैठक में गायत्री परिवार के सभी ट्रस्टीगण, समन्वय समिति एवं नवचेतना केन्द्रों के सभी परिजनों की उपस्थिति की अपील गायत्री शक्तिपीठ लांजी के पदाधिकारियों ने की है।**

# महिष्मति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन का वार्षिक आमसभा का हुआ आयोजन





लांजी (पद्मेश न्यूज)। विकासखंड अंतर्गत ग्राम टेमनी में महिष्मति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन की वार्षिक आमसभा का आयोजन 5 अक्टूबर को जिला परियोजना प्रबंधक के मार्गदर्शन में किया गया। आम सभा में जानकी बडघैया लक्ष्मी आजीविका ग्राम संगठन ककोडी द्वारा सीएलएफ के आय व्यय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।साथ ही सीएलएफ के अंतर्गत चलने वाली कृषि एवं गैर कृषि गतिविधियां, समस्त प्रकार के कैडर एवं उनके मानदेय, संकुल स्तरीय कार्यालय के देयक आदि विषयों पर जानकारी दी गई। इसी के साथ शासन द्वारा प्राप्त सीआईएफ, आर एफ, मुद्रा लोन, सीसीएल से प्राप्त राशि पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीजी पे सखी, कृषि सखी, पशु सखी और बैंक सखी द्वारा समूह की दीदियों को योजनाओं के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी किरनापुर के द्वारा अपने वक्तव्य में समूह की दीदियों को आय बढ़ाने एवं जागरूक होने संबंधित मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में महिष्मति संकुल स्तरीय संगठन की अध्यक्ष राजकुमारी चौहान, सचिव अनीता कराहटकरे एवं कोषाध्यक्ष संपदा एडे सहित अन्य पदाधिकारीगण, जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र खोंगल, अमृतलाल मेश्राम, अजय अवसरे जनपद उपाध्यक्ष, सभापति दिनेश लाडे, सीएलएफ के कर्मचारी, महिला बाल विकास विभाग के सभापति रेवाजी करहाटकरे, जनपद सदस्य कविता मातरे, सरपंच ग्राम पंचायत टेमनी, मंडल भानेगांव से सीताराम रावते एवं विकासखंड स्तरीय एनआरएलएम टीम से विकासखंड प्रबंधक राजाराम परते एवं ,अतीत फुलमारी व 16 ग्राम संगठनों के समूह पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

लांजी (पद्मेश न्यूज)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार अपने अल्पकालीन दौरा कार्यक्रम के तहत धर्म नगरी लांजी पंहुचे जहां भाजयुमो एवं भाजपा के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष श्री पंवार का गर्मजोशी से स्वागत वंदन किया। कार्यक्रम के तहत सबसे पहले वे लांजी के गुजरी चौक में माँ सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा स्थापित माता रानी के पण्डाल में पंहुचकर माँ दुर्गा के दर्शन प्राप्त किये तथा इसी स्थान पर श्री शतचंण्डी यज्ञ का आयोजन हो रहा है यज्ञशाला के भी दर्शन लाभ श्री पंवार के द्वारा अपने साथियों के साथ लिया गया। दौरा कार्यक्रम को लेकर जब प्रदेश अध्यक्ष श्री पंवार से चर्चा की गई तो आपने बताया कि युवा साथियों से मिलने को लेकर यह दौरा कार्यक्रम था और भारतीय जनता पार्टी का एक बडा वृहद अभियान संपूर्ण देश में चल रहा है हम लोग सदस्यता अभियान को लेकर युवाओं से माताओं बहनो से सभी लोगो से आग्रह कर रहे है। वहीं लांजी में एक भव्य दिव्य यज्ञ हो रहा है उस यज्ञ स्थल पर हमारे जो युवा टोली है युवा साथी है उन्हे भी सदस्य बनाने का आग्रह



किया है। इस प्रकार सदस्यता अभियान के निमित्त भी क्षेत्र के लोगो से मिलना जुलना हुआ है इस प्रकार से पुरा अभियान लेकर हम सभी लोग यह कार्य कर रहे। वहीं मैने लांजी के बारे में सुना है हमेशा मै यहां आते रहता हूॅ धर्म नगरी है देवी धाम है और बडे ही भक्ति भाव के साथ लांजी क्षेत्र की जनता देवी आराधना मे जुटी हुई है मेरे द्वारा भी मंदिरो में पंहुचकर दर्शन लाभ लिये गये है मै कोटेश्वर महादेव के दर्शन लाभ लेकर वारी देवी धाम भी पंहुचुंगा। शारदेय नवरात्रि का पर्व चल रहा है मै माता रानी से प्रार्थना करता हूॅ की देश प्रदेश में हमेशा खुशहाली बनी रही माता रानी आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री पंवार के साथ भाजयुमो जिलाध्यक्ष भुपेन्द्र सुहागपुरे, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो एवं प्रभारी छिंदवाड़ा उज्जवल श्रीवास्तवा, रूमेश सोनवाने,जय श्रीवास्तव, युवराज टेंभरे, मोहित राणा, वैभव बडघैया, मनीष अग्रवाल, साजिद शालू अली, शुभम मिश्रा, गणेश पांचे, पलाश गोस्वामी, राजू गोस्वामी, आचार्य गण उपस्थित रहे। अंत में उज्जैन से पधारे आचार्य श्री जी के साथ भी प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# वारी के पांढरी पाट देवी मंदिर में पुलिस ने पहुंचकर सुरक्षा का लिया जायजा

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र का सुप्रसिद्ध देवी धाम पहाड़ावाली माता पांढरी पाट जहां रोजाना हजारो की संख्या में दर्शनार्थी माता के दर्शनो के लिये पंहुचते है। साथ माँ पांढरी पाट देवीधाम में



सर्वाधिक मनोकमाना ज्योति कलश भी स्थापित है। देवी धाम में रोजाना दर्शनार्थियो का हुजूम लगा रहता है जिसको लेकर पूर्व से प्रशासन के निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश भी देवी धाम समिति को दिये जाते है। उक्त देवीधाम बहेला थाना अन्तर्गत होने के चलते बहेला पुलिस के द्वारा भी समय समय पर देवीधाम पंहुचकर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायेजा लिया जाता है। बतादे कि वारी देवीधाम में हजारो दर्शनार्थी माता के दर्शनो के लिये पंहुचते है जहां पर पुलिस व्यवस्थाओं की अत्यंत आवश्यकता पडती है पार्किंग स्थल, दुकाने, मंदिर में चढने उतरने वाले दर्शनार्थी, मंदिर में भागवत कथा पुराण भी जारी है जहां बडी मात्रा में दर्शनार्थी होते है इन सभी का सुरक्षा की दृष्टि से भी निरीक्षण करना आवश्यक है वहीं देवी धाम में वृहद खराडी जलाशय के समीप है यहां भी पुलिस को नजरे रखनी होती है इन सभी विषयो को ध्यान में रखते हुये अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में बहेला थाना प्रभारी मदन ईवने एवं पुलिस थाना बहेला में पदस्थ एएसआई, प्रआरक्षक, आरक्षक, महिला आरक्षको के द्वारा वारी देवीधाम पंहुचकर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायेजा लिया गया। साथ ही बहेला थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो में भी थाना प्रभारी मदन इवने एवं स्टाफ पंहुचे जहां पर माता रानी की प्रतिमाऐं स्थापित की गई। सभी समितियों को भी नियमों का विशेष पालन करने की सलाह दी गई।

# पुलिस ने नगर के दुर्गा पंडालों में पहुंचकर देखी सुरक्षा व्यवस्था

लांजी (पद्मेश न्यूज)। धर्म नगरी लांजी जहां पर नवरात्रा पर्व बडे ही धुमधाम भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। लांजी नगर सहित आस पास के ग्रामो से भी बडी मात्रा में माता रानी दर्शनो के लिये दर्शनार्थी पंहुचते है जिसको लेकर नगर में भीड़ भाड़ बढ जाती है साथ ही दुर्गा पण्डालो में भी हजारो की संख्या में भक्त गण पंहुचते है इन्ही सभी विषयो को मद्देनजर रखते हुये लांजी पुलिस के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था लगाई जाती ताकि किसी भी प्रकार की कोई घटनाऐ या अन्य घटित हो तो पुलिस त्वरित व्यवस्था बना सके साथ ही दुर्गा पण्डालो पर भी पुलिस की विशेष नजर रहती है। इसी क्रम में लांजी पुलिस के द्वारा एसडीओपी सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में लांजी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी स्वयं, पुलिस बल एवं महिला आरक्षकों के साथ नगर के सभी दुर्गा पण्डालो का लगातार भ्रमण कर रहे है जहां पर अत्यधिक भीड भाड़ है वहा पर पुलिस बल की भी तैनाती की जा रही है साथ ही स्वयं भी समय समय पर दुर्गा पण्डालो एवं देवी मंदिरो में पंहुचकर व्यवस्थाओं का जायेजा लिया जा रहा है। दुर्गा उत्सव समितियो को भी निर्देशित किया जा रहा है शासन के निर्देशानुसार ही कार्य करे। 5 अक्टुबर को भी थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी नगर के बस स्टैण्ड स्थित दुर्गा पण्डाल, सालेटेकरी मार्ग स्थित विश्वेश्वरैया चौक एवं गुजरी चौक में स्थापित दुर्गा पण्डालो का भ्रमण कर यहां की व्यवस्थाओ का जायेजा लिया तथा पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। श्री सोलंकी ने बताया कि उक्त प्रक्रिया निरंतर चलती रहेगी रोजाना नगर में भ्रमण निरीक्षण कार्य किया जायेगा दुर्गा पण्डालों के समीप पुलिस बल एवं महिला आरक्षकों की तैनाती की जायेगी ताकि किसी भी प्रकार से दर्शनार्थियो को कोई परेशानी ना हो।



आवश्यकता है
कासल घराना कपड़ा शोरूम में सेल्समेन की
-पता-
कासल शॉपिंग हब
उत्कृष्ट सिटी वारासिवनी
-सम्पर्क करें-
9425822578
7719874111

आवश्यकता है
T.O. Fitter
योग्यता- ITI, Poly, BE
स्थानीय ही सम्पर्क करें
जीजामाता प्रा. आई.टी.आई.
दहेगड़वा (हट्टा) बालाघाट मो. 9774033898

आवश्यकता है
ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है। कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)
मो. 09201340520/09244872544
बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 7.30 से 9.00 बजे तक

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

## रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर सिंग्रामपुर से मोहन कैबिनेट ने किसानों को दी बड़ी सौगात

# शून्य प्रतिशत पर लोन, खेती का बढ़ेगा रकबा

## कोदो कुटनी उगाने वाले को बोनस, जैन कल्याण बोर्ड गठन को मंजूरी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में दमोह जिले के सिंग्रामपुर में रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर कैबिनेट बैठक आयोजित हुई। कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पर मुहर लगी। अब प्रदेश में किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपनी कृषि गतिविधियों को और मजबूत कर सकेंगे। सरकार ने किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने की योजना को जारी रखने को स्वीकृति दी है। साथ ही खेती का रकबा बढ़ाकर 1 लाख हेक्टेयर करने का फैसला लिया गया है। सीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश में मिलेट्स का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। दमोह जिले में हवाई पट्टी को उन्नत बनाने का फैसला लिया गया है, जिसके लिए कैबिनेट ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा और निवेश के अवसर बढ़ सकें। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि रानी दुर्गावती के नाम से एक संग्रहालय बनाया जाएगा। इस संग्रहालय में थिएटर सहित सभी आधुनिक सुविधाएँ होंगी, जिससे राज्य की



सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रचारित किया जा सके। साथ ही डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ रुपए की राशि भी ट्रांसफर की।

कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि कैबिनेट बैठक में राज्य के विकास और विभिन्न सामाजिक योजनाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक के बाद पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने प्रेस वार्ता कर इन फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने जैन समाज के कल्याण के लिए जैन कल्याण बोर्ड का गठन का निर्णय लिया है। बोर्ड में एक अध्यक्ष और दो सदस्य होंगे। उनके ऑफिस और मानदेय का भी प्रबंध होगा। इस बोर्ड के अध्यक्ष के पहले दो साल श्वेतांबर और बाद के दो साल दिगंबर समाज से अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा।

### श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में 3900 रुपए बोनस

कैबिनेट ने किसानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में प्रति हैक्टेयर 3900 रुपए की प्रति हैक्टेयर अतिरिक्त राशि किसानों को दी जाएगी। इसका रकबा एक लाख हैक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें कोदा कुटनी और रागी जैसे श्री अन्न का उत्पादन बढ़ाने किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा मिलट्स का मध्य प्रदेश में उत्पादन लगातार बढ़ रहा है।

### जबलपुर मदन महल पहाड़ी पर संग्रहालय बनेगा

रानी दुर्गावती संग्रहालय मदन महल पहाड़ी के चारों तरफ विकास कर डेवलप किया जाएगा। इसके लिए एक समिति बनाई है। इसमें चार मंत्रियों को शामिल किया गया है। इसमें थिएटर और ओपन थिएटर भी होगा।

### शासकीय और स्वशासी महाविद्यालय को एक किया

नर्सिंग कॉलेज में दो श्रेणियां थीं- लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग। पहले एमपी सरकार ने चिकित्सा विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग को एक ही मंत्रालय बना दिया था। अब फिर से शासकीय और स्वशासी महाविद्यालय को एक ही यानी शासकीय महाविद्यालय कर दिया गया है।

### कैबिनेट में जैन आयोग को मंजूरी मिली

मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा, जैन आयोग को मंजूरी दी है। एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष होगा। दिगंबर जैन समाज और श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष दो-दो साल के लिए होंगे। इनके ऑफिस और मानदेय का प्रबंध भी है। ये हमारे घोषणा पत्र का हिस्सा भी था।

### तीन योजनाओं में हितग्राहियों के खातों में डाले रुपए

मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया, आज हम तीन योजनाओं में पैसा डाल रहे हैं। लाड़ली बहना 1574 करोड़, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 332 करोड़, पीएम उज्ज्वला योजना और गैर पीएम उज्ज्वला योजना के लिए 28 करोड़ रुपए आज सिंगल क्लिक पर ट्रांसफर कर रहे हैं।

## यति नरसिंहानंद के खिलाफ विधायक आरिफ मसूद ने पुलिस कमिशनर को सौंपा ज्ञापन, एफआईआर दर्ज करने की मांग

भोपाल। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में संत यति नरसिंहानंद द्वारा पैगंबर मोहम्मद के बारे में की गई आपत्तिजन टिप्पणी के बाद देश भर के मुस्लिमों में आक्रोश फैला हुआ है। देश के कई शहरो में यति नरसिंहानंद के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर मुस्लिम समाज द्वारा पुलिस में शिकायत की जा रही है। इसी कड़ी में राजधानी भोपाल में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के साथ पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए इस मामले में यति नरसिंहानंद के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। आरिफ मसूद ने कहा कि यति नरसिंहानंद सरस्वती द्वारा गाजियाबाद में पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद साहब और इस्लाम धर्म के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से मुस्लिम समुदाय की आस्था को गहरी ठेस पहुंची है। उक्त बयान का वीडियों सोशल मीडिया के जरिये वायरल हुआ है, जिसमें यति नरसिंहानंद सरस्वती द्वारा शांतिप्रिय हिंदू समाज के अनुयायी को मुसलमानों और इस्लाम के प्रति धार्मिक आधार पर भड़काने का आपराधिक कृत्य किया गया है, जो देश की राष्ट्रीय एकता के लिए भी घातक है। मसूद ने आगे कहा कहा मेरी समझ से ये किया नहीं जा रहा, बल्कि करवाया जा रहा है। उसका फायदा ये ऐसे उठाते हैं कि एकाध मुकदमा छोटी-सी धाराओं में दर्ज होने के बाद उनको आजादी दे दी जाती है। कोई गिरफ्तारियां नहीं होती। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती। सख्त एक्शन नहीं होता तो दोबारा उनकी हिम्मत बढ़ती है और वो इस तरह का प्रोपेगंडा करते हैं। कॉग्रेंस विधायक ने आगे कहा की ऐसे वक्त में जब नवरात्र का पर्व चल रहा है। जिसमें सभी की आस्था है, सब लोग उनको मानते हैं। तो ऐसे में एक समाज को इस तरह उकसाना कि कोई ना कोई इस तरह का अप्रिय बयान दें या कोई अप्रिय कृत्य करें, जिससे घटनाएं घटित हों। इससे लोग सावधान रहें, इनकी बातों में न आएं। उन्होनें पुलिस अधिकारियो से मुलसमानों की भावनाओं को आहत करने वाले एवं संविधान के खिलाफ देश के धर्म निरपेक्ष मूल्यों को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपी यति नरसिंहानंद के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की।

## मंत्रालय मे बिना प्रमोशन रिटायर हो रहे अधिकारी-कर्मचारी

भोपाल। मप्र में कर्मचारी सालों से बिना पदोन्नति के ही रिटायर्ड होते जा रहे हैं। इन सालों में करीबन 1 लाख 20 हजार कर्मचारी रिटायर्ड हो गए, लेकिन इन्हें प्रमोशन का लाभ सरकार नहीं दे पाई। प्रमोशन में आरक्षण के नियमों में उलझे कर्मचारियों का यह मुद्दा कोर्ट और सरकार के बीच उलझा हुआ है, लेकिन प्रदेश के तमाम आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों को इस दौरान लगातार प्रमोशन का लाभ मिल रहा है। हद तो यह है कि मंत्रालय में भी लगातार अधिकारियों और कर्मचारियों का रिटायरमेंट हो रहा है। ये बिना प्रमोशन के ही रिटायर होते जा रहे हैं। इसका सीधा असर मंत्रालय के कामकाज पर पड़ रहा है।

प्रमोशन में आरक्षण का यह मुद्दा पिछले करीबन 8 सालों से उलझा हुआ है। साल 2016 में जबलपुर हाईकोर्ट ने पदोन्नति नियम 2002 को निरस्त कर दिया था। इसके बाद 2 बार शिवराज सरकार, फिर कांगेस की कमलनाथ सरकार और अब मोहन सरकार आ चुकी है, लेकिन कर्मचारियों का पदोन्नति का मुद्दा नहीं सुलझा सका है। हालांकि शिवराज सरकार द्वारा इस दौरान समिति गठित कर सीनियर एडवोकेट्स से नियम भी तैयार कराए, लेकिन इसका भी कोई फायदा नहीं हुआ। पदोन्नति का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, लेकिन मध्य प्रदेश हाईकोर्ट पूर्व में कह चुकी है कि पदोन्नति पर फिलहाल कोई रोक नहीं है। यहां तक कि कुछ प्रकरणों में कर्मचारियों को कोर्ट का दरवाजा खटखटाने पर पदोन्नति का लाभ मिल भी चुका है। गौरतलब है कि मंत्रालय में लगातार अधिकारियों और कर्मचारियों का रिटायरमेंट हो रहा है। ये बिना प्रमोशन के ही रिटायर होते जा रहे हैं। इसका सीधा असर मंत्रालय के कामकाज पर पड़ रहा है। विशेषज्ञ कहते हैं सामान्य प्रशासन विभाग स्वयं के आदेश पर ही अमल कर ले तो मंत्रालय में पदोन्नति का रास्ता आसानी से निकल सकता है। जीएडी ने 9 मार्च 2020 को सभी विभागों को उच्च पदनाम सहित क्रमोन्नति देने के आदेश दिए थे। इसके आधार पर कई विभागों ने बीच का रास्ता निकाल लिया लेकिन जीएडी ने स्वयं उस आदेश पर ही अमल नहीं किया। मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक बताते हैं यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के अतिरिक्त महाधिवक्ता, मप्र हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और विधि विभाग के प्रमुख सचिव की सहमति से जारी किया गया था।

## डेढ़ साल बाद नई तबादला नीति घोषित करने की तैयारी

भोपाल। जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों की मांग को देखते हुए मोहन यादव सरकार इसी माह तबादला नीति घोषित कर सकती है। इसे कैबिनेट में प्रस्तुत करने की तैयारी है। तबादलों पर पिछले डेढ़ साल से प्रतिबंध है। वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव और इसके बाद लोकसभा चुनाव के चलते तबादले नहीं हो पाए हैं। तब से लेकर बड़े पदों पर अब तक केवल मुख्यमंत्री के समन्वय से ही तबादले हो रहे हैं। अब दोनों ही चुनाव हो चुके हैं। ऐसे में सरकार कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए तबादले से रोक हटाने जा रही है। मप्र सरकार लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में इस बार ऑनलाइन ट्रांसफर करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए सभी जिलों में रिक्त पदों की जानकारी ऑनलाइन जुटाई जा रही है। इसके बाद जैसे ही ट्रांसफर पर लगे बैन खुलेंगे, स्वास्थ्य विभाग में पहली बार ऑनलाइन ट्रांसफर के लिए आवेदन मंगवाए जाएंगे। इन आवेदनों पर ट्रांसफर पॉलिसी के तहत निर्णय लिया जाएगा। हालांकि अब तक हो रहे ट्रांसफर में एक पोस्ट के लिए हो रहे आवेदनों की जानकारी ऑनलाइन नहीं होती थी, अब यह जानकारी सिंगल क्लिक में उपलब्ध होगी।

प्रस्तावित नीति में प्रावधान किया गया है कि प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर ही तबादले किए जाएंगे। इसके लिए सरकार के प्राथमिकता वाले जिलों का प्रभार वरिष्ठ मंत्रियों को दिया गया है। 2022 में तबादलों से रोक हटी थी। इसके बाद अब नई नीति के तहत तबादले किए जाएंगे। एक जिले से दूसरे जिले के लिए स्वैच्छिक और प्रशासनिक आधार पर तबादले किए जाएंगे, लेकिन ये 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे। स्वास्थ्य विभाग में ऑनलाइन तबादला प्रक्रिया शुरू होने के बाद पोर्टल पर ट्रांसफर एप्लीकेशन, व्यू माय वेकेंसी रजिस्टर एप्लीकेशन, रजिस्टर चॉइस, प्रिंट ड्राफ्ट एप्लीकेशन, लॉक एप्लीकेशन, प्रिंट एप्लीकेशन, माय एप्लीकेशन चॉइस, ट्रांसफर ऑर्डर कैंसिलेशन, सेटअप (पोस्ट), वेरिफाई ट्रांसफर आर्डर सहित अन्य विकल्प होंगे।

### स्वास्थ्य विभाग में ऑनलाइन होगा ट्रांसफर

### नहीं काटने पड़ेंगे मुख्यालय के चक्कर

ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया शुरू होने से अब आवेदन के लिए मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। म्यूचुअल ट्रांसफर ट्रांसफर चाहने वाले अधिकारी कर्मचारी को ऑनलाइन स्थिति दिखाई देगी। इसमें आसानी से इनके ट्रांसफर भी हो सकेंगे। अब इस नई व्यवस्था के तहत मेडिकल ऑफिसर, एएनएम और अन्य अधिकारी व कर्मचारी ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। इसके लिए एक अलग पोर्टल विकसित किया जा रहा है। इससे पहले ट्रांसफर के लिए आवेदन करने के बाद कई बार मुख्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे कि आवेदन पहुंचा या नहीं। अब प्रदेश के किसी भी कोने में बैठे हुए आवेदन करने पर यह आवेदन सीधे मुख्यालय पहुंच जाएगा। वहीं आवेदन करने से पहले रिक्त पदों की जानकारी दिखाई देगी। वहीं कितने लोग यहां ट्रांसफर करने के लिए आवेदन कर चुके हैं। यह जानकारी भी दिखाई देगी। इससे ट्रांसफर को लेकर जो शिकायतें होती थी वह नहीं होगी। इससे ट्रांसफर प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाया जा सकेगा।

### तबादला कराने वाले आवेदकों की भीड़

मंत्रियों के बंगलों पर तबादला कराने के लिए आवेदकों की भीड़ जुट रही हैं। पार्टी और संगठन के पदाधिकारियों के बंगले पर भी तबादले के लिए सिफारिश के लिए जमावड़ा हो रहा है। भोपाल में मंत्रियों के बंगलों पर प्रदेशभर से आवेदन पहुंच रहे हैं। मंत्रालय मुख्यमंत्री सचिवालय में भी विधायक चहेते अधिकारियों की सिफारिश लेकर पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार खुद के खर्च पर ट्रांसफर का आवेदन देने वाले लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। खुद के खर्च पर या म्यूचुअल ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन या कार्यालय प्रमुख को आवेदन देकर ट्रांसफर के लिए आवेदन किया जा सकता है। प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों का भी ट्रांसफर किया जा सकेगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त तरूण राठी का कहना है कि जैसे ही ट्रांसफर पर बैन खुलेंगे हम इस बार ऑनलाइन ही ट्रांसफर कराएंगे। इसके लिए पोर्टल तैयार किया जा रहा है। विभाग की इस पहल के बाद ट्रांसफर में पारदर्शिता आएगी। रिक्त पदों की जानकारी भी ऑनलाइन रहेगी।

## मप्र में भी अब ई-कार्ड होंगे मान्य

### - आरसी-डीएल पर डिजिटल हस्ताक्षर करेंगे आरटीओ

भोपाल। प्रदेश में वाहन रजिस्ट्रेशन व ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड को लेकर मची हायतौबा को खत्म करने के लिए अब ई-कार्ड की वैकल्पिक व्यवस्था परिवहन विभाग ने शुरू कर दी है। केरल-राजस्थान जैसे राज्यों की तर्ज पर शुरू हुई इस व्यवस्था में जिलों के आरटीओ डिजिटल हस्ताक्षर अपलोड करेंगे। ई-कार्ड एम परिवहन एप पर उपलब्ध होगा। परिवहन सेवा सिटीजन पोर्टल पर आवेदक इसका पीडीएफ फार्मेट प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही एमपी आनलाइन व सीएससी सेंटर पर भी सुविधा ले सकते हैं। प्रदेशभर के साथदेश में कहीं भी इस ई-कार्ड को दिखाया जा सकेगा और जांच अधिकारी मान्य भी करेंगे। आवेदक क्यूआर कोड से इसका प्रिंट भी निकाल सकेंगे। दूसरे राज्यों की तरह इस व्यवस्था को स्थाई तौर पर लागू करने की भी तैयारी की जा रही है, जिसके लिए बेस्ट माडल का चयन होगा। बता दें कि प्रदेश में एक अक्टूबर से वाहन रजिस्ट्रेशन व ड्राइविंग लाइसेंस बनाने वाली स्मार्ट चिप कंपनी ने काम बंद कर दिया है। कंपनी के भुगतान को लेकर विवाद चला रहा था, जिसका कार्यकाल 2022 में ही पूरा हो गया था। इसके बाद परिवहन विभाग लगातार एक्सटेंशन करा रहा था लेकिन अब बात नहीं बनी और कंपनी ने काम बंद कर दिया। कंपनी के विवाद के कारण पहले ही आवेदक परेशान थे, काम बंद होने से प्रदेशभर के आवेदकों की मुसीबत और बढ़ गई। लेकिन अब इस वैकल्पिक व्यवस्था से लोगों को राहत मिलेगी। विभागीय पोर्टल में समस्त पंजीयन अधिकारियों के स्कैन्ड सिग्नेचर अपलोड किए जाने का प्रविधान है।

## मंत्री ने बनाए दीये, खादी बनाने का तरीका समझा

### भोपाल हाट में कुटीर उद्योग मंत्री ने किया इंस्पेक्शन, कमिश्नर के साथ पहुंचे स्टाल पर

भोपाल । कुटीर और ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने भोपाल हाट में दीये बनाने वाले कलाकार के पास पहुंचकर पहले दीये बनाने की प्रक्रिया देखी और फिर कलाकार की मदद से एक दीया खुद भी तैयार किया। इसके साथ ही मंत्री ने हाट में देश के अलग-अलग राज्यों के लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया और जानकारी ली। साथ ही यहां पर लगाए गए खादी के धागे और कपड़े बनाने की प्रक्रिया को समझा।

मंत्री जायसवाल ने भोपाल हाट में कुटीर और ग्रामोद्योग विभाग के कमिश्नर माल सिंह भयडिया के साथ शुक्रवार शाम को भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने



कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं, यह हमारा गौरव है। यह 100 प्रतिशत शुद्ध है, इसे सभी अपनाएं। चाहे खादी के कपड़े हो या रेशम के कपड़े, सभी ईको फ्रेंडली हैं और पूरे हाथों से बनाए गए हैं। इसमें कोई केमिकल का उपयोग नहीं किया जाता। यहीं हमारी विशेषता है।

### 8 अक्टूबर तक चलेगा भोपाल हाट में मेला

मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी तथा ग्रामोद्योग के क्षेत्र में ग्रामीण अंचलों में कार्यरत बुनकरों एवं अन्य कारीगरों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भोपाल हाट में खादी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह 8 अक्टूबर तक चलेगा। मंत्री ने यहां लगे हाट में दुकान लगाने वाले व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद किया।

### मंत्री जायसवाल ने बनाए दीये

खादी मेले में भोपाल निवासी लखन प्रजापति द्वारा मिट्टी के बर्तन सहित अन्य सामान बनाए जा रहे हैं। मंत्री जायसवाल यह देख लखन के पास पहुंचे और मिट्टी से बर्तन, दीये सहित अन्य सामग्री बनाने की प्रक्रिया को देखा। इस दौरान मंत्री का इंटरेस्ट दीया बनाने की विधि समझने में बढ़ा और उन्होंने अपने हाथ से मिट्टी का एक दीया बनाया। इस दौरान उन्होंने धागा व कपड़े बनाने की विधि भी देखी।

### 9 राज्यों के 86 स्टॉल लगे

खादी उत्सव मेले में 9 राज्यों के 86 स्टॉल लगे हैं। इसमें अकेले मप्र के 26 स्टॉल है। इसके अलावा राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली उत्तराखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश की खादी ग्रामोद्योग एवं हैंडीक्राफ्ट की इकाईयां शामिल हैं।

### वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

## कार्यभारित-आकस्मिकता निधि कर्मचारियों को मिलेगा चौथा वेतनमान

भोपाल। मप्र में विभिन्न विभागों में कार्यरत 38 हजार कार्यभारित एवं आकस्मिकता निधि कर्मचारियों को चौथा समयमान वेतनमान दिया जाएगा। वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। चौथे समयमान वेतनमान का लाभ उन कर्मचारियों को मिलेगा, जिन्होंने 1 जुलाई 2023 या उसके बाद 35 साल की सेवा पूरी की हो। इससे कर्मचारियों के मासिक वेतन में 2500 रुपए तक की वृद्धि होगी।

इन कर्मचारियों की नियुक्ति 1980 के दशक में हुई है। नियमित करने की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने कार्यभारित एवं आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त कर्मचारी सेवा नियम बनाकर इन्हें नियमित कर्मचारियों जैसे लाभ दे दिए थे। वर्तमान में इन कर्मचारियों को पदोन्नति छोडक़र नियमित कर्मचारियों को मिलने वाले सभी लाभ मिलते हैं। शासन ने 1 जनवरी 2016 से इन्हें समयमान वेतनमान का भी लाभ दिया है। अब इन्हें चौथे समयमान वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है। दरअसल, इनमें से अधिकांश कर्मचारियों की 35 वर्ष की सेवा पूरी हो चुकी है। कुछ कर्मचारी इसी साल सेवा के 35 वर्ष पूरे कर लेंगे। चौथे समयमान वेतनमान की मांग यह कर्मचारी लंबे समय से कर रहे थे।

## लोकनिर्माण विभाग ने शुरू की जीजी फ्लाईओवर के उद्घाटन की तैयारियां

भोपाल। गणेश मंदिर से लेकर गायत्री मंदिर तक निर्माणाधीन जीजी फ्लाईओवर का उद्घाटन 22 अक्टूबर के बाद कभी भी हो सकता है। हालांकि फिलहाल फ्लाईओवर के उद्घाटन की तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने उद्घाटन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी बताते हैं कि गणेश मंदिर से लेकर एमपी नगर थाने की तरफ की लेन को शुरू करने की तैयारी चल रही है। इसके मद्देनजर यातायात पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से जो कार्य फ्लाईओवर पर किए जाने हैं। उनको प्राथमिकता से जल्द शुरू कराया जाएगा।

गणेश मंदिर की तरफ चल रहे मेट्रो प्रोजेक्ट के कामों के लिए जो ढांचा बनाया गया था। उसे हटाया जाना बाकी है । मेट्रो रोड से उक्त ढ़ांचे को 15 अक्टूबर तक हटाएगा। ज्ञात हो कि लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने सितंबर माह तक फ्लाईओवर शुरू करने के निर्देश जुलाई माह में दिए थे। इसके बावजूद जीजी फ्लाईओवर को सितंबर माह में जनता के लिए शुरू नहीं किया जा सका।

### फ्लाईओवर पर जल्द लगाए जाएंगे संकेतक

जीजी फ्लाईओवर को शुरू करने से पहले सुरक्षा की दृष्टि से संकेतक लगाए जाएंगे। पीडब्ल्यूडी ने यातायात पुलिस ने फ्लाईओवर का हाल ही में निरीक्षण करवाया है। यातायात पुलिस ने पीडब्ल्यूडी को यातायात नियमों के तहत लगाए जाने वाले संकेतक लगाने के लिए सूची सौंप दी है कि कहां किधर कौन से संकेतक लगाए जाएंगे। इन संकेतकों में वाहन की कहां कितनी स्पीड रहेगी, कहां डायर्वजन रहेगा। इन तमाम प्रकार के सुरक्षा की दृष्टि से लगाए जाने वाले संकेतक लगाए जाएंगे।

सबसे पहला काम तो मेट्रो के कामों के लिए किया जाने वाला वह ढ़ांचा है। उसके हटाने के बाद वहां रोड बनाई जाना है। इस काम को करने में पीडब्ल्यूडी को कम से कम आठ दिन लगेंगे। इसके बाद गणेश मंदिर से लेकर एमपी नगर थाने की तरफ की लेन शुरू हो पाएगी।

## प्रतिभा किरण योजना में हजारों छात्रवृत्ति पेंडिंग

भोपाल। मध्यप्रदेश में गांव की बेटी और प्रतिभा किरण योजना में हजारों की संख्या में छात्रवृत्ति पेंडिंग है। मामले में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने 3 दिन के भीतर छात्रों को राशि देने के लिए निर्देश दिए है।

योजना के तहत कितने बच्चों को राशि (छात्रवृत्ति) मिली है तीन दिन के भीतर सभी प्राचार्य को इसका जवाब देना होगा। बताया जाता है कि योजना के तहत 20 हजार से अधिक बच्चों को योजना का लाभ नहीं मिला है। सेंट्रल सेक्टर छात्रवृत्ति योजना के तहत हितग्राहियों को 14 अक्टूबर तक राशि देने के लिए शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए है। सेंट्रल सेक्टर योजना में कितने छात्रों को मिला लाभ, उच्च शिक्षा विभाग केंद्र को 16 अक्टूबर को रिपोर्ट देगा।

## वसूली रोकने वनरक्षकों ने सीएम को लिखा खून से पत्र

### वन और वित्त विभाग की गलती की सजा हमें क्यों दे रहे सरकार

भोपाल। मध्य प्रदेश के वनरक्षकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को खून से पत्र लिखकर 165 करोड़ रुपए की वसूली रोकने की मांग की है। उनका कहना है कि वन और वित्त विभाग की गलती की सजा उन्हें क्यों दी जा रही है। क्या वेतन बैंड देना है यह तो इन दोनों विभागों ने तय किया है। फिर 12 प्रतिशत ब्याज के साथ वनरक्षकों से अतिरिक्त राशि की वसूली करना गलत है। सतना और रीवा जिलों में खून से पत्र लिखने वाले वनरक्षकों में मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच जिला सतना के विभागीय समिति अध्यक्ष नरेंद्र पयासी, अरविंद सिंह, मुकेश पांडे, बृजलाल वर्मा, संजय प्रजापति, रमायण यादवेन्द्र, ब्रजेश मिश्रा आदि शामिल हैं।

प्रदेश के 6592 वनरक्षकों से 165 करोड़ रुपए की वसूली की जा रही है। मैदानी अधिकारियों ने वसूली की कार्यवाही शुरू भी कर दी है। यह राशि 1 जनवरी 2006 से 8 सितंबर 2014 के बीच वनरक्षकों के वेतन में 480 रुपए प्रतिमाह अधिक दी गई है। ऐसा वेतन बैंड अधिक (5680+1900) तय करने से हुआ है। वित्त विभाग कहता है कि इस अवधि में नियुक्त हुए वनरक्षकों को 5200+1800 का वेतन बैंड दिया जाना था और 5680+1900 दे दिया गया है। जबकि वनरक्षक का पद सीधी भर्ती का नहीं है।

### वित्त विभाग के तर्क से सहमत नहीं वनरक्षक

वनरक्षक वित्त विभाग के अधिकारियों के इन तर्कों को झुठलाते हैं। वे बताते हैं कि छठा वेतनमान लागू करते हुए वित्त विभाग ने साल 2009 में वन विभाग से वेतन का पुनर्निर्धारण करने को कहा था। एक रिमाइंडर के बाद वन विभाग ने वेतन निर्धारण किया और शासन को भेज दिया। शासन ने सितंबर 2014 में इसे लागू किया, पर वित्त विभाग से अनुमति नहीं ली, जो 2018 में ली गई। उन्हें 1900 ग्रेड-पे भी दे दिया गया। 1900 का ग्रेड-पे 5680 वेतन बैंड पर दिया जाता है। इसलिए वन विभाग के मैदानी अधिकारियों ने 5680 वेतन बैंड दे दिया, जिसे सभी जिला कोषालय अधिकारियों से स्वीकार किया। अब वित्त विभाग ने इसे गलत ठहराते हुए वेतन बैंड में संशोधन करने को कहा है। इस आदेश के बाद वन विभाग ने वनरक्षकों पर रिकवरी निकाल दी, जो करीब 165 करोड़ रुपए होती है। इसमें वनरक्षकों से 1.50 लाख से 5 लाख रुपए तक वसूले जाएंगे। इस राशि पर 12 प्रतिशत का ब्याज भी है। अचानक सामने आए इस संकट से वनरक्षक परेशान हैं और विभाग के अधिकारियों से लेकर मंत्री तक से गुहार लगा चुके हैं। उधर, मप्र कर्मचारी मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट का हवाला देते हुए कहते हैं कि वनरक्षकों के वेतन से वसूली करना विधि सम्मत नहीं है। वनरक्षक सीधी भर्ती का पद है फिर भी वित्त विभाग ने उसे पदोन्नति का पद मानकर वसूली के आदेश जारी किए हैं। वन विभाग का वनरक्षक 1900 ग्रेड-पे एवं 5680 का वेतन पाने की पात्रता रखता है।

# भारत-बांग्लादेश टी20 सीरीज का पहला मैच आज

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश टीमें 6 अक्टूबर यानी रविवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला खेलेंगी। यह श्रृंखला भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले टी20 विश्व कप में दोनों टीमों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें भारत ने बांग्लादेश को 50 रन से हराया था। अब तक, भारत और बांग्लादेश टी20 फॉर्मेट के 14 मैच खेल चुके हैं। भारत ने 13 जीते हैं, जबकि बांग्लादेश को सिर्फ एक जीत हासिल हुई है। यह एकमात्र जीत बांग्लादेश ने तीन नवंबर 2019 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हासिल की थी, जब उन्होंने भारत को 7 विकेट से हराया था।




इस श्रृंखला से पहले भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी खेली गई, जिसमें भारत ने बांग्लादेश का 2-0 से सीरीज जीत ली है। टेस्ट में टीम इंडिया की कप्तानी रोहित शर्मा ने की और कानपुर टेस्ट में भारत ने बारिश के कारण तीन दिन का खेल प्रभावित होने के बावजूद दो दिनों में ही मैच जीत लिया।

टी20 सीरीज में भारत की कप्तानी सूर्यकुमार यादव संभालेंगे, जो कि इस प्रारूप में एक युवा और गतिशील बल्लेबाज हैं। इस सीरीज में मयंक यादव को पहली बार टीम में शामिल किया गया है, जो तेज गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। भारत को इस बार बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बांग्लादेश भारत के खिलाफ अपनी एकमात्र जीत को दोहरा सकेगा या नहीं।

भारत की टी20 टीम इस प्रकार है- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

बांग्लादेश की टी20 टीम- नजमुल हुसैन (कप्तान), तनजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन इमोन, तौहीद ह्रदोय, महमूदुल्लाह, लिटन दास, जाकिर अली, मेहदी हसन मिराज, मेहदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

## कप्तान हरमनप्रीत ने कहा- हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला

दुबई। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के पहले ही मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड टीम ने भारत को 58 रनों से हराया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस हार पर निराशा जताई और स्वीकार किया कि उनकी टीम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 102 रन पर आउट हो गई, और एक भी खिलाड़ी 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका।

हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा कि हमने अच्छा क्रिकेट नहीं खेला लेकिन हमें भरोसा है कि टीम आगे बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने पिच या लक्ष्य को हार का कारण नहीं बताया और कहा कि 160-170 रनों का पीछा करने की क्षमता उनकी टीम में है, लेकिन लगातार विकेट गिरने से ऐसा संभव नहीं हो पाया। अब भारतीय टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ़ अपना दूसरा मैच खेलेगी। हरमनप्रीत को उम्मीद है कि उनकी टीम इस मैच में वापसी करेगी। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि यह टीम और बेहतर करने में सक्षम है। यह शुरुआत उम्मीद के मुताबिक़ नहीं थी, लेकिन हमें अब आगे बढ़ना होगा। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने अपनी जीत और टीम के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे अपनी टीम पर गर्व है। भारत जैसी विश्व स्तरीय टीम के खिलाफ़ ऐसा प्रदर्शन करना शानदार है।

## एक हार से रुक नहीं सकते...पूरा टूर्नामेंट बाकी

### बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का बयान

दुबई। भारतीय मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा है कि भारतीय टीम को महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड से मिली हार को पीछे छोड़कर आगे बढ़ाना होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को शुक्रवार को कीवी टीम के खिलाफ 58 रन से हार का सामना करना पड़ा। अब, भारतीय टीम अपने अगले मैच में रविवार को पाकिस्तान का सामना करेगी।

रोड्रिग्स ने कहा, हमें मैच को भूलकर आगे बढ़ना होगा क्योंकि यह विश्व कप है। हम एक मैच की हार पर अटके रह सकते हैं। उन्होंने कहा, हम एक प्रक्रिया का पालन कर एक बार में एक मैच पर पूरा ध्यान दे रहे ताकि अपना 100 प्रतिशत दे सके। हम जानते हैं कि अब हर मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा है। जेमिमा ने कहा कि अगर टीम अपनी प्रक्रिया पर कायम रहती है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है, तब वे मैच जीतने में सफल हो सकते हैं। रोड्रिग्स ने अफसोस व्यक्त किया कि उन्हें उम्मीद थी कि भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश करेगी, लेकिन ऐसा नहीं कर सकी। वे (न्यूज़ीलैंड) दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरे थे। लेकिन दुर्भाग्यवश उनका फायदा नहीं उठा पाए। लेकिन यह टूर्नामेंट अभी खत्म नहीं हुआ है, और हमें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ खेलना होगा। उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने पर कहा कि इससे उन्हें कोई खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा, लेकिन उन्हें खेद है कि वह साझेदारी बनाने के लिए क्रीज पर ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। मैं किसी भी नंबर पर खेलने के लिए तैयार हूं। मुझे यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि कुछ विकेट गिरने के बाद हम अच्छी साझेदारियां निभाएं। जेमिमा का यह सकारात्मक दृष्टिकोण निश्चित रूप से टीम के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे आगे के मैचों में अपनी ताकत दिखाने का प्रयास करेंगी।

## वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर जैदा ने फेंकी गेंद, शॉट सीधे आकर जबड़े पर लगा

दुबइ। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के तीसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज को साउथ अफ्रीका के खिलाफ झटका लगा उसके ऑलराउंडर खिलाड़ी जैदा जेम्स मैच के दौरान वह घायल हो गईं। जैदा के चेहरे पर गंभीर चोट लगी, जिससे वह मैदान के बाहर चली गईं और वेस्टइंडीज को उनके बिना ही खेलना पड़ा। यह घटना वेस्टइंडीज की गेंदबाजी के दौरान हुई, जब साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने एक जोरदार शॉट मारा, जो सीधे जैदा के जबड़े पर जाकर लगा।

यह घटना मैच के दूसरे ओवर में घटी, जब बाएं हाथ की स्पिनर जैदा जेम्स ने साउथ अफ्रीका की कप्तान को एक टॉस-अप डिलीवरी दी। लॉरा वोल्वार्ड्ट ने ट्रैक पर आगे बढ़कर जोरदार शॉट मारा, लेकिन यह शॉट सीधे जैदा की ओर गया। जैदा शॉट को रोकने में नाकाम रहे और गेंद उनके

### एक गेंदबाज की कमी से खेली टीम, साउथ अफ्रीका ने आसानी से जीता मैच



हाथों से छूटकर सीधे जबड़े पर लगी। इस चोट के बाद जैदा तुरंत दर्द से कराहती दिखीं और मैदान पर गिर गईं। मैदान पर मौजूद फिजियो ने तुरंत जैदा की जांच की और उनका बायां जबड़ा सूज गया था। चोट की गंभीरता को देखते हुए फिजियो ने उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाने का फैसला किया। जैदा को मैच के लिए अनफिट घोषित किया गया है, जिसके बाद वह खेल में वापस नहीं लौट पाईं। इस हादसे के बाद वेस्टइंडीज टीम को एक गेंदबाज की कमी के साथ खेलना पड़ा, जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 118 रन बनाए, जो साउथ अफ्रीका की टीम ने बिना कोई विकेट खोए 17.5 ओवर में हासिल कर मैच जीत लिया। साउथ अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। जैदा की चोट और टीम की हार ने वेस्टइंडीज की मुश्किलें और बढ़ा दीं हैं। यह मैच वेस्टइंडीज के लिए निराशाजनक साबित हुआ, क्योंकि उन्हें न केवल हार का सामना करना पड़ा, बल्कि उनकी एक आलराउंडर खिलाड़ी भी घायल हो गई।

## बांग्लादेश आक्रामक क्रिकेट खेलने के लिए तैयार- कप्तान शंटो

ग्वालियर । बांग्लादेश की टीम भारत के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला में आक्रामक क्रिकेट खेलने के लिए तैयार है, जबकि उन्होंने पिछले टेस्ट श्रृंखला में मिली हार को भुला दिया है। यह कहना है बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो का। यह श्रंखला रविवार को नए श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगी।

शंटो ने अपने इरादों को स्पष्ट करते हुए कहा, सच कहूं तो, हम इस श्रृंखला को जीतना चाहते हैं और आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहते हैं। पिछले विश्व कप में हमारे प्रदर्शन को देखते हुए, हमें सेमीफाइनल में पहुंचने का अच्छा मौका मिला था, लेकिन हम चूक गए। अब यह एक नई टीम है, और मुझे उम्मीद है कि सभी खिलाड़ी यहां अच्छा प्रदर्शन करेंगे। कप्तान ने यह भी कहा कि वह टेस्ट श्रृंखला में अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में नहीं सोचेंगे। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि हमने टेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दिखाया। अब हम उस पर ध्यान नहीं देंगे। यह हमारे लिए एक अहम श्रृंखला है, और हम जानते हैं कि टी20 का खेल पूरी तरह से अलग होता है। जो टीम मैच के दिन अच्छा खेलेगी, वही जीत हासिल करेगी।भारत और बांग्लादेश दोनों ही टी20 में नए रूप में मैदान पर उतरेंगे। भारतीय टीम पूरी तरह से नई होगी और इसकी कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे, जबकि बांग्लादेश की टीम में केवल 5 खिलाड़ी ऐसे होंगे जो टेस्ट टीम का हिस्सा थे।

शंटो ने कहा कि नए मैदान पर खेलना एक चुनौती होगी, क्योंकि पिच का बर्ताव अभी अनुमानित करना मुश्किल है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि यह बहुत अलग मैदान है। हमारे पास विकेट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन हमने पिछले कुछ दिनों में अभ्यास सत्र किए हैं ताकि हम समझ सकें कि विकेट कैसा बर्ताव करेगा। बता दें कि भारत ने हाल ही में बांग्लादेश को टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हराया था, लेकिन अब बांग्लादेश की नजरें टी20 श्रृंखला पर हैं।

## प्रसिद्ध निशानेबाज़ मनु भाकर ने किया पहली बार मतदान

झज्जर। ओलंपिक 2024 में दो ब्रॉन्ज़ मेडल जीतने वाली प्रसिद्ध निशानेबाज़ मनु भाकर ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान पहली बार मतदान किया। एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद मनु भाकर ने युवाओं से मतदान की अहमियत को समझने की अपील की।

मनु ने कहा, 卐मतदान करना एक बड़ी ज़िम्मेदारी है। इस देश के युवा होने के नाते, हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम अपने मत का सही उपयोग करें और जिसे हम बेहतर नेता मानते हैं, उसे वोट दें। हमारे छोटे-छोटे क़दम ही हमें ऊंचाइयों तक ले जाते हैं। मनु भाकर ने पहली बार मतदान के अनुभव को साझा करते हुए कहा, पहली बार वोट डालना मेरे लिए बहुत रोमांचक था। हमें सोचना चाहिए कि हमारा प्रतिनिधि कौन हो, और वही निर्णय हमें देश के बेहतर भविष्य की ओर ले जाएगा।

## पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सिदरा ने बाबर और कोहली में से किसे बताया बेस्ट

नई दिल्ली। बाबर आजम या विराट कोहली, कौन है बेहतर बल्लेबाज ? यह सवाल हमेशा उठता है लेकिन जब भी सवाल पर चर्चा होती है, तब फैंस के बीच हमेशा जुनून देखने को मिलता है। अब इस सवाल का जवाब पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सिदरा नवाज ने दिया है। नवाज ने कहा, मुझे दोनों पसंद हैं, लेकिन व्यक्तिगत रूप से मैं कोहली को चुनती हूं। कोहली ने खेल के इतिहास में शायद सबसे महान बल्लेबाजों में से एक के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया है। आईसीसी इवेंट से लेकर तीनों प्रारूपों में उनका प्रदर्शन बेहतर है। कोहली का सबसे सफल प्रारूप वनडे रहा है, क्योंकि उन्होंने 295 मैचों में 13,906 रन बनाए हैं। अप्रैल 2021 से पहले किंग कोहली ने दुनिया में नंबर एक रैंकिंग वाले वनडे बल्लेबाज के रूप में 1258 दिन बिताए थे।

## कीवी बल्लेबाज अमेलिया हुई रन आउट, अंपायर ने वापस बुलाया

### भारतीय कप्तान ने जताई नराजगी, अंपायरों से हुई तीखी बहस

दुबई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच महिला टी20 विश्व कप 2024 के पहले ही मैच में एक विवादास्पद क्षण देखने को मिला, जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कीवी बल्लेबाज अमेलिया केर को रन आउट न देने के फैसले पर नाराजगी जाहिर की । हरमनप्रीत की दोनों अंपायरों से तीखी बहस हुई, जिससे खेल कुछ देर रुका रहा। भारतीय टीम के कोच अमोल मजूमदार भी थर्ड अंपायर के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करते नजर आए।

दीप्ति शर्मा की ओवर की अंतिम गेंद पर केर ने शॉट खेला और एक रन पूरा किया। दूसरे रन के लिए दौड़ते समय, हरमनप्रीत ने गेंद को विकेटकीपर रिचा घोष की ओर फेंका, जिससे रिचा ने गिल्लियां बिखेर दीं लेकिन उस समय केर क्रीज के अंदर नहीं पहुंची थीं। भारतीय कप्तान ने आउट की अपील की, और केर पवेलियन जाने लगीं लेकिन अंपायर ने केर को वापस बुला लिया, यह बताते हुए कि गेंद डेड थी क्योंकि दीप्ति अपना ओवर पूरा कर चुकी थीं। अंपायर का यह फैसला हरमनप्रीत को समझ नहीं आया, और उन्होंने मैदान पर अंपायरों से बहस की।

इस विवाद के बाद अमेलिया केर ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सकीं। अगले ही ओवर में, रेणुका ठाकुर ने केर को श्रेयांका पाटिल के हाथों कैच करा दिया। अमेलिया केर ने 22 गेंदों पर 13 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 160 रन बनाए। अनुभवी बल्लेबाज सोफी डिवाइन ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, उन्होंने 33 गेंदों पर 50 रन पूरे किए। ओपनर सूजी बेट्स ने 27 रन बनाए, जबकि जॉर्जिया प्लीमर ने 34 रन की पारी खेली। ब्रूक हॉलीडे ने भी 16 रन बनाए। भारत की ओर से रेणुका ठाकुर ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए, लेकिन इस विवाद ने मैच की गति को प्रभावित किया।

## ट्रिस्टन स्टब्स ने शतक जड़कर टीम को दिलाई शानदार जीत

नई दिल्ली । आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़कर टीम को शानदार जीत दिलाई। अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में हुए मैच में स्टब्स ने 81 गेंदों में नाबाद 112 रन बनाकर प्रोटियाज को 50 ओवर में 343/4 के स्कोर तक पहुंचाया। आयरलैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 162 रन बना सकी और मैच 174 रनों से हार गई। स्टब्स ने मैच के दौरान आक्रामक खेल दिखाया, जिसमें उन्होंने 8 चौके और 3 छक्के लगाए, और उनका स्ट्राइक रेट 138.27 रहा। उन्होंने वियान मुल्डर के साथ मिलकर 92 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इस शतक के साथ, स्टब्स के अब 6 वनडे मैचों में 57 की औसत से 228 रन हो चुके हैं, जिसमें इस श्रृंखला में 2 मैचों में 191 रन शामिल हैं। पिछले मैच में भी उन्होंने अर्धशतक बनाया था। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी अच्छी रही। रिकल्टन ने 39 गेंदों पर 40 रन का योगदान दिया, जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा फिर से रिटायर्ड हर्ट हो गए। बावुमा ने 39 गेंदों पर 35 रन बनाए। रासी वैन डेर डुसेन और काइल वेरिन ने पारी को आगे बढ़ाया, जहां रासी ने 39 गेंदों पर 35 रन बनाये। वेरिन ने 64 गेंदों पर 67 रनों की पारी खेली, जिससे टीम का स्कोर 343 तक पहुंचा। वियान मुल्डर ने भी 34 गेंदों पर 43 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही।

कप्तान पॉल स्टर्लिंग केवल 5 रन बना सके, जबकि एंड्रयू ने 1 रन और कर्टिस ने 14 गेंदों पर 17 रन बनाये। विकेटकीपर स्टेफन पहले ही गेंद पर पगबाधा होकर आउट हो गए। इसके बाद जॉर्ज ने 10 गेंदों पर 11 और मार्क एडेयर ने 30 गेंदों पर 21 रन बनाये। पुछल्ले बल्लेबाज गेविन ने 25 गेंदों पर 23 रन बनाये, लेकिन टीम अंततः 169 रन तक भी नहीं पहुंच पाई।

## भारत और श्रीलंका के बीच हो सकता है डब्ल्यूटीसी फाइनल

मुम्बई। इस बार भारत और श्रीलंका की टीमों के बीच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के इस तीसरे संस्करण का फाइनल हो सकता है। भारतीय टीम पहले दो संस्करण में उपविजेता रही थी। पहली बार उसे न्यूजीलैंड जबकि दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने हराया था। इस बार जहां भारतीय टीम बांग्लादेश पर जीत के साथ ही अंक तालिका में नंबर एक स्थान के साथ ही फाइनल की दावेदार है जबकति श्रीलंका भी ऑस्ट्रेलिया को टक्कर देती दिख रही है। भारतीय टीम का अभी जीत प्रतिशत

74.24 है और उसे फाइनल में पहुंचने 8 में से 3 मैच ही जीतने होंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत 62.5 है और उसे 7 में से 4 मैच जीतने होंगे। श्रीलंका का जीत प्रतिशत 55.56 है और उसे 4 में से 3 मैच जीतने हैं। इंग्लैंड का जीत प्रतिशत 42.19 है और वह दौड़ से बाहर हो गयी है। वहीं द. अफ्रीका का जीत प्रतिशत 38.89 है और उसे 6 में से 5 मैच जीतने होंगे।



न्यूजीलैंड का जीत प्रतिशत 37.50 है और उसे अपने 6 में से सभी 6 मैच जीतने होंगे।

आंकड़े साफ हैं कि श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया ही फाइनल में भारत से भिड़ने वाली दूसरी टीम होने की संभावनाएं हैं। भारत को अभी 8 में से 3 टेस्ट जीतने जरूरी है। ये लक्ष्य टीम न्यूजीलैंड को 3 टेस्ट मैच की घरेलू सीरीज में ही हराकर ही हासिल कर सकता है। जबकि श्रीलंका को दक्षिण अफ्रीका से 2 तो ऑस्ट्रेलिया से सिर्फ एक ही टेस्ट जीतने की जरूरत है। श्रीलंका इसलिए भी पसंदीदा है क्योंकि घरेलू धरती पर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज घरेलू मैदान पर खेलनी है। डब्लयूटीसी फाइनल की रेस से अभी , इंग्लैंड, बांग्लादेश, पाकिस्तान और विंडीज जैसी टीमें बाहर हो चुकी है हालांकि ये अन्य टीमों के लिए बाधा जरुर बन सकती हैं। दक्षिण अफ्रीका को बांग्लादेश दौरे पर जाना है। इस सीरीज में अगर वह हारती है तो पूरी तरह से बाहर हो जाएगी। वहीं इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड से 3 टेस्ट खेलने है। अगर न्यूजीलैंड एक टेस्ट हारा या ड्रा रहा तो वह फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा।

# रसेल, पूरन और हेटमायर बाहर...श्रीलंका के खिलाफ नई टी20 टीम की घोषणा

सेंट जोंस। आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन, शिमरोन हेटमायर और अकील होसेन ने निजी कारणों से बाहर होने का विकल्प चुना है, क्योंकि वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए एक नई टी20 टीम की घोषणा की है। उनकी अनुपस्थिति में, टीम दांबुला में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में नई प्रतिभाओं और वापसी करने वाले चेहरों को आजमाएगी, जो टीम की गहराई और बहुमुखी प्रतिभा का आकलन करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

सबसे उल्लेखनीय वापसी इसमें सलामी बल्लेबाज एविन लुईस की है, जिन्होंने अंतिम बार 2022 में टी20 विश्व कप में इंडीज का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी वापसी बल्लेबाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिन्हें श्रीलंकाई दौरे के लिए एकदिवसीय टीम में भी शामिल किया गया है। लुईस के साथ ब्रैंडन किंग भी शामिल हैं, जो एक और वापसी करने वाले






खिलाड़ी हैं, जो इंजरी से उबर चुके हैं, जिसकी वजह से वे टी20 विश्व कप और 2024 कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) से बाहर हो गए थे।

रसेल और अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में, वेस्टइंडीज ने दो नए चेहरों पर दांव लगाया है। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर टेरेंस हिंड्स और एंटीगा और बारबुडा फाल्कंस के शमर स्प्रिंगर का नाम शामिल है। दोनों खिलाड़ियों ने 2024 सीपीएल सीजन के दौरान प्रभावित किया, जिसमें हिंड्स ने टीकेआर के लिए डेथ बॉलर के रूप में शानदार प्रदर्शन किया और स्प्रिंगर स्पिनर के दबदबे वाले टूर्नामेंट में फाल्कन्स के शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे। स्प्रिंगर की धीमी-गेंद की विविधता और लगातार प्रदर्शन ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई, और स्प्रिंगर से श्रीलंका की धीमी पिचों पर एक मूल्यवान संपत्ति बनने की उम्मीद है।

रोवमैन पॉवेल टी20 टीम के कप्तान हैं, जबकि रोस्टन चेस उपकप्तान नियुक्त किए गए है। चेस, जिन्होंने हाल ही में वेस्टइंडीज के साथ एक केंद्रीय अनुबंध हासिल किया है, अनुभव और बहुमुखी प्रतिभा लाते हैं, विशेष रूप से स्पिन विभाग में, जहां वे फ्रंटलाइन स्पिनर गुडाकेश मोती का साथ देने वाले है। बाएं हाथ के फिंगर स्पिनर मोती टीम के प्राथमिक स्पिन विकल्प हैं, लेकिन चेस और अन्य ऑलराउंडरों को भी श्रीलंका की परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए बुलाया जाएगा। कोच डेरेन सैमी, जो अब सिस्टम में बदलाव के बाद चयन पैनल का नेतृत्व करते हैं, ने प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद टीम पर भरोसा जताया। सैमी ने क्रिकेट वेस्टइंडीज के बयान में कहा, श्रीलंका का दौरा हमें अपनी गहराई का परीक्षण करने और विभिन्न परिस्थितियों में खिलाड़ियों का आकलन करने का मौका देता है, खासकर कई वरिष्ठ खिलाड़ियों के चोट से आराम और पुनर्वास की आवश्यकता सहित विभिन्न कारणों से बाहर रहने के कारण।

उन्होंने कहा, हमें श्रीलंका के खिलाफ मजबूती से प्रतिस्पर्धा करने की टीम की क्षमता पर भरोसा है। शेरफेन रदरफोर्ड, जो व्यक्तिगत कारणों से 2024 सीपीएल से चूक गए थे, को भी एक प्रमुख फिनिशर के रूप में टीम में शामिल किया है, जबकि आंद्रे फ्लेचर को लुईस और किंग के पीछे रिजर्व ओपनर के रूप में शामिल किया है। जॉनसन चार्ल्स, जिन्होंने सीपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था, सेंट लूसिया किंग्स के साथ 360 डिग्री बल्लेबाज के रूप में खुद को फिर से स्थापित करने के बावजूद चयन से चूक गए। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के लिए आराम देने के बाद तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ टीम में वापस आ गए हैं, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय, जिन्हें अक्सर डेथ ओवर विशेषज्ञ के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, टीम में जगह नहीं बना पाए। सत्रह वर्षीय ज्वेल एंड्रयू ने पल्लेकेले में तीन मैचों की सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की वनडे टीम में जगह बनाई है। वह वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सबसे कम उम्र के वेस्टइंडीज खिलाड़ी बन सकते हैं, केवल डेरेक सीली और गैरी सोबर्स ने 17 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के लिए अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया है।

### वेस्टइंडीज टी 20 टीम

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेस (उप-कप्तान), फैबियन एलन, एलिक एथनाज़, आंद्रे फ्लेचर, टेरेंस हिंड्स, शाई होप, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर शामिल है।

### वेस्टइंडीज वनडे टीम

शाई होप (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, एलिक ज़, कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, हेडन वॉल्श जूनियर शामिल है।

## सीपीएल 2025 और 2026 फाइनल के लिए मेजबानों की घोषणा

त्रिनिदाद। कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) ने पुष्टि की है कि 2026 में बारबाडोस का प्रतिष्ठित केंसिंग्टन ओवल सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा। साथ ही, गुयाना का प्रोविडेंस स्टेडियम 2025 के फाइनल की मेजबानी करेगा। यह लगातार चौथा साल होगा, जब गुयाना फाइनल का आयोजन करेगा।

यह घोषणा तब की गई जब गुयाना अमेजन वारियर्स ने 2024 के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। गुयाना के राष्टपति मोहम्मद इरफ़ान अली ने उपलब्धि पर गर्व कर कहा कि उन्हें 2025 के फाइनल की मेज़बानी को लेकर बेहद खुशी है। उन्होंने कहा, गयाना अमेज़न वारियर्स को शुभकामनाएं, क्योंकि हम लगातार दो बार फाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। अन्य सभी टीमों के लिए भी शुभकामनाएं। हमें यह खुशी हो रही है कि गयाना सीपीएल 2025 के फाइनल की मेजबानी करेगा। सीपीएल क सीईओ पीट रसेल ने दोनों मेजबान देशों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने गयाना और बारबाडोस की सरकारों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देकर कहा, गयाना और बारबाडोस पिछले 12 सालों से सीपीएल के लिए अद्भुत साझेदार रहे हैं। यह घोषणा वास्तव में ए रोमांचक है कि वे क्रमशः 2025 और 2026 में फाइनल के लिए मेजबान होगा। बारबाडोस रॉयल्स, जिन्होंने 2019 में अपना आखिरी खिताब जीता था, के पास अब 2026 में अपने घरेलू धरती पर तीसरा खिताब जीतने का मौका होगा। मैदान पर, गयाना अमेज़न वारियर्स ने दूसरे क्वालीफायर में बारबाडोस रॉयल्स पर शानदार जीत के साथ अपने खिताब की रक्षा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया। मोईन अली, रहमानुल्लाह गुरबाज और शाई होप के तेजतर्रार योगदान के चलते वारियर्स ने रॉयल्स द्वारा दिए गए 149 रनों के लक्ष्य को महज 15 ओवर में हासिल कर लिया। अब वॉरियर्स का सामना 6 अक्टूबर को सेंट लूसिया किंग्स से होगा।

# बैहर में उत्साह के साथ आयोजित हुआ मिलेट्स रोड शो

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिले भर में मिलेट्स रोड शो का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विकासखण्ड बैहर में रोड शो आयोजित किया गया। जिसमे नगर परिषद उपाध्यक्ष सुनील धुर्वे, सुरेन्द्र गुड्डा मरकाम, संकेत राठौर, नीरु मेरावी एवं श्रीमती द्रौपदी यादव सदस्य नगर परिषद व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मिलेट्स रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों के साथ-साथ लगभग 1000 स्कूल छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रोड शो में मिलेट्स रथ के माध्यम से लाइव प्रदर्शनी तथा नागरिको के बीच मिलेट्स आधारित लोकगीत, गायन, व छात्र-छात्राओं के नारों ने कोतुहल का विषय रहा। मिलेट्स रथ बैहर शहर के रथ जयस्तम्भ चौके से होते हुए प्रमुख स्थानों पर मिलेट्स नारो एवं गीत के माध्यम से श्रीअन्न के लाभ एवं महत्व की समझाइश दी गई। साथ ही श्रीअन्न



(मिलेट्स) की फसलों जैसे कोदो, कुटकी, सावां, ज्वार, बाजरा एवं रागी का क्षेत्र विस्तार, उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने तथा मिलेट्स उत्पादों की लाइव प्रदर्शनी से विभागीय अधिकारियों द्वारा मिलेट्स उत्पादों की जानकारी दी। इस अवसर पर मिलेट्स फसलों की उन्नत तकनीक और मिलेट्स उत्पादों का मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण व मार्केटिंग का प्रचार-प्रसार किया गया। वहीं विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रचार-प्रसार के माध्यम से बताया गया कि जिले के मिलेट्स उत्पादन में लगभग 50 प्रतिशत भागीदारी बैहर विकासखण्ड से पूर्ति होती है। बैहर में उत्पादन के साथ-साथ उपयोग पर जोर देते हुये कृषि विभाग द्वारा एक अनुकरनीय प्रयास किया गया। साथ ही मिलेट्स (श्री अन्न) के लाभ से जन समूहों को जानकारी दी गई।

### मिलेट्स फसलों से होते है बहुत से लाभ

श्री अन्न (मिलेट्स) फसल कम वर्षों वाले क्षेत्रों में अच्छी तरह से उगायी जाती है, इस फसल को शुष्क जलवायु और पानी, उर्वरकों और कीटनाशकों की न्यूनतम आवश्यकता होती है। श्री अन्न (मिलेट्स) में निम्न ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) होता है तथा यह मधुमेह की रोकथाम से भी जुड़ा होता है। यह आयरन, जिंक तथा कैल्शियम जैसे खनिजों का उपयुक्त स्त्रोत है। श्री अन्न (मिलेट्स) ग्लूटेन मुक्त होता है और सीलिएक रोग के रोगियों द्वारा इसका सेवन भी किया जा सकता है। श्री अन्न (मिलेट्स) का हाइपरलिपिडिमिया के प्रबंधन और रोकथाम और सीवीडी के जोखिम पर लाभकारी प्रभाव पड़ता है। श्री अन्न (मिलेट्स) वजन घटाने, बीएमआई और उच्च रक्तचाप में सहायक पाया गया है। श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में सहायता प्रदान करती है।

राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के रूप में श्रीअन्न के बेहतर विपणन के लिये श्रीअन्न प्रोत्साहन कृषक उत्पादक संगठनों का महासंघ गठित कर इस वर्ष एफ.पी.ओ. के माध्यम से कोदो एवं कुटकी फसल का क्रय किया जाएगा। इस हेतु किसानों को इस वर्ष 20/- रूपये प्रति किलो की दर से कोदो और 30/- रूपये प्रति किलो की दर से कुटकी का भुगतान संबंधित एफ.पी.ओ. द्वारा किया जाएगा। राज्य शासन ऐसे किसानों को 10/- रूपये प्रति किलो की दर से अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान करेगी।

# निर्देशन और परामर्श कार्यक्रम का किया गया आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में कक्षा तीसरी से बारह्वी तक के छात्राओं के लिए निर्देशन और परामर्श का कार्यक्रम रचना चौधरी, महिला और बाल विकास अधिकारी, फिरोजा खान यूनेस्को सदस्य और किरण वरकडे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मार्गदर्शन और परामर्श के अंतर्गत स्वस्थ अध्ययन की आदतों को विकसित करने के लिए, छात्राओं को अपने एक दिन का कार्यक्रम बनाना और उसे समय के अनुसार पालन करना, स्व अध्ययन की योजना बनाना, छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, कुछ मौसमी बीमारियों के बारे में जागरूकता, कौशल विकास और यौनउत्पीड़न से बचाव की जागरूकता के बारे में अतिथियों ने अपने विचार से बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। विद्यालय प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे ने अपने उद्बोधन में आगन्तुको का स्वागत किया और बच्चों को उचित स्पर्श और अनुचित स्पर्श के बारे में जानकारी प्रदान की। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका मधुलिका डोलारे, स्नातकोत्तर शिक्षिका का इस कार्यक्रम के आयोजन में विशेष योगदान रहा इस अंतर्गत स्वस्थ अध्ययन कि आदतों को विकसित करने के लिए, नशा से होने वाली हानि, समाज में दहेज जैसी समस्या, रूढ़िवादिता को न मानना, अश्लीलता अपराध है, कौशल विकास, यौन उत्पीड़न, असंवेदनहीनता, लिंगभेद और विभिन्न कानूनों की धाराओं आदि बहुत सी समस्याओ से ज्ञानवर्धक जानकारियां प्रदान की गई। छात्रों को अपने एक दिन का कार्यक्रम बनाना और उसे समय के अनुसार पालन करना, स्व अध्ययन की योजना बनाना, छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के बारे में अतिथियों ने अपने विचार से बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की । विद्यालय प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे ने अपने उद्बोधन में आगन्तुको का स्वागत किया और बच्चों को कौशल विकास और अनुशासन से जीवन जीने से फायदों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

# खमरिया मोड़ाई पर दो बाइक की टक्कर, तीन घायल

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर खमरिया मोड़ाई पर दो बाइक के बीच आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई. सड़क हादसे में तीन लोग घायल हुए है. जिन्हें संजीवनी 108 की सहायता से उपचार के लिए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाकर भर्ती करवाया गया है. एक शख्स की हालत गंभीर बनी हुई है. मिली जानकारी अनुसार अरी थाना क्षेत्र के ग्राम पांड़रवानी निवासी बस्तीराम ओगारे और मनोज सेन्दरे मोटरसाईकिल से कटंगी की तरफ आ रहे थे. वहीं विपरीत दिशा यानी कटंगी की तरफ से टूरिया निवासी राजू हिंगे अपनी मोटरसाइकिल से अंबामाई की तरफ जा रहे थे. खमरिया मोड़ाई के पास दोनों मोटरसाईकिल के बीच तेजी से भिंडत हो गई. हादसे में मनोज सेन्द्रे के सिर पर गहरी चोट आई है. वहीं बस्तीराम को मामूली चोट लगी जबकि राजू हिंगे को अंदरूनी चोट आई है. बताया जा रहा है कि राजू हिंगे वन विभाग में बतौर स्थाई कर्मी के रूप में पदस्थ है और वह कटंगी से अंबामाई कैंप की ओर जा रहा था।

# वार्ड बॉय का काम रहे 108 के ईएमटी और ड्राईवर

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं. यह तब हो रहा है जब विधायक गौरव सिंह पारधी के बेहद करीबी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रियांश राउत और भाजपा की ही विचारधारा से प्रभावित अधिकांश लोग अस्पताल की रोगी कल्याण समिति में शामिल है. विधायक स्वयं भी कई मौकों पर अस्पताल में हुई बैठक और समारोह के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दे चुके है. मगर, अस्पताल में तो इलाज के लिए आने वाले गंभीर मरीजों, सड़क हादसों में घायलों को अस्पताल के गेट से सामान्य वार्ड तक ले जाने के लिए वार्ड बॉय तक उपलब्ध नहीं है. ऐसे में मरीज के परिजनों से लेकर संजीवनी 108 के ईएमटी और ड्राइवर स्वयं स्ट्रेचर खींचने को मजबूर हैं. वहीं अस्पताल में ड्रेसर नहीं होने से घायलों को टांके लगाने से लेकर मरहम-पट्टी करने का काम अस्पताल में मौजूद सुरक्षा श्रमिकों के द्वारा किया जा रहा है. यह सारी हकीकत उस वक्त सामने आई जब शनिवार को सिवनी रोड पर खमरिया मोड़ाई में एक सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए और घायलों को संजीवनी 108 से अस्पताल पहुंचाया गया. लेकिन अस्पताल में वार्ड बॉय नहीं होने के कारण संजीवनी 108 के ईएमटी, ड्राईवर को स्ट्रेचर की सहायता से घायलों को सामान्य वार्ड में पहुंचाना पड़ा. वहीं अस्पताल में कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं थे. ट्रेनी चिकित्सक सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे और घायलों का प्राथमिक उपचार किया।




### जानिए क्या होते है वार्ड बॉय और ड्रेसर के कार्य-

किसी भी अस्पताल को संचालित करने के लिए जिस प्रकार एक रोगी के लिए एक डॉक्टर महत्वपूर्ण होता है उसी प्रकार एक रोगी के लिए वार्ड बॉय भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है रोगी की देखभाल करना और उन्हें हर समय साफ और सुरक्षित रखना एक वार्ड बॉय का काम होता है. वार्ड बॉय का मुख्य कार्य होता है कि वह रोगियों की सहायता करें चाहे वह किसी भी प्रकार की परिस्थितियों से क्यों ना गुजर रहा हो. मरीज को बेड से उठाना फिर उसके बाद टॉयलेट ले जाना या उसे किसी भी प्रकार की किसी भी चीज की आवश्यकता होती है तो वार्ड बॉय का प्रमुख कार्य यही होता है कि उनकी मदद करें लेकिन कटंगी सरकारी अस्पताल में वार्ड बॉय का कार्य मरीजों के परिजनों को करना पड़ता है. ठीक इसी प्रकार अस्पताल में ड्रेसर, ड्रेसिंग रूम में काम करता है. ड्रेसर की जिम्मेदारियां होती हैं कि वह मरीजों की ड्रेसिंग करें, घायलों को टांके लगाए, मरहम-पट्टी करें, इंजेक्शन और ड्रिप लगाएं लेकिन कटंगी में ड्रेसर का पद करीब 06 माह से खाली पड़ा है और कई बार सुरक्षा गार्ड को ड्रेसर का कार्य करते हुए देखा गया है जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अस्पताल किस हाल में संचालित हो रहा है।

### विधायक फिर ले एक प्रण-

विधायक गौरव सिंह पारधी ने चुनाव प्रचार के दौरान एक प्रण लिया था कि जब तक सरकारी अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन नहीं आती वह दीपावली का दीपक अपने घर पर नहीं जलाएगें. उन्होंने चुनाव जीतने के बाद अपने संकल्प को पूरा किया. अब विधायक को फिर एक बार प्रण लेना होगा कि वह सरकारी अस्पताल कटंगी में शीघ्र ही वार्ड बॉय और ड्रेसर की नियुक्ति कराएंगे. विधायक ने बताया था कि उन्होंने किस तरह सरकार के मंत्री से सोनोग्राफी मशीन स्वीकृत करवाई है उनके मंत्री से बेहद करीबी संबंध है. इन्हीं करीबी संबंधों को विधायक फिर फायदा उठाकर कटंगी अस्पताल को वार्ड बॉय और ड्रेसर दिलवा सकते है ताकी जनता को होने वाली परेशानियों से निजात मिले।

बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा ने जिले का पदभार संभालने के बाद संभवत जिले की सभी तहसीलों का दौरा कर लिया है लेकिन वह अब कटंगी और तिरोड़ी तहसील एक बार भी नहीं आए है. कलेक्टर को भी कटंगी और तिरोड़ी तहसील का दौरा करना चाहिए और इन दोनों ही तहसीलों के मुख्यालय में स्थित सरकारी अस्पतालों को औचक निरीक्षण करना चाहिए ताकी उन्हें भी अस्पतालों की हकीकत और व्यवस्थाओं के बारे में पता चलें।

# लाडली बहना योजना से जिले की 356615 बहनें हो रही लाभान्वित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को दमोह के सिंगरामपुर में आयोजित विकास और सांस्कृतिक धरोहर का संगम कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित योजनाओँ की मासिक राशि अंतरित की। उन्होंने लाडली बहना योजना की प्रति माह प्रति बहना को 1250 रुपये , पीएम उज्जवला योजना की 450 रुपये सब्सिडी और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की महिलाओं को 600-600 रुपये की मासिक राशि जारी की है। ज्ञात हो कि लाडली बहना अंतर्गत हर माह की 10 तारीख को बहनों के खातो में राशि अंतरित की जाती है। अक्टूबर माह में जिले की 356615 लाडली बहनों को कुल 43 करोड़ 2 लाख 1 हजार 750 रुपये की राशि अंतरित की गई है। जबकि 52301 पीएम उज्जवला योजनान्तर्गत शामिल व अन्य बहनों को 3091532 सब्सिडी की राशि तथा 119408 सामाजिक सुरक्षा पेंशन की कल्याणी, विधवा पेंशन व मुख्यमंत्री अविवाहित महिला पेंशन की 71644800 रुपये की राशि प्रदाय की गई। इस तरह जिले की कुल 528324 महिलाओं को 50 करोड़ 80 लाख रुपये से अधिक राशि अंतरित हुई है।




### लाडली बहनाओ ने पायी अक्टूबर की राशि

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास से प्राप्त जानकारी अनुसार माह जून 23 से अक्टूबर 2024 तक लाडली बहना की हितग्राहियों को कुल 712.7 करोड़ की राशि अंतरित की जा चुकी ही। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत जनपद पंचायत बैहर की कुल 20069 बहनों के साथ साथ, जपं बालाघाट की 38755, बिरसा की 27827, कटंगी की 35988, खैरलांजी की 32392, किरनापुर की 39564, लालबर्रा की 38647, लांजी की 39514, परसवाड़ा की 22907 एवं जपं वारासिवनी की 34108 बहनों को लाभ प्राप्त हो रहा है। वहीं नगर पालिका बालाघाट की 9142, मलाजखंड 6066 एवं नपा वारासिवनी की 3907 बहने लाभान्वित हो रही है। साथ ही नगर परिषद बैहर की 2753, कटंगी 2493 तथा लांजी की 2483 बहनों को योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। इस तरह जिले की कुल 356615 बहनें योजना से लाभान्वित हो रही है। दमोह में आयोजित हुए कार्य्रकम का बालाघाट के एनआईसी कक्ष में सीधा प्रसारण किया गया। यहाँ कलेक्टर मृणाल मीना, जिपं सीईओ अभिषेक सराफ, एसडीएम गोपाल सोनी व महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी प्रशांतदीप ठाकुर व अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहें।

# नवरात्र पर्व पर पंजाबी नारी मंच ने कराया कन्या भोज



बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। हिन्दु परिवार में नवरात्र में देवी स्वरूपा कन्याओं को भोज कराया जाना, माता की एक प्रकार से आराधना मानी जाती है, लगभग प्रत्येक हिन्दु परिवार में नवरात्र पर कन्याओं को भोजन कराया जाता है, जिसकी शुरूआत तृतीया से हो गई। इसी कड़ी में शनिवार की शाम नगरीय क्षेत्र के पांडेय वाड़ा छात्रावास में रह रही आधा सैकड़ा कन्याओं को नवरात्र के पावन पर्व पर पंजाबी नारी मंच ने कन्या भोज कराया। इस दौरान पंजाबी नारी मंच की महिलाओं ने बच्चियों को मां दुर्गा की पूजन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया किया जीवन में शांति, संयम और सुरक्षा के साथ आगे बड़े। इसके साथ ही महिलाओं ने बच्चियों को उनके उपयोग की सामग्री भेंट कर उन्हें जीवनपयोगी सीख दी। इस दौरान पंजाबी नारी मंच से जुड़ी महिलाए और बच्चियां उपस्थित रही।

# बालाघाट जिला बौद्ध संघ ने मनाया 50 वां स्वर्ण जयंती समारोह

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट की स्थापना दिवस को कटंगी के प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार में बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में मनाया गया. समारोह में ऑल इंडिया समता सैनिक दल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आचार्य चितरंजन वासनिक बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. जिला अध्यक्ष जिला बौद्ध संघ अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े ने अध्यक्षता की. इनके अलावा इंजीनियर अजय रावतकर, अधिवक्ता सुरेंद्र बारमाटे, रामचंद्र मेश्राम, रवि पटले, के.एल.तिरपुड़े, कपिल मेश्राम, आयुष्मति मंजू दिनेश उके विशिष्ट अतिथि रहे. कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने महाकारुणिक तथागत गौतम बुद्ध और संविधान रचयिता डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र और प्रतिमा के समक्ष धम्म वंदना कर धूप दीप प्रज्वलित किया. वहीं गोंविदा वर्षेंकर ने शानदार गीत-गजल की प्रस्तुति दी। मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कपिल मेश्राम ने कहा वर्ष 2012 को बालाघाट जिला बौद्ध संघ के चुनाव संपन्न होने के बाद से लेकर वर्ष 2024 तक यानी इन 12 वर्षों का संपूर्ण ऑडिट और पंजीयन शुल्क अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े के नेतृत्व में किया गया है कुछ तथाकथित लोग समाज को गुमराह कर संगठन को तोड़ने का प्रयास कर रहे है. उनके प्रयासों को नाकाम करना समाज को काम है. तिरोड़ी तहसील दलित मेश्राम ने कहा कि डॉ बाबा साहब अंबडेकर के धम्म चक्र प्रर्वतन को अंगीकार किया जिसके पश्चात बुद्ध अंबेडकर मिशन को जनमानस तक पहुंचाने के लिए बालाघाट जिला बौद्ध संघ की स्थापना 03 अक्टूबर 1974 को की गई थी. कटंगी तहसील अध्यक्ष महेन्द्र हिरकने ने कहा कि



बालाघाट जिला बौद्ध संघ के माध्यम से ही अनुयायियों के बीच संस्कार कर्ता पैदा हुए और अच्छे संस्कारों की वजह से समाज कुरीतियों से दूर हुई है. रवि पटले ने कहा हमारे बुर्जुग बुद्ध अंबेडकर मिशन के प्रति बड़े सजग होकर कार्य करते रहे है. ऐसे तमाम लोग हमारे प्रेरणास्त्रोत्र है. अधिवक्ता सुरेन्द्र बारमाटे ने कहा कि बालाघाट जिला बौद्ध संघ द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरणा लेकर जिले ही नहीं अपितु अनेक राज्यों ने उनके संस्कारों का अनुसरण किया है. इंजीनियर अजय रावतकर ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने समाज को आपस में संगठित होकर संघर्ष करने की बात कहीं किंतु आज हम आपस में ही एक-दूसरे से संघर्ष कर रहे है जो समाज हित में नहीं है. वरिष्ट सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता रामचंद मेश्राम ने कहा कि बालाघाट जिला बौद्ध संघ की स्थापना वर्ष 1974 से बुद्ध अंबेडकर मिशन के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहा हूं किंतु मैं पाता हूं कि कुछ असामाजिक लोग संगठन में प्रवेश कर संगठन को तोड़-फोड़ करने का अनायास प्रयास कर रहे है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य चितरंजन वासनिक ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बुद्ध अंबेडकर मिशन के सिपाही कभी भी आपस में संघर्ष नहीं करते वे सदैव समाज के उत्तरोत्तर कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य करते है. कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े ने कहा कि बालाघाट जिला बौद्ध संघ समर्पित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत होता है और जब संगठन मजबूत होता है तो समाज मजबूत होता है और बुद्ध अंबेडकर मिशन के प्रचारक समाज में पैदा होते है. डॉ बाबा साहब अंबडेकर ने नागपुर को सामाजिक धार्मिक और राजनीतिक प्रयोगशाला बनाई थी किंतु आपसी वैमन्सता की वजह से सामाजिक संगठन समता सैनिक दल धार्मिक संगठन भारतीय बौद्ध महासभा राजनीतिक संगठन आरपीआई विभिन्न टुकड़ों में विभाजित होने से समाज को दुष्परिणाम झेलना पड़ा है. किसी भी संगठन में तोड़ने वाले सदैव गद्दार साबित हुए है और संगठन को बचाने वाले समाज के सच्चे हिमायती साबित हुए है इसलिए संगठन को बचाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की है. अंत में नगर अध्यक्ष डी.डी. गजभिए आभार व्यक्त किया।

# जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिताओं का समारोहपूर्वक हुआ समापन

किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के प्रांगण में तीन दिवसीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधी आर. पी. श्रीवास्तव की प्रमुख उपस्थिति एवं खंड शिक्षा अधिकारी जी.एस.टेकाम के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समापन समारोहमे विशेष अतिथि के रूप मे सीएम राइज विद्यालय प्राचार्य श्रीमति अनिता तारन, पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर प्राचार्य आई एस ठाकरे, शासकीय हाई स्कूल पाला के प्राचार्य नेमीचंद परिहार, शासकीय हाईस्कूल हिर्री प्राचार्य के एस मरावी, कायदी स्कूल प्राचार्य श्री मरावी सर,शासकीय हाईस्कूल बेलगाव प्राचार्य गणेश सोनी,जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक गिरी गोस्वामी,ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी हरीश धुवारे,सुरेन्द्र चित्रिव ,कमलनाथ पाराशर उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए पूजन अर्चन के साथ किया गया। तत्पश्चात छात्र द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात खिलाड़ियों ने रिवर्स मार्च पास्ट निकालते हुए मैदान का भ्रमण कर मंचासीन अतिथियों को सलामी दी गई। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी के



प्रतिनिधी के तौर पर मौजूद एपीसी राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हार जीत खेल में लगी रहती है। पराजित हुए खिलाड़ी निराश ना हो फिर से कठिन परिश्रम करते हुए प्रयास करे सफलता अवश्य मिलेगी। विजयी खिलाड़ी अब जिले के नाम से संभाग स्तर पर अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे ।इसी तरह अपने प्रयासों से अपने गांव,क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन करें, आने वाले समय मे आप अवश्य ही ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे सभी को शुभकामनाएं। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन से ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जी एस टेकाम ने सभी खेलकूद प्रतियोगिताओ के सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए बधाई दी। वही 7 अक्टूबर से जबलपुर मे होने वाली संभाग स्तर पर चयनित प्रतिभागी खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कठिन परिश्रम कर सफलता अर्जित करने हेतु बधाइयां दी । जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में विभिन्न आयु वर्ग 14, 17एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों की दौड़, फेक एवं कूद की प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई । तीन दिवसीय जिला स्तर प्रतियोगिताओं से चयनित खिलाड़ी आगामी 7 अक्टूबर 2024 से जबलपुर में होने वाली संभागीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अब अपने खेल प्रतिभा का हुनर दिखलाएंगे ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिले के खिलाड़ी छात्र-छात्राएं या विभिन्न शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर विजेता प्रतिभागी खिलाड़ियों को मंचासीन अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम का मंचीय संचालन शिक्षक सत्येंद्र तिवारी द्वारा किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में पीटीआई सीम राइज किरनापुर हरिश धुवारे ,सुरेंद्र चित्रिव ,पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से विजय बोपचे , सीएम राइस खैरलांजी के पीटीआई राजेंद्र सहारे, सीम राइस रजेगांव से पीटीआई विना चौधरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खारा से पीटीआई आशा सुलाखे ,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारंजा से पीटीआई सिंधु रिनायत, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुमारी कला से पीटीआई प्रकाश श्रीवास्तव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धपेरा मोहगांव से पुरुषोत्तम लिल्हारे एवं कार्यालयिन कार्यों में सहयोग प्रदान करने में गिरधर राहंगडाले, पंकज राहंगडाले,रोहिदास मेश्राम ,राजेश नागपुरे ,मानिक वट्टी, शिवनारायण तेलासे का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

# पानीपत की तर्ज पर दशहरा पर्व की रहेगी धूम

## बालाघाट शहर सहित अनेक स्थानों पर निकाला जाएगा इस वर्ष दशहरा पर चल समारोह

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। पानीपत की तर्ज पर बालाघाट के भी अलग-अलग क्षेत्र और वार्डों में युवाओं द्वारा हनुमान जी महाराज का स्वरूप धारण कर इस वर्ष चल समारोह निकाला जाएगा, जिसमें पहले कुछ ही स्थान पर यह चल समारोह निकाला जाता था, किंतु इस बार जिले के अधिकतर स्थानों पर युवाओं द्वारा हनुमान जी की भक्ति में लीन होकर हनुमान जी महाराज का पाठ कर हनुमान जी का चोला धारण करने के लिए उपवास किया जा रहा है। आपको बता दे की पानीपत की तर्ज पर पहले बालाघाट में हनुमान जी महाराज का स्वरूप धारण कर चल समारोह निकाला जाता था जिसमें हनुमान जी महाराज अपने शीश पर 40 किलो का भारी मुकुट 40 दिन की साधना कर शहर में चल समारोह निकालते थे और विधिवत दशहरे के दिन पूरे विधि विधान के साथ रावण दहन किया जाता था, किंतु धीरे-धीरे पानीपत की तर्ज पर कुछ स्थानों में रावण दहन और चल समारोह निकालने का क्रम बढ़ता ही जा रहा है और इस बार ऐसे बहुत से स्थान है जहां पर युवा सहित छोटे बच्चे भी हनुमान जी की भक्ति में लीन होकर चल समारोह का आयोजन कर रहे हैं और पानीपत की तर्ज पर पानीपत से मुकुट लाकर उसकी पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर 40 दिन की तपस्या के साथ इस बार चल समारोह अपने-अपने क्षेत्र में निकाल रहे हैं जिसे देखकर अब लग रहा है कि धीरे-धीरे बालाघाट के अनेक स्थानों और क्षेत्र में पानीपत की तर्ज पर ही दशहरा पर्व मनाया जा रहा है।



### गायखुरी में भी निकाला जायेगा चल समारोह

शहर के वार्ड नंबर 33 गायखुरी में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी दशहरा पर्व लगातार 23 वर्षों से धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लेकिन 24 वें वर्ष में दशहरा चल समारोह पानीपत की तर्ज पर निकाला जाएगा। जिसके लिये आयोजन समिति मां वैनगंगा दशहरा उत्सव समिति मां कुष्मांडा मंदिर गायखुरी द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। 24 वें हनुमान जी महाराज का स्वरूप धारण करने वाले देवेन्द्र नागवंशी द्वारा 3 अक्टूबर नवरात्रि प्रारंभ से आवासटोली गायखुरी के वृद्धाश्रम में स्थित हनुमान मंदिर में अपनी साधना व पूजा आराधना की जा रही है। 5 अक्टूबर शनिवार को महाराज जी द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ गायखुरी के प्राचीन सिद्धपीठ मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों व युवा जय राम श्रीराम, जय वीर महावीर के जयघोष के साथ महाराज जी के साथ पैदल चल रहे थे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि दशहरा पर्व को लेकर तैयारियां की जा रही है। इस वर्ष हनुमान जी का स्वरूप पानीपत हरियाणा से लाया गया है। इस वर्ष हनुमान जी महाराज का चोला धारण करने का सौभाग्य आवासटोला गायखुरी निवासी देवेन्द्र नागवंशी को प्राप्त हुआ है। 3 अक्टूबर को हनुमान जी के स्वरूप की स्थापना मंदिर में की गई है। 7 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे गायखुरी पंवार मोहल्ला में स्थित प्राचीन सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में हनुमान जी महाराज का चोला चढ़ाया जाएगा व मातारानी को चुनरी अर्पण की जावेगी। 10 अक्टूबर की रात्रि 8 बजे श्री हनुमान जी महाराज के स्वरूप का ट्रायल नगर भ्रमण कर किया जाएगा। 12 अक्टूबर की शाम दशहरा चल समारोह भव्य शोभायात्रा मां कुष्मांडा मंदिर आवासटोला गायखुरी से निकाला जाएगा। जो मंदिर से प्रारंभ होकर गायखुरी चौक होते हुये पंवार गली हनुमान मंदिर पहुंचेगी। जहां हनुमान जी की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा लोधी मोहल्ला से होकर गायखुरी आम्बेडकर चौक, दुर्गा चौक से पॉलीटेक्निक कॉलेज के सामने से होते हुये जागपुर घाट से रावणदहन स्थल आवासटोला वैनगंगा नदी तट पहुंचेगी। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण व माता सीता, भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी की झांकियां सहित अन्य झांकियां शामिल रहेगी। रावण दहन स्थल पर पहुंचकर लंकापति रावण के पुतले की प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण को कांधे पर बैठाकर हनुमान जी व रामभक्तों द्वारा जय राम श्रीराम के जयघोष करते हुये परिक्रमा की जावेगी। तत्पश्चात प्रभु श्रीराम द्वारा अग्निबाण चलाकर रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। वहीं 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम संपन्न होगा। इन सभी कार्यक्रमों में आयोजन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने लोगों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# नियमानुसार होगी जिला अस्पताल के कैंटीन की नीलामी

## किसी निविदाकार के साथ नहीं होगा पक्षपात-डॉ. निलय जैन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा अस्पताल में कैंटीन संचालन को लेकर अभी एक दिन पहले ही लगी निविदा से संबंधित निविदाकारों की एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें कुछ निविदाकारों द्वारा आपत्ति ली गई थी जिस आपत्ति पर सिविल सर्जन द्वारा मीडिया को बताया गया कि जो 200 बेड को लेकर निविदाकारों द्वारा आपत्ति ली गई थी उस पर उन्होंने कलेक्टर से चर्चा कर उस नियम को शिथिल करवा दिया है और जो लंबे समय से एक ही व्यक्ति विशेष को कैंटीन संचालक की बात कही जा रही थी उस पर उन्होंने अपने बयान में कह दिया कि वह अभी कुछ दिन पहले ही सिविल सर्जन बने हैं इसके पहले क्या हुआ और कैसे हुआ इसकी जानकारी उन्हें नहीं है और वह इस बार कैंटीन की निविदा पूरे नियम अनुसार करवा कर ही कैंटीन का टेंडर करवाएंगे। आपको बता दे कि जिला चिकित्सालय बालाघाट में कैंटीन संचालन को लेकर बीते कुछ दिनों विवाद चल रहा था और कुछ निविदाकारों अस्पताल प्रबंधन पर यह आरोप लगा रहे थे कि 2013 से अभी तक जिला चिकित्सालय में संचालित होने वाली कैंटीन का टेंडर नहीं करवाया गया है और एक ही व्यक्ति विशेष को यह टेंडर करवा दिया जाता था, जबकि जिला चिकित्सालय में हर वर्ष कैंटीन संचालन का टेंडर किया जाना चाहिए और निविदा बुलाई जानी चाहिए, जिस पर इस बार जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने निविदा बुलवाई और टेंडर करवाया है किंतु अभी टेंडर खुला ही नहीं था, कि कुछ निविदाकारों द्वारा निविदा को लेकर आपत्ति ली गई जिसमें जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन द्वारा एक बैठक बुलवाकर सभी की आपत्ति ली गई जिसमें सभी निविदाकारों द्वारा एक प्रमुख आपत्ति लगाई गई थी कि जिला चिकित्सालय बालाघाट में जो कैंटीन के संचालन के लिए 200 बेड के अस्पताल का अनुभव प्रमाण पत्र मांगा गया है वह सही नहीं है क्योंकि बालाघाट जिले में कहीं भी 200 बेड का अस्पताल नहीं है तो कैसे निविदा का 200 बेड के अस्पताल में कैंटीन का अनुभव प्रमाण पत्र लेकर आए जिस पर सिविल सर्जन निलय जैन द्वारा 5 अक्टूबर को अपना पक्ष रखते हुए यह क्लियर कर दिया है कि जो 200 बेड के अनुभव प्रमाण पत्र को लेकर जो नियम रखा गया था उसे नियम को उन्होंने जिला कलेक्टर के साथ चर्चा कर शिथिल कर दिया है और जो आरोप लग रहे थे कि 2013 से कैंटीन का टेंडर एक ही व्यक्ति विशेष को दिया जा रहा है इस विषय में उन्हें जानकारी नहीं है क्योंकि वह अभी कुछ ही दिन पहले यह सिविल सर्जन बने हैं और उनके नॉलेज में जैसे ही यह जानकारी आई की कैंटीन का टेंडर नहीं किया गया है तो उन्होंने तुरंत ही कैंटीन की निविदा बुलवाकर टेंडर कर टेंडर करवा रहे हैं और वह यह टेंडर सभी नियमों का पालन करवाकर ही जो नियम अनुसार निविदा दी जानी है उसी को यह टेंडर दिया जाएगा किसी के साथ पक्षपात नहीं किया जाएगा वहीं उन्होंने कुछ लोगों पर उनके चेंबर में आकर बात विवाद करने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की कुछ लोग अनावश्यक ही उनके कक्ष में आकर उनकी अनुपस्थिति में बात विवाद कर रहे थे जो की काफी गलत है।



# मंडी समिति के उड़नदस्ता दल ने की कार्यवाही

## 355 क्विंटल गेंहू का जत्था किया जब्त

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)।संयुक्त संचालक(मंडी) जबलपुर एचआर लारिया द्वारा मंडी क्षेत्र में कृषि उपजों के अवैध व्यापार पर नियंत्रण के लिए निरंतर सघन निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में कृषि उपज मंडी समिति, बालाघाट के फ्लाईंग स्क्वाड के अधिकारियों द्वारा मंडी क्षेत्र से बिना मंडी शुल्क चुकाये परिवहन करने वाले वाहनों की लगातार जांच की जा रही है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को बालाघाट मंडी के भारसाधक अधिकारी गोपाल सोनी, लांजी अनुभाग के एसडीएम प्रदीप कौरव तथा मंडी सचिव मनीष मरावी के मार्गदर्शन में उपमंडी लांजी के उड़नदस्ता दल के अधिकारी सहा. उपनिरीक्षक वासुदेव बढ़ई एवं सहा. उपनिरीक्षक नेलचंद बारबुदे के द्वारा ट्रक क्रमांक एमएच-40-सीएम-8355 में बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध रूप से परिवहन की जा रही 355 क्विंटल कृषि उपज गेंहू का फर्म डीपी एंटरप्राइजेस पारसिया (छिंदवाड़ा) के द्वारा जब्त की गई। वहीं मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) का उल्लंघन करते पाये जाने पर अधिनियम की धारा 19(4) के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की गई। कार्यवाही में फर्म डीपी एंटरप्राइजेस, पारासिया पर नियमानुसार मंडी शुल्क की पांच गुना राशि 54581



रुपये, समझौता शुल्क राशि 5000 रुपये तथा निराश्रित शुल्क राशि 10916 रुपये के साथ कुल 70497 रुपये का दाण्डिक शुल्क वसूल कर शासन के खजाने में जमा किये गये है।

# बालक आश्रम सोनगुड्डा के शिक्षक पर देहशोषण का आरोप

## महिला थाने की पुलिस ने शिक्षक तिलक सिंह मरकाम को लिया हिरासत में

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)।नगर में किराए से रह रही एक महिला ने बालक आश्रम सोनगुड्डा में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक तिलक सिंह मरकाम के विरुद्ध शादी का झांसा देकर देहशोषण करने और शादी न कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाई। इस 31 वर्षीय महिला द्वारा की गई रिपोर्ट पर महिला थाना बालाघाट में शिक्षक तिलकसिंह मरकाम ग्राम लूद थाना रूपझर निवासी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। जानकारी के मुताबिक महिला थाने की पुलिस ने एक शिक्षक को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार इस महिला बहेला थाना क्षेत्र की रहने वाली है। जिसकी शादी 1 में 2012 में हुई थी जिसके पति से एक लड़की है किंतु पति के साथ घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा विवाद होने से 7 वर्ष पहले इस महिला का अपने पति से तलाक हो गया है जो अपनी बेटी को लेकर बालाघाट में किराए से रहती है। वर्ष 2019 में इस महिला की मुलाकात तिलकसिंह मरकाम ग्राम लूद बैहर निवासी से हुई थी। तिलक सिंह मरकाम ने इस महिला को सोनगुड्डा में शिक्षक होना बताया था। तिलक सिंह मरकाम ने इस महिला से शादी करने के लिए बोला था। महिला तिलकसिंह मरकाम से शादी करने तैयार हो गई थी। 15 नवंबर 2020 को तिलकसिंह मरकाम ने इस महिला को अपने साथ सोनगुड्डा लेकर गया। और तिलकसिंह मरकाम ने इस महिला को सोनगुड्डा में शासकीय कमरे अपनी पत्नी की तरह रखा और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाते रहा। यह महिला तिलकसिंह मरकाम के साथ सोनगुड्डा में 2 साल रही। उसके बाद तिलकसिंह मरकाम बी.एड. करने जबलपुर चले गए थे। जिन्होंने इस महिला को बूढ़ी बालाघाट में किराए का कमरा दिला दिए थे। बूढ़ी बालाघाट में तिलक सिंह मरकाम इस महिला के साथ पति-पत्नी की तरह रहने लगे थे और उसने इस महिला के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। तिलकसिंह मरकाम ने इस महिला से कहा था कि मेरी शादी नहीं हुई है। जबकि बाद में महिला को पता चला कि तिलकसिंह मरकाम शादीशुदा है। 6 महीने बाद से ही तिलक सिंह मरकाम शराब पीकर आने आने लगा और इस महिला को गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट करने लगा और शादी करने से इनकार हो गया। 24 सितंबर 2024 के शाम 7 बजे तिलक सिंह मरकाम शराब पीकर महिला के किराए के कमरे आया और शादी नहीं करता कह कर महिला को हाथ बुक्के से मारपीट कर दिया और जान से खत्म करने की धमकी देकर चला गया। शिक्षक तिलकसिंह मरकाम द्वारा शादी करने से मना करने पर 4 अक्टूबर 2024 को यह महिला रिपोर्ट करने महिला थाना बालाघाट पहुंची (महिला महिला पुलिस थाने में शिक्षक तिलक सिंह मरकाम ग्राम लूद निवासी के विरुद्ध धारा 69 115 296 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध अध्यक्ष का विवेचना शुरू की है। जानकारी के मुताबिक महिला थाने की पुलिस ने शिक्षक तिलकसिंह मरकाम को हिरासत में ले लिया है।



# एक ही परिवार के तीन गौवंश तस्कर गिरफ्तार

## तीनों से कसाई खाना पहुंचाये जा रहे 2 गौवंश को किये मुक्त, परिवहन मे प्रयुक्त एक पिकअप भी की गई जप्त

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)।जिले में गौवंश की तस्करी के चलते ग्रामीण पुलिस ने गोंगलई के पास पिकअप से दो बैलों को महाराष्ट्र के कसाई खाना पहुंचा रहे एक ही परिवार के तीन गौ तस्कर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो बैलों को मुक्त किये है। गिरफ्तार तीन गौ तस्कर जिनमे पंकज पिता मूलचंद पिछोड़े 19 वर्ष, राकेश पिता राजेंद्र पिछोडे 18 वर्ष, राजेंद्र पिता भिकचन्द पिछोडे 40 वर्ष तीनों ग्राम पाथरवाड़ा बालाघाट निवासी है। तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। ग्रामीण पुलिस के मुताबिक 5 अक्टूबर को। सुबह विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली की दो व्यक्ति एक पिकअप वाहन क्रमांक MP 50 LA 0409 में दो बैलों को क्रूरता पूर्वक भरकर समनापुर से परिवहन करते हुए किरनापुर होते हुए महाराष्ट्र कत्लखाना ले जा रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गोंगलाई नहर के पास मेन रोड पर दबिश देकर पिकअप को रोके पिकअप की तलाशी लेने पर दो बैल पाए गए। पिकअप में सवार तीन व्यक्ति से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पंकज पिछोड़े राकेश पिछोडे राजेंद्र पिछोडे ग्राम पाथरवाड़ा निवासी बताएं जिनके पास गोवंश को अवैध रूप से परिवहन कर उसे महाराष्ट्र के कसाई खाना लेजा रहे थे। जिनके कब्जे



के परिवहन करने के संबंध में कोई अधिकृत दस्तावेज नहीं थे। तीनों लोग पिकअप में गौवंश दोनों बैलों को मुक्त किया गया और गोवंश को पिकअप में क्रूरता पूर्वक भरकर कसाई खाना ले जाने के आरोप में तीनों लोगों के विरुद्ध अप क्र 260/24 धारा. 4,6,9, म. प्र. गौ वंश अधिनियम, धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 के तहत अपराध दर्ज कर तीनों को इस अपराध में गिरफ्तार किया गया। गोवंश के परिवहन में प्रयुक्त पिकअप को भी जप्त किया गया है जिसकी कीमत 80 हजार रुपए बताई गई है। गिरफ्तार तीनों गो तस्कर को बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा जेल भिजवा दिया गया है। इन गौवंश के तस्करों को पकड़ने में थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक हेमंत शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र भीमटे आरक्षक आशुतोष राजपूत, आरक्षक खिलेंद्र राहंगडाले, आरक्षक शैलेश तेलंग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### भाई ने भाई को मारपीट कर किया घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। नगर के वार्ड नंबर 24 इंग्लिश स्कूल के पास एक युवक को उसके छोटे भाई ने लकड़ी से मारपीट कर दिया। मारपीट में घायल युवक शुभम पिता राजेश माहुले 32 वर्ष वार्ड नंबर 24 बालाघाट निवासी का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभम माहुले किराए का ऑटो चलाता है। वे दो भाई एक बहन है। बहन और छोटे भाई सुनील माहुले की शादी हो चुकी है। सभी लोग अपनी मां शोभ माहुले के साथ में रहते हैं। 4 अक्टूबर की रात की 11.30 बजे जब सभी लोग घर में थे तभी बटवारे की बात को लेकर के सुनील माहुले और शुभम माहुले के बीच विवाद हो गया और सुनील माहुले ने लकड़ी से अपने बड़े भाई शुभम माहुले को मारपीट कर दिया। सर में चोट लगने शुभम माहुले घायल हो गया जिससे 100 डायल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने शुभम माहुले का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी है।

### प्रशासनिक दृष्टि से कलेक्टर ने दो तहसीलदार के बदले प्रभार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना ने प्रशासनिक दृष्टि से दो तहसीलदार के आपस मे प्रभार बदले है वर्तमान में तहसील लालबर्रा में पदस्थ नायब तहसीलदार संजय बारस्कर अब लांजी के नायब तहसीलदार का पदभार ग्रहण करेंगे। वहीं लांजी में पदस्थ नायब तहसीलदार कन्हैयालाल टेकाम अब लालबर्रा में नायब तहसीलदार का पदभार ग्रहण कर प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

### प्रभारी तहसीलदार मार्को होंगे बैहर के अतिरिक्त तहसीलदार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर मृणाल मीना ने प्रशासनिक दृष्टि से तहसीलदारों के कार्यस्थल में परिवर्तन सुनिश्चित किया है। जिसके अनुसार प्रभारी तहसीलदार सहदेव सिंह मार्को जो कि वर्तमान में कलेक्ट्रेड कार्यालय के राहत शाखा में कार्यरत है। उन्हें प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से बैहर के अतिरिक्त तहसीलदार के पद पर पदस्थ किया गया है।


आवश्यकता है
रेडीमेड कपड़ा शोरूम में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है
• सेल्समेन (वेतन + कमीशन)
• पार्किंग गार्ड (आकर्षक वेतनमान)
BMW बालाघाट मेन्स वेयर
गुजरी चौक, डॉ. खान के पास बालाघाट, मो. 7000959540


# दो मोटरसाइकिल आपस में टकराई तीन लोग घायल

## एक घायल जिला अस्पताल रेफर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। कटंगी थाना अंतर्गत सिवनी रोड पर स्थित ग्राम खमरिया के पास दो मोटरसाइकिल आपस में टकराने से तीन लोग घायल हो गए। जिसमें अत्यधिक चोट लगने से घायल व्यक्ति मनोज पिता बाबूलाल सेंदरे 35 साल ग्राम पांढवानी थाना अरी जिला सिवनी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज सेंदरे मजदूरी करता है। 5 अक्टूबर को। 2 बजे मनोज सेंदरे अपने गांव के बस्तीराम वघाडे के साथ मोटरसाइकिल में आरे में धार लगाने के लिए आरा लेकर अपने गांव पांढवानी से कटंगी आ रहे थे। तभी सिवनी रोड ग्राम खमरिया के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल मनोज सेंदरे की मोटर साइकिल से टकरा गई। इस दुर्घटना में मनोज सेंदरे उसका साथी बस्तीराम वघाडे और अन्य मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। तीनों घायल को कटंगी के अस्पताल में भर्ती किया गया जहां से अधिक चोट लगने घायल व्यक्ति मनोज सेंदरे को कटंगी से जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।








स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट